e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 196
बुधवार
19.07.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

सुविचार

जब तक मनुष्य के जीवन में सुख-दुख नही आयेगा, तब तक मनुष्य को ये एहसास कैसे होगा कि जीवन में क्या सही है और क्या गलत।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

रांची का तापमान

अधिकतम 28°
न्युनतम 22°

क्विक न्यूज

केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी का निधन

तिरुअनंतपुरम : केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ओमन चांडी का निधन हो गया। ओमन चांडी के बेटे ने अपने पिता के निधन की पुष्टि की है। बताते चलें कि वह केरल के दो बार मुख्यमंत्री भी रहे हैं। साल 1970 से राज्य विधानसभा में पुथुपल्ली निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है। उनकी की तबीयत 2019 से ठीक नहीं चल रही थी।

मुख्यमंत्री पैदल पहुंचे सचिवालय

शिमला : मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की सादगी एक बार फिर देखने को मिली, जब वह मंगलवार प्रातः 9 बजे अपने सरकारी आवास ओक ओवर से सचिवालय पैदल ही पहुंच गए। इस दौरान न सरकारी गाड़ी और न ही सुरक्षा का कोई बड़ा तामझाम था। रास्ते में मुख्यमंत्री सुक्खू ने आम लोगों से बातचीत की और स्कूल जा रहे बच्चों से पूछा पढ़ाई कैसी चल रही है। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान भी थे। सचिवालय पहुंचने के बाद ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आपदा प्रभावित जिलों के उपायुक्तों से बातचीत की और उनके जिलों में चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों की फीडबैक ली।

झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 28 से

रांची : झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से चार अगस्त तक चलेगा। सदन में बतौर मंत्री बेबी देवी पहली बार मौजूद रहेंगी। बेबी देवी हेमंत सरकार की दूसरी मंत्री हैं जो निर्वाचन से पूर्व मंत्री बनी हैं। जगरनाथ महतो के निधन के बाद उनकी जगह मंत्री बनी बेबी देवी को उत्पाद मंत्री बनाया गया है। मानसून सत्र के दौरान सरकार द्वारा सदन में कई विधेयक लाने की तैयारी की जा रही है। इसमें पिछले दिनों राजभवन से लौटाए गए कुछ विधेयक भी शामिल हैं। 28 जुलाई को सदन की कार्यवाही दिन के 11 बजे से शुरू होगी। पहले दिन की औपचारिकता पूरी होने के बाद सोमवार 31 जुलाई 11 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित रहेगा।

अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट में ऑक्सीजन सिलेंडर ब्लास्ट होने से 3 मजदूरों की मौत

रायपुर : बलौदा बाजार जिले के हिरमी में स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट में ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से 3 मजदूरों की मौत हो गई है जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घटना की पुष्टि एसएसपी दीपक कुमार झा ने की है। सुहेला थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को दोपहर के समय लगभग 3.30 बजे के आसपास फैक्ट्री में काम चल रहा था। प्लांट के लाईन टू में काम चल रहा था। इस दौरान भारी संख्या में मजदूर फैक्ट्री में मौजूद थे। अचानक हिरमी में स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट में धमाका हो गया। हादसे के बाद प्लांट के अंदर अफरा तफरी मच गई। गांव के लोग भी ब्लास्ट की आवाज सुनकर घर से बाहर आ गए। ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से लखेश गायकवा? (24 वर्ष) पिता रामकुमार निवासी-कुथरौद, शत्रुहन लाल वर्मा(27 वर्ष) पिता मनोहर वर्मा निवासी- मुड़पार, उमेश कुमार वर्मा (25 वर्ष) पिता रेवाराम वर्मा, निवासी-सरफोंगा निवासी सरफोंगा की मौत हो गई है। सभी मृतक फैक्ट्री के आसपास के गांव के रहने वाले बताये जा रहे हैं। प्लांट में जिस जगह पर यह हादसा हुआ है।

ट्रक से टकराने के बाद कार में लगी आग, हरिद्वार के चार लोग जिंदा जले

हरिद्वार : सहारनपुर-अंबाला मार्ग पर मंगलवार दोपहर को अंबाला हाईवे पर पुल एक ट्रक ने कार की टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद कार में आग लग गई, जिससे कार सवार चार लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई। सभी मृतक हरिद्वार की उपनगरी ज्वालापुर के निवासी बताए गए हैं। जानकारी के मुताबिक सहारनपुर के अंबाला हाईवे पर पुल के ऊपर एक कार को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। कार में चार लोग सवार थे।

बेंगलुरु में 26 विपक्षी दलों का हुआ महाजुटान, दिल्ली में एनडीए कुनबे से जुटे 38 दल

विपक्षी गठबंधन का नया नाम हुआ इंडिया, बोले खड़गे

पीएम की रेस में नहीं है कांग्रेस

एजेंसी

बेंगलुरु : कर्नाटक के बेंगलुरु में विपक्षी नेताओं की महागठबंधन बैठक संपन्न हो गई. बैठक के बाद विपक्षी नेताओं ने साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें नए गठबंधन के नाम की औपराचिक घोषणा की गई. नया नाम इंडिया रखा गया. कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को कहा कि उनकी बैठक का मकसद देश, लोकतंत्र और संविधान बचाना है.उन्होंने कहा कि सभी नेताओं ने गठबंधन के नाम पर सहमति जतायी है. यूपीए की जगह अब नए गठबंधन का नाम इंडिया होगा. नए गठबंधन पार्टी की अगली बैठक मुंबई में होगी. उन्होंने कहा कि सभी 26 पार्टियों के साथ मिलकर हमने इस गठबंधन को इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस इंडिया नाम दिया है.उन्होंने कहा, हम महाराष्ट्र, मुंबई में फिर मिलने जा रहे हैं. वहां हम समन्वयकों के नाम पर चर्चा करेंगे और उनके नाम का ऐलान करेंगे.

जल्द ही मुंबई बैठक के लिए तारीख की घोषणा की जाएगी. बैठक में कांग्रेस, टीएमसी, जेडीयू, आरजेडी, एनसीपी, सीपीएम, सीपीआई, समाजवादी पार्टी, डीएमके, जेएमएम, आम आदमी पार्टी, शिवसेना (उद्धव गुट), नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी, आरएलडी, आईयूएमएल, केरल कांग्रेस (एम), एमडीएमके, वीसीकेभी, आरएसपी, केरल कांग्रेस (जोसेफ), केएमडीके, अपना दल कमेरावादी, एमएमके, सीपीआईएमएल, एआईएफबी के नेता उपस्थित थे। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कांग्रेस को सत्ता या प्रधानमंत्री पद में कोई दिलचस्पी नहीं है। इस बैठक में हमारा इरादा अपने लिए सत्ता हासिल करना नहीं है। यह हमारे संविधान, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए है।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संयुक्त विपक्ष की बैठक पर कहा कि हर संस्था को विपक्ष के खिलाफ हथियार बनाया जा रहा है। सीबीआई, ईडी और आयकर का नियमित रूप से उपयोग किया जाता है। हमारे नेताओं पर झूठे आपराधिक मामले दर्ज कराए जाते हैं, ताकि वे कानूनी प्रक्रिया में फंस जाएं। हमारे सांसदों को निलंबित करने के लिए संवैधानिक प्राधिकारियों का उपयोग किया जाता है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने विपक्षी दलों के नए गठबंधन के नाम इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) का उल्लेख करते हुए मंगलवार को कहा कि अब लड़ाई इंडिया और नरेन्द्र मोदी के बीच है और यह बताने की जरूरत नहीं है कि जीत किसकी होगी.

समय की कसौटी पर खरा उतरा है सताधारी एनडीए गठबंधन : पीएम

दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में मंगलवार शाम दिल्ली के अशोक होटल में होने वाली एनडीए की बैठक में शामिल होने कई नेता पहुंचे. प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, शिवसेना नेता और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री और अन्नाद्रमुक नेता के पलानीस्वामी और नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने किया.

बैठक से पहले पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र का सत्ताधारी गठबंधन समय की कसौटी पर खरा उतरा है जो राष्ट्रीय प्रगति को आगे बढ़ाना चाहता है और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करना चाहता है. केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी और भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने बैठक स्थल पर पहुंचे भाजपा के साथ-साथ सहयोगी दलों के नेताओं का स्वागत किया. मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की यह पहली ऐसी बैठक है.

यह ऐसे समय में गठबंधन बनाने की अपनी क्षमता को उजागर करने पर सत्तारूढ़ दल के ध्यान को रेखांकित करता है जब विपक्षी दल 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा से मुकाबला करने के लिए एक साथ आ रहे हैं। इससे पूर्व एक कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके चेहरे के पीछे कई चेहरे हैं. ये जातिवाद, भ्रष्टाचार की दुकान खोलकर बैठे हैं. विपक्ष का लक्ष्य सबसे पहले परिवार है.

इनका एक ही एजेंडा परिवार बचाओ है। वे भ्रष्टाचार की गारंटी देते हैं.विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा,ये दल उन्हीं कामों को प्राथमिकता देते थे, जिसमें इनका खुद का भला हो, इनके परिवार का भला हो. नतीजा ये हुआ कि हमारे आदिवासी क्षेत्रों और द्वीपों की जनता विकास से वंचित रही, विकास के लिए तरसती रही.

लंबे समय तक भारत में विकास का दायरा कुछ बड़े शहरों और कुछ क्षेत्रों तक सीमित रहा. कुछ दलों की स्वार्थ भरी राजनीति के कारण विकास का लाभ देश के दूर-दराज वाले इलाकों तक पहुंचा ही नहीं. आजादी के 75 वर्षों में हमारा भारत कहीं से कहीं पहुंच सकता था. हम भारतीयों के सामर्थ्य में कभी कोई कमी नहीं रही है, लेकिन सामान्य भारतीय के इस सामर्थ्य के साथ भ्रष्टाचारी और परिवारवादी पार्टियों ने अन्याय किया.

छह लाख का इनामी नक्सली ने किया सरेंडर

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : चार पुलिसकर्मियों की हत्या में शामिल पांच लाख के इनामी भाकपा माओवादी नक्सली खुदी मुंडा ने मंगलवार को आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में खुदी मुंडा ने विधिवत रूप से रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इस दौरान गुमला एसपी और सीआरपीएफ के अधिकारी भी उपस्थित थे। भरनो प्रखंड के बटकुरी गांव का रहने वाला खुदी मुंडा भाकपा माओवादी संगठन में सब जोनल कमांडर है। उसके पर झारखंड पुलिस ने पांच लाख और एनआईए ने एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। खुदी पर गुमला, सिमडेगा, लातेहार जिला के थानों में 50 केस दर्ज हैं। चैनपुर थाना में हमला, चैनपुर ब्लॉक भवन को उड़ाने व चैनपुर पुलिस पर हमला कर चार पुलिसकर्मियों को मारने की घटना में भी खुदी शामिल रहा है।

खुदी मुंडा पिछले दो वर्ष से पालकोट और सिमडेगा के सीमांत में अपनी गतिविधि चलाता था। पिछले माह दो कमांडर राजेश उरांव और लाजिम के एनकाउंटर में मारे जाने के बाद से ही खुदी ने आत्मसमर्पण कर दिया।संगठन में ऐसे शामिल हुआ खुदी मुंडा सरेंडर के बाद नक्सली खुदी मुंडा ने कहा कि 1996 में अपने चचेरे भाई पूर्व में माओवादी का सक्रिय सदस्य बॉबी मुंडा के लिए सामान पहुंचाने और पुलिस के आवागमन की सूचना देने का कार्य करता था। 1999 में चचेरा भाई के साथ लापुंग थाना क्षेत्र में हथियारों की लूटपाट और कई नक्सली घटनाओं में शामिल रहा। वर्ष 2001 में गिरफ्तार होकर जेल चला गया। जेल में बंद रहने के दौरान उग्रवादी संगठन के कई सदस्यों से जान पहचान हुई। 2005 में जेल से बाहर आने के बाद पारिवारिक विवाद के कारण भाकपा माओवादी के कमांडर मनोज नगेसिया और सिलबेस्तर लकड़ा के संपर्क में आया और दस्ता के साथ रहने लगा। वर्ष 2008 में पालकोट कोलेबिरा सिमडेगा गुमला क्षेत्र का एरिया कमांडर बनाया गया।

पश्चिमी सिंहभूम और लोहरदगा के डीसी को राष्ट्रपति ने दिया भूमि सम्मान

इसमें पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला, दुमका, चतरा, गुमला, गिरिडीह, खूंटी और सिमडेगा शामिल हैं।

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : भूमि संसाधन विभाग के तत्वावधान में नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में मंगलवार को पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल को राष्ट्रपति ने सम्मानित किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल व उनकी टीम को भूमि सम्मान-2023 प्लेटिनम सर्टिफिकेट प्रदान कर भूमि रिकॉर्ड सुधार के लिए संचालित अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। पुरस्कार प्राप्त करने वाली जिले की टीम में अपर उपायुक्त संतोष कुमार सिन्हा एवं जिला भू अर्जन पदाधिकारी एजाज अनवर शामिल थे। सम्मान मिलने के बाद उपायुक्त ने कहा कि यह सम्मान जिले के लिए गर्व की बात है। इसमें पूरी टीम की मेहनत है। इस तरह का सम्मान मिलने से टीम का मनोबल बढ़ता है। उपायुक्त ने इस उपलब्धि का श्रेय सभी कर्मचारियों को दिया। लोहरदगा जिले के डीसी डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण और उप विकास आयुक्त समीरा एस को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भूमि सम्मान अवार्ड से सम्मानित किया है। विज्ञान भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में डीसी और डीडीसी ने यह सम्मान राष्ट्रपति के हाथों प्राप्त किया, जो लोहरदगा के लिए यह गौरव की बात है। राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में पूरे देश के 75 जिलों में लोहरदगा को भी यह सम्मान मिला है।लोहरदगा जिले की ओर से उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त समीरा एस को लैंड डिजिटलाइजेशन में उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सम्मानित किया है। लोहरदगा के साथ झारखंड के नौ जिलों को भी यह सम्मान मिला है।इसमें पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला, दुमका, चतरा, गुमला, गिरिडीह, खूंटी और सिमडेगा शामिल हैं।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कुशल नेतृत्व में सात लाख से अधिक बेटियों के चेहरे पर बिखरी मुस्कान

405.7 करोड़ से अधिक की राशि हुआ भुगतान

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा अक्तूबर 2022 में गिरिडीह में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में राज्य की बेटियों के लिए शुरू की गई सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना बेटियों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर रही है। योजना को लेकर संवेदनशील मुख्यमंत्री के निर्देश पर वित्तीय वर्ष 2022-23 में 07 लाख 29 हजार 632 किशोरियों को योजना से आच्छादित करने में सफलता मिली है। इनमें आठवीं से 12वीं तक की 691770 और 18 से 19 वर्ष की 37862 किशोरियां शामिल हैं। किशोरियों को योजना के तहत 405.7 करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में नौ लाख बेटियों को योजना से जोड़ा जाना है।

बेटियों के सशक्तिकरण में सहायक बन रही सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना

सबसे अधिक गिरिडीह की बेटियां : योजना से सर्वाधिक गिरिडीह की 59024 किशोरियों जुड़ी हैं। इसके बाद रांची की 50954, पलामू की 50814, बोकारो की 41650, पूर्वी सिंहभूम की 41468, हजारीबाग की 40130 और धनबाद की 36870 किशोरियां योजना का लाभ लेने में आगे रहीं।

जिला स्तर पर चल रहा अभियान: राज्य की नौ लाख बेटियों को योजना से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है, ताकि सभी किशोरियों को योजना का लाभ मिल सके। इसके लिए किशोरियों को जरूरी प्रमाण पत्र निर्गत कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि योजना के दायरे में आने वाली सभी पात्र बेटियों को योजना से जोड़ा जाए।



पढ़ाई छूटे नहीं, जागरूकता का हो संचार: सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के जरिए राज्य सरकार बालिका शिक्षा पर जोर दे रही है ताकि आर्थिक तंगी की वजह से उनकी पढ़ाई ना छूटे। बेटियां शिक्षित होंगी तो बाल विवाह प्रथा पर विराम लगेगा और बेटियां अपने जीवन के संबंध में स्वतंत्र निर्णय लेने में सक्षम भी होंगी।

आठ माह में 7 लाख 29 हजार 632 किशोरियों को मिला योजना का लाभ

किन किशोरियों को मिल रहा लाभ: राज्य सरकार योजना के तहत किशोरियों को शिक्षा से जोड़ते हुए उनमें आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास में कर रही है। योजना के तहत आठवीं और नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली किशोरियों को 2500-2500 दे रही है। इसके अतिरिक्त 10वीं, 11वीं और 12वीं की किशोरियों को 5000-5000 हजार रुपए की राशि मिल रही है। 18 से 19 आयु की बेटियों को एकमुश्त 20000 रुपए देने का प्रावधान है। इस तरह किशोरियों को पढ़ाई के क्रम में कुल 40,000 रूपए मिल रहा है।

श्रीलंका के राष्ट्रपति 21 जुलाई को आएंगे भारत

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे 21 जुलाई को आधिकारिक यात्रा पर भारत आएंगे। वर्तमान जिम्मेदारियां संभालने के बाद से यह राष्ट्रपति विक्रमसिंघे की पहली भारत यात्रा होगी। अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति विक्रमसिंघे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। वे प्रधान मंत्री और अन्य भारतीय गण्यमान्य व्यक्तियों के साथ आपसी हित के कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार श्रीलंका भारत की नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी और विजन सागर में एक महत्वपूर्ण भागीदार हैं। यह यात्रा दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही दोस्ती को मजबूत करेगी और सभी क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ाने और पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग के रास्ते तलाशेगी।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
पलामू/गढ़वा
रांची, बुधवार, 19 जुलाई 2023 | पेज 2

लूटपाट करने के आरोप में तीन युवक गिरफ्तार, भेजे गए न्यायिक हिरासत में

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : पिछ्ले महीने चौबीस जुन को पाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत बंका नदी पुल से पहले ग्राम - बरवाडीह के आस-पास तीन अज्ञात अपराधियों द्वारा संजय कुमार दूबे उम्र 50 वर्ष पिता - सुरेश दूबे, सा0- सुदना, थाना - शहर, पलामू से 03 मोबाईल, 01 स्कूटी, 01 बैग एवं 38,000/रु0 कैश लूट लेने के अभियोग में पाटन थाना कांड सं0- 104/23 दिनांक - 25.06.2023 धारा - 394 भा0द0वि0 के अंतर्गत दर्ज कराया गया था। कांड अनुसंधान एवं आसूचना के क्रम में तकनिकी सहयोग तथा सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनु0 पुलिस पदाधिकारी ऋषभ गर्ग, सदर, पलामू के नेतृत्व में 17 जुलाई को टीम गठित कर उक्त कांड का उद्भेदन करते हुए कांड में संलिप्त राहुल कुमार उम्र करीब 19 वर्ष पिता विनोद राम, सा0- कोल्हुआ, थाना नावाजयपुर, सरोज कुमार उर्फ सुरज उम्र 18 वर्ष करीब पिता - उमेश मोची सा0- करर कला, थाना- पाटन एवं आनन्द कुमार उम्र करीब 18 वर्ष पिता - छबि पासवान, सा0- किशुनपुर, थाना- पाटन, सभी जिला - पलामू को गिरफ्तार किया गया है तथा अभियुक्तों के निशानदेही पर कांड में लूटी गयी 01 स्कुटी, 03 मोबाईल एवं 01 बैग को बरामद किया गया है। साथ हीं लूट कांड में प्रयुक्त एक देशी कट्टा तथा इस्तेमाल किया गया स्पलेंडर मोटरसाईकिल को जब किया गया है। अग्रेतर कार्रवाई के लिए तीनों अभियुक्तों को आज न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। इन लोगों के पास से कांड में लूटा गया एक ब्लू रंग का टी0भी0एस0 जुपीटर स्कूटी, कांड में लूटा गया एक एप्पल आईफोन, कांड में लूटा गया एक सैमसंग कम्पनी एंड्रॉयड स्मार्ट मोबाईल, कांड में लूटा गया एक सैमसंग कम्पनी का कीपैड मोबाईल फोन, कांड में लूटा गया 01 काला रंग का बैग (जिसमें गला हुआ एलआईसी0 संबंधित कागजात), लूट में प्रयुक्त किया गया एक देशी कट्टा लूट में प्रयुक्त किया गया एक स्पलेंडर बाईक। छापामारी दल में निम्न पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी शामिल थे। थाना प्रभारी पु0अ0नि0 गुलशन गौरव, पु0अ0नि0 रॉबिन्स कुमार , स0अ0नि0 कुमार निरज, किशुनपुर ओ0पी0 ,थाना सशस्त्र बल के हवलदार एवं आरक्षी शामिल थे।

जिले के कई थाना प्रभारीयों को दिया गया आईआरएडी ऐप का प्रशिक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : समाहरणालय स्थित एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में मंगलवार को आईआरएडी ऐप का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहर थाना, सदर थाना, चैनपुर थाना, हुसैनाबाद थाना, पांकी थाना, नावाबाजार थाना, एवं नावा जयपुर थाना के थाना प्रभारी के साथ सीसीटीएनएस ऑपरेटर को आईआरएडी ऐप का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के आंरभ में जिला सुचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, रणवीर सिंह के द्वारा आईआरएडी के महत्व के बारे में बतया गया की कैसे आईआरएडी ऐप के द्वारा एकत्र की गई जानकारी का विश्लेषण आईआईटी मद्रास करती है एवं इन जानकारियों के अनुसार ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर वहाँ क्या क्या सुरक्षा के उपाय किये जा सकते है। उन्हें मोर्थ के द्वारा लागू कराया जाता है। डीआरएम अंजली के द्वारा आईआरएडी एप्लीकेशन पर कैसे दुर्घटनाओं को प्रविष्ठ करना है, की जानकारी दी गई। बताया गया की आईआरएडी ऐप पर दुर्घटनाओं से सम्बंधित विस्तृत जानकारी एकत्र की जाती है एवं ऐप के माध्यम से ही ऑनलाइन एमवीआई एवं रोड एजेंसी से दुर्घटना सम्बंधित रिपोर्ट की मांग की जाती है। सभी विभगों द्वारा आईआरएडी पर डाटा प्रविष्ठ करने की अवधी 30 दिन है। डाटा को 30 दिनों के अंदर ही डाला जाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी 19, 20 एवं 21 जुलाई 2023 को अन्य थानों को भी प्रशिक्षण दिया जाना है। अंत में थानों में लंबित दुर्घटनाओं की समीक्षा की गई।

मतदान केंद्र संख्या 225 से 269 तक के बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 225 से 269 तक कुल 45 मतदान केंद्रों के बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने सभी बीएलओ को आगामी 21 जुलाई से 21 अगस्त तक डोर टू डोर जाकर बीएलओ रजिस्टर के माध्यम से मतदाताओं का सत्यापन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के घर पर स्टीकर चिपकाते हुये अगले भ्रमण की तिथि भी अंकित करेंगे.उन्होंने कहा कि आपके कार्यो का पर्यवेक्षण बीएलओ पर्यवेक्षक द्वारा किया जायेगा. इस दौरान सभी योग्य नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल करने हेतु फॉर्म 6 प्राप्त करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कंप्यूटर ऑपरेटर मुखलाल उरांव, बीएलओ पर्यवेक्षक प्रशांत कुमार, उत्तम रंजन, बिरेन्द्र कुमार सिंह, अमन केशरी, सीमा कुमारी, बीएलओ बबीता कुमारी, सुनीता देवी, सुशीला गोस्वामी, अनुराधा देवी, राबिया बानो, बबिता पासवान सहित सभी बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

सीएचसी के चिकित्सक डॉ. अरविंद कुमार बने निक्षय मित्र

हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता): राष्ट्रीय यक्ष्माा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रखंड क्षेत्र में टीबी के स्तर को खत्म करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरगंज के चिकित्सक डॉ0 अरविंद कुमार निक्षय मित्र बनकर मंगलवार को पिपरा प्रखंड क्षेत्र के तेंदुई गांव निवासी टीबी के मरीज रिंकी कुमारी को गोद लेकर उसे आहार कीट प्रदान किया। साथ ही उन्होंने अगले छह माह तक उक्त मरीज को पोषण कीट देने का संकल्प लिया। मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान की संकल्पना को साकार करने के लिए अधिकारियों के साथ ही क्षेत्र के आर्थिक रूप से संपन्न लोग, सामाजिक कार्यकर्ता तथा जनप्रतिनिधियों से निःस्वार्थ भाव से निक्षय मित्र बनकर पीड़ित को मदद करने की अपील की तभी टीबी हारेगा और देश जीतेगा। उन्होंने बताया कि टीबी के उपचार में दवाई के साथ पीड़ित को पोषण संबंधी मदद की भी अधिक आवश्यकता होती है। मालूम हो कि इसके पहले सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 राजेश कुमार तथा बीपीएम संजय कुमार सिंह ने भी निक्षय मित्र बनकर क्षेत्र के एक -एक टीबी मरीज को गोद लिया है।

मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

खरौंधी : थाना परिसर में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक बिडिओ सह सीओ गणेश महतो की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में दोनों समुदाय के दर्जनों लोग मौजूद थे। मोहर्रम पर्व शांतिपूर्वक मनाने लेकर दोनों पक्षों से अपना अपना राय लिया गया। इस बीच दोनों पक्षों के लोगों ने कहा कि खरौंधी थाना क्षेत्र में मोहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाता है। इसमें किसी भी समुदाय के द्वारा कोई भेदभाव नहीं किया जाता है। बल्कि इस पर्व में दोनों समुदाय के लोग भाग लेकर शांतिपूर्ण पर्व संपन्न हो इसके लिए अपना अपना भूमिका निभाते हैं। थाना प्रभारी अभय कुमार के द्वारा उपस्थित दोनो समुदाय के लोगों से पूछा गया कि जूलूस रुट पूछा। उन्होंने दिए गए रूट के अतिरिक्त कई संवेदन जगहों पर पुलिस बल की तैनाती की भी मांग किया गया। जिसमें थाना प्रभारी अभय कुमार ने पूरे थाना क्षेत्र में पुलिस बल के द्वारा गस्ती लगाने का एवं वैसे जगहों पर पुलिस बल तैनात करने का आश्वासन दिया। मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो ने कहा दोनों समुदाय के लोग भाईचारे के बीच त्योहारों को मनाएं और एक मिशाल कायम करें। जिससे अन्य लोगों को पता चल सके कि खरौंधी के लोग एक दूसरे से मिलकर कोई भी पर्व त्यौहार मनाते हैं।इस मौके पर उपप्रमुख देवदत प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र यादव, उपेंद्र दास, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, संध्या कर विश्वकर्मा, कृष्णा प्रसाद, रामनाथ बैठा, बिगू अंसारी, शमशाद अंसारी, उपेंद्र भारती, मुखिया राम गहन मेहता, सतीश भूईया आदि लोग उपस्थित थे।

प्रखंड स्तर पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं : ईरफान अंसारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

पांडू, पलामू : पांडू प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में संचालित योजना में हो रहे गड़बड़ी, भ्रष्टाचार, बढ़ती घूसखोरी आदि को लेकर जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष एंव जेएमएम नेता सह पूर्व जिप सदस्य पांडू अनिल चंद्रवंशी ने मंगलवार के दिन अपने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी पांडू राहुल उरांव को ज्ञापन सौंपा है. ज्ञापन में अंचल कर्मियों द्वारा दाखिल खारिज एवं जमीन ऑनलाइन करने का रिपोर्ट जिला भेजने में देरी करना, जन्म, मृत्यु, जाति और स्थानीय, आय आदि प्रमाण पत्रों में देरी करना, मनरेगा योजना में बढ़ती घूसखोरी,भीमराव अंबेडकर आवास योजना की रिपोर्ट आदि की मांग की है. ज्ञापन सौंपने के पश्चात प्रखंड अध्यक्ष ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन -जन तक पहुंचाना हम सबकी भागीदारी है। किसी भी परिस्थिति में प्रखंड स्तर पर भ्रष्टाचार नहीं होने दिया जाएगा. जरूरत पड़ी तो पांडू प्रखंड में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार को लिखा जाएगा एवं जोरदार तरीके से विरोध किया जाएगा। वहीं जेएमएम नेता सह पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल चंद्रवंशी ने कहा कि पांडू प्रखंड कार्यालय में आए दिन अवैध वसूली, की बात सामने आती है, पांडू प्रखंड के लोग बढ़ती घूसखोरी से त्रस्त हैं. इससे सरकार की भी छवि धूमिल हो रही है. समय रहते अगर इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा एवं सभी घूसखोर अधिकारियों के नाम को सरकार तक पहुंचाया जाएगा। मौके पर जयराम पासवान, विनोद साव, जगदीस राम, अनिल कुमार राम, सफीक अंसारी, के साथ अन्य लोग शामिल रहे।

5 सूत्री मांगों को लेकर विश्रामपुर प्रखंड स्वयंसेवक जाएगा अनिश्चितकालीन धरना पर

विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक की प्रदेश स्तरीय कमेटी के आदेशानुसार बिश्रामपुर में पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों की सेवा स्थाई (नियमित) करने, स्वयंसेवकों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि को हटाकर उचित मानदेय दिए जाने, पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक का समायोजन करने, वर्तमान सरकार में स्वयंसेवक से काम नहीं लिया जा रहा है, उन सभी को काम दिए जाने सहित कुल पांच मांगों को लेकर 19 जुलाई से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन का आह्वान किया है। इसे लेकर बिश्रामपुर प्रखंड स्वयंसेवक संघ के प्रताप कुमार एवं विवेकानंद सिंह के नेतृत्व में स्वयंसेवकों बिश्रामपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम पर एक ज्ञापन सौंपकर जानकारी दी। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय महागठबंधन के सभी दलों ने चुनावी घोषणा में यह वादा किया था कि झारखंड में जितने भी संविदा कर्मी हैं, चाहे वह पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक के सदस्य हों या रोजगार सेवक हों या पारा टीचर हों, कृषक मित्र, उर्जा मित्र, रसोईया, संयोजिका हों या फिर किसी भी विभाग में कंप्यूटर ऑपरेटर हों सभी लोगों को स्थाई किया जाएगा, पर अब झारखंड के सभी संविदा कर्मी और युवा ठगा महसूस कर रहे हैं। मौके पर प्रताप कुमार, राकेश पांडेय, किशोर कुमार, कमलेश चौधरी, बसंत कुमार, अजीत चौधरी, नीरज उपाध्याय, संतोष पाल, मंजू कुमारी, लालू यादव, एस कुमार यादव, विक्रांत कुमार, रिंकू कुमार, रंजन यादव, उषा कुमारी, शहनाज परवीन, राजीव चौबे,आदि उपस्थित थे।

मंदिर समिति द्वारा अंग वस्त्र देकर किया गया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : बांकी नदी के तट पर अवस्थित पंचमुखी शिव मंदिर में प्रत्येक दिन शाम 7 बजे भगवान शिव की आरती होता है। उक्त आशय की जानकारी देते हुये मंदिर समिति के अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया अजय प्रसाद ने बताया कि सोमवार को विशेष आरती का आयोजन होता है। सोमवार को आरती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ता नित्यानंद चौबे सपरिवार तथा हिंदुस्तान लिवर एजेंसी के अजय प्रसाद द्वारा आरती किया गया। मंदिर समिति द्वारा अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। आरती कार्यक्रम में मंदिर समिति के अध्यक्ष अजय प्रसाद, बिरेन्द्र कमलापुरी, हृदयानंद कमलापुरी, संतोष कमलापुरी, शुभम कुमार, आनन्द प्रकाश, राहुल जायसवाल, प्रमोद कुमार, श्रवण कुमार, उमाशंकर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित थे।

डंडई में सौहार्द से मुहर्रम मनाने का निर्णय

प्रभात मंत्र संवाददाता

डंडई, गढवा : डंडई प्रखंड सभागार में थाना प्रभारी शाहबाज अंसारी की अध्यक्षता में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें मोहर्रम पर्व आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में दोनों समुदाय के लोगों ने अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखा। इस मौके पर थाना प्रभारी शाबाज अंसारी ने कहा की पर्व को देखते हुए पुलिस प्रशासन की गश्त बढ़ाई जाएगी,असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जायेगी। वहीं उन्होंने लाइसेंस व गैर लाइसेंस वाले कमेटी को जुलूस के दिन शांति पूर्ण पर्व मनाने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि पर्व के दिन किसी भी अफवाह से बचे यदि क्षेत्र में किसी तरह की अफवाह सुनने को मिलती है तो इसकी सूचना तत्काल थाना पुलिस को दें, जिसपर अविलंब कार्यवाइ की जाएगी। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव ने कहा कि मुहर्रम पर्व में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। शांतिपूर्ण जुलूस निकालें,और कोई भी नया नियम को नहीं अपनाएं। प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं।

जमीनी विवाद मामलो के साथ मिलकर निकाले समाधान : एसडीपीओ

प्रभात मंत्र संवाददाता

चैनपुर (पलामू) : चैनपुर थाना क्षेत्र के पूर्वडीहा चेड़ाबार मे जमीनी विवाद को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता अमलेश्वर कुमार दुबे के भाई मनोज कुमार दुबे, दिनेश कुमार दुबे, अखिलेश्वर दुबे एवं भतीजा आयुष कुमार दुबे को गंभीर रूप से मारकर हमलावर पक्ष के लोगो ने किया था घायल। जानकारी के अनुसार उनके जमीन में आरोपी पक्ष के प्रेमन सिंह, तारकेश्वर सिंह, सुरेश सिंह, कौलेश्वर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, कन्हाई सिंह, गोपाल सिंह, मनोहर सिंह ट्रैक्टर से जोताई कर रहे थे जिसके बाद पीड़ित पक्ष के द्वारा रोके जाने पर आरोपी पक्ष के लोगो ने तीर धनुष, गड़ासा और लाठी डंडे से उनपर जानलेवा हमला कर दिया जिसमें पीड़ित पक्ष के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे । वहीं घटना के बाद आनन फानन में उन्हें MMCH अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज चल रहा था । इस घटना की सूचना चैनपुर थाना को दे दी गई थी ।वहीं पीड़ित आज एसडीपीओ ऋषभ गर्ग से मिलने उनके कार्यालय आए हैं पीड़ित पक्ष ने कहा यह जमीन हमारा पुश्तैनी है जिसमें हमारा कब्जा है हमारा स्कूल उसी जमीन में बना हुआ है खेती-बाड़ी हम करते हैं बस इनको पता नहीं कहां से क्या होता है और यह बार-बार हमें परेशान करने आ जाते हैं । थाना प्रभारी ने जब वहां जाकर उनसे कागजात मांगे तो कुछ नहीं था वहां हमारी जीत हुई तो हर जगह हमारी जीत हो रही है इस वजह से व्याकुल होकर के हम पर जान मारने की धमकी दे रहे हैं ।

कुदाल से मारकर हत्या का प्रयास दामाद सहित अन्य पर प्राथमिकी

चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता): चैनपुर थाना क्षेत्र के महुगावा गांव के सतनारायण चौरसिया ने थाना में आवेदन देकर दामाद सहित उसके परिजनों पर हत्या के प्रयास की प्राथमिक दर्ज करायी है। आवेदन में कहा है कि आरोपियों ने हत्या की नीयत से कुदाल से मारकर घायल कर दिया। इस मामले में शक्ति चौरसिया, पिता नंदू चौरसिया, बंसी महतो, समधी के तीन भाई बबलू चौरसिया, सुरेश चौरसिया,मनोज चौरसिया आदि के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। उन्होंने बताया की वह बड़े भाई कुंडल प्रसाद चौरसिया के साथ अपनी बेटी के ससुराल भैरवा गांव गए थे। वहां बेटी और दामाद के मामले को लेकर दोनो परिवारों के बीच बात विचार कर समझौता होना था। इसी बीच दामाद शक्ति चौरसिया व उनके पिता व परिवार के अन्य सदस्यों ने मेरे और मेरे भाई के ऊपर कुदाल,डंडा,टांगी से हमला कर दिया। जिससे मेरा सिर फट गया। भाई को भी गंभीर चोट आयी। आसपास के लोगो की मदद से जान बचाने में सफल रहा। उन्होंने बताया कि बेटी के ससुराल वाले हमेशा उसके साथ मारपीट और प्रताड़ित करते रहते हैं। चैनपुर थाना प्रभारी रूपेश कुमार दूबे ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

मुहर्रम पर्व को लेकर नगर उंटारी में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : नगर उंटारी थाना परिसर में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी की अध्यक्षता में किया गया बैठक में दोनों समुदाय के दर्जनों लोग मौजूद थे। मोहर्रम पर्व शांतिपूर्वक मनाये जाने को लेकर दोनों पक्षों से अपना अपना राय दिया। इस बीच दोनों पक्षों के लोगों ने कहा कि थाना क्षेत्र में मोहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाता है।यह परंपरा जारी रहे इसकी व्यवस्था किया जाना चाहिए। इसमें किसी भी समुदाय के द्वारा कोई भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए है। बल्कि इस पर्व में दोनों समुदाय के लोग भाग लेकर शांतिपूर्ण पर्व संपन्न हो इसके लिए सभी को अपना अपना भूमिका निभाना है।इसके अलावा थाना प्रभारी नीतीश कुमार के द्वारा दोनो समुदाय के उपस्थित लोगों से राय लिया गया।उपस्थित लोगों ने मुहर्रम का त्योहार आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने निर्णय लिया। मुस्लिम समुदाय के सभी सदर से पूछा गया कि जूलूस का अपना अपना रुट जानकारी लिया गया। जिसमें थाना प्रभारी पूरे थाना क्षेत्र में पुलिस बल के द्वारा गस्ती लगाने का एवं वैसे सभी संवेदनशील जगहों पर पुलिस बल तैनात करने का आश्वासन दिया।एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी ने कहा कि त्योहार चाहे किसी भी समुदाय का हो मिलजुल कर सौहादपूर्ण तरीके से मनाना चाहिए। त्योहार के दौरान किसी को भी किसी भी प्रकार की सूचना मिले तो पुलिस को इसकी जानकारी दे। अफवाहों से बचने का प्रयास करे। किसी भी प्रकार का झूठा अफवाह या फिर प्रचार करने पर संबंधित के ऊपर कड़ी से कड़ी करवाई किया जाएगा।उन्होंने कहा कि पुलिस आपकी सेवा के लिए तत्पर है। मौके पर अंचलाधिकारी अरुण मुंडा, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शैलेश चौबे, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, पुअनि अक्षय कुमार सिंह, चंद्रदेव कुमार, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, सदर तौहिद खान, झामुमो नेता अमरनाथ पांडेय,अमर राम, मुखिया उषा देवी, मुखिया मनोज ठाकुर, सिविस्टयानी केरकेट्टा, मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र प्रसाद, राजकुमार राम, भगवान राम, मुहर्रम इंतजामिया कमेटी सदर मुराद खान, खजांची लालबाबू खान, पूर्व सदर कलाम खान, मनोज मिश्रा नुरमोजशन सहित अन्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन पुअनि राहुल कुमार ने किया।

कांग्रेसी नेता मणिभूषण पांडेय का आमरण अनशन दूसरे दिन भी रहा जारी

➲नप के सहायक नगर आयुक्त पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए सोमवार से बैठे हैं अनशन पर

प्रभात मंत्र संवाददाता

विश्रामपुर : कांग्रेसी नेता सह युवा समाजसेवी मणिभूषण पांडेय का आमरण अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा। इस बीच उन्हे ग्रामीणों का व्यापक समर्थन भी मिल रहा है.यहां बताते चलें कि बिश्रामपुर नप के सहायक नगर आयुक्त मो प्रवेज पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए मणि भूषण पांडेय सोमवार से ही वार्ड तीन के गोदरमा गांव के एक निर्माणाधीन सड़क किनारे आमरण अनशन पर बैठे हैं। मणिभूषण पांडेय का कहना है कि नगर परिषद द्वारा गोदरमा छठ घाट तक जाने वाले कच्चे सड़क का पक्कीकरण कार्य कराया जा रहा था.जिसे कतिपय लोगों के कहने मात्र पर मो प्रवेज ने निर्माण कार्य पर रोक लगा दी.जो कहीं से भी उचित नहीं है। श्री पांडेय ने कहा कि छठ घाट का रास्ता कब्रिस्तान के चहारदीवारी के बगल से गुजरता है.रास्ते का मापी अंचल अमीन द्वारा कराया जा चुका है। इसके अलावा दोनो पक्ष के सहमति के बाद निर्माण कार्य शुरू हुआ था.लेकिन दूसरे गांव के कुछ लोगो के झूठे बातों को मानते हुए सहायक नगर आयुक्त ने निर्माण कार्य रोक दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि एक धर्म विशेष को खुश करने के लिए मो प्रवेज ने यह गैर संवैधानिक कार्य किया है। जबकि उच्च पद पर आसीन व्यक्ति को पक्षपात नहीं करना चाहिए। उनके इस फैसले से सामाजिक समरसता बिगड़ने का खतरा है। मणिभूषण पांडेय ने कहा कि जब तक सड़क का निर्माण कार्य फिर से शुरू नही होगा तब तक आमरण अनशन जारी रहेगा, चाहे इसमें मेरी जान ही क्यों न चली जाए। मौके पर रामाशीष ठाकुर, संजय पांडेय, विवेक पांडेय, विकाश पांडेय, वेदव्यास पांडेय, नितेश पांडेय, सोनू पांडेय, रवि कुमार मेहता, देवाशीष राम सहित कई लोग मौजूद थे।

स्वयं सहायता समूह की 100 महिलाओं को दिया गया बतख चूजा

चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता): चैनपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत स्वयं सहायता समूह की 100 महिलाओं के बीच बतख चूजा का वितरण किया गया। इसमें प्रत्येक महिला को 15ङ्क15 चूजे दिये गए। वितरण कार्यकर्म में बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन कुमार दुबे ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के विकाश तथा आय स्त्रोत बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इसी के तहत प्रत्येक महिला को 15 चूजा का वितरण किया जा रहा है। इससे महिलाएं अपनी आय बढ़ा सकेंगी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी गिरवर मिंज, जिला पशुपालन पदाधिकारी विद्यासागर सिंह, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी दीनबंधु गुप्ता, सदर पदाधिकारी डॉ विलियम लकड़ा सहित कई लोग मौजूद थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

लाइट हाउस प्रोजेक्ट के 14 लाभुकों का आवंटन रद्द

रांची : रांची नगर निगम ने मंगलवार को लाइट हाउस प्रोजेक्ट के 14 लाभुकों का आवंटन रद्द कर दिया है। नगर निगम का कहना है कि इन लाभुकों ने पहली किश्त के बाद कोई राशि जमा नहीं की है। आवंटन रद्द करने की सूचना नगर निगम के सहायक प्रशासक की ओर से जारी की गयी है। जिन लोगों का आवंटन रद्द हुआ है, उनमें रेणु देवी सिंघानिया, जीतेंद्र कुमार, सचिव कुमार, सोनी कुमारी, मुन्ना महली, रूबी देवी, सुप्रिया देवी, जशो देवी, राम बरन सिंह, दीपक तिवारी, बीना देवी, शशिकांत दास, संतोष दीक्षित और अमरेश कुमार झा के नाम हैं। निगम ने इन आवंटियों को आपत्ति दर्ज कराने के लिए 22 जुलाई तक का समय दिया है।

सेल रांची में दो कार्यपालक निदेशकों ने पदभार ग्रहण किया

रांची। सेल रांची में दो नए कार्यपालक निदेशकों ने पदभार ग्रहण किया। श्रवण कुमार वर्मा ने कार्यपालक निदेशक (सी.ई.टी) के पद पर ज्वाइन किया तथा वेदप्रकाश ने कार्यपालक निदेशक (डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन) के पद का पदभार लिया। आर.डी.सी.आई.एस के कार्यपालक निदेशक संदीप कर परसों पदभार ग्रहण करेंगे।वर्मा सी.ई.टी. में मुख्य महाप्रबंधक(परियोजना), बोकारो के पद पर थे। वेदप्रकाश मुख्य महाप्रबंधक(सी.आर.एम - 3), बोकारो इस्पात संयंत्र के पद पर थे तथा श्री संदीप कर मुख्य महाप्रबंधक (क्वालिटी), भिलाई इस्पात संयंत्र के पद पर हैं। सीईटी के कार्यपालक निदेशक जगदीश अरोरा ने वर्मा का तथा वेदप्रकाश का एस.जे. जाचक, मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। वेदप्रकाश ने आरडीसीआईएस के कार्यपालक प्रभारी निर्विक बनर्जी से औपचारिक मुलाकात की। सेल के सभी कर्मियों ने नए निदेशकों को बधईयाँ दीं।

झारखंड में शत-प्रतिशत वोटिंग का लक्ष्य, तैयारियों में जुटा चुनाव आयोग

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओर से आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारियों को प्रशिक्षित कर अर्बन क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के तौर तरीके बताए जा रहे हैं। झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय सभागार में तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के जरिए चुनाव आयोग राज्यभर में 800 मास्टर ट्रेनर तैयार कर रहा है, जो जिला स्तर पर अधीनस्थ कर्मियों को प्रशिक्षित कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कोशिश करेंगे।

लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान झारखंड की सभी 14 सीटों पर शत प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने तय किया है। इसके लिए वैसे शहरों और उसमें पड़ने वाले मतदान केंद्रों को चिन्हित किया गया है, जहां पिछले चुनावों में मतदान का प्रतिशत काफी कम रहा है। आंकड़ों के मुताबिक झारखंड में मतदान औसतन 66 फीसदी होते रहे हैं जबकि पश्चिम बंगाल में इसका प्रतिशत 80 तक पहुंच चुका है। ऐसे में झारखंड के लिए यह एक बड़ी चुनौती है कि चुनाव के दरम्यान मतदान प्रतिशत किस तरह से बढ़ाया जाए। छत्तीसगढ़ से आए दो विशेषज्ञ झारखंड के 800 ऐसे पदाधिकारियों को मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार करने में जुटे हैं।

आमतौर पर यह कहा जाता है कि पढ़े-लिखे और शहरी क्षेत्र के मतदाता मतदान के प्रति जागरूक होते हैं लेकिन इसके ठीक विपरीत झारखंड के शहरी इलाकों में देखा जाता है। राजधानी रांची सहित राज्य के सभी प्रमुख शहरों में पिछले चुनाव में मतदान का प्रतिशत काफी कम रहा है। आंकड़ों के मुताबिक रांची, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो जैसे शहर में मतदान के दिन पढ़े-लिखे और शिक्षित जो पॉश इलाकों में रहने वाले लोग मतदान करने नहीं पहुंचते। ऐसे में इन शहरों में मतदान का प्रतिशत 50 तक पहुंचना भी मुश्किल हो जाता है।

चुनाव आयोग ने इन शहरों के ऐसे मतदान केंद्रों को चिन्हित करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यापक तैयारी की है, जिसके तहत 18 वर्ष पूरा करने वाले युवा मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के प्रति जागरूक करने और अपने घर के सदस्यों को मतदान केंद्र तक ले जाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश पर राज्यभर में विशेष कार्यक्रम चलाए जाएंगे, जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान हो सके।

झारखंड से नाराज मानसून, सामान्य से 41 प्रतिशत कम वर्षा, रांची के तीनों डैम निहार रहे आसमान को

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : इस साल लगता है मानसून झारखंड से नाराज है। देश का अधिकांश हिस्सा पानी-पानी है और राज्य की प्यास भी नहीं बुझ सकी है। मौसम विज्ञान विभाग केंद्र के अनुसार इस मानसून में अब तक राज्य में सामान्य से 41 प्रतिशत कम बारिश हुई है। राजधानी रांची में तो 44 प्रतिशत कम बारिश रिकॉर्ड की गई है। झारखंड के लिए जुलाई का अब तक का समय मानसूनी वर्षा के लिहाज से और ज्यादा खराब रहा। इस अवधि में सामान्य से 75 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। यही हाल रहा तो रांची के तीनों डैम का दम फूलने लगेगा।

मानसून की बेवफाई का असर राजधानी के हटिया डैम, कांके डैम और रुक्का डैम के जलस्तर पर पड़ा है। पिछले साल मानसून के अंतिम क्षण में हुई अच्छी बारिश से एकत्र पानी की वजह से अभी तक स्थिति चिंताजनक तो नहीं हुई है पर आसन्न संकट का संकेत दे रही है। अगर मानसून रूठा रहा तो पानी की किल्लत से रांचीवासियों को जूझना पड़ सकता है।

रांची के सबसे बड़े क्षेत्र को पेयजल आपूर्ति करने वाले रुक्का डैम में हांफने लगा है। इसमें पेयजल के लिए इस्तेमाल करने लायक सिर्फ तीन फीट पानी बचा है। पेयजल आपूर्ति विभाग के अधिकारी राधेश्याम रवि ने बताया कि रुक्का डैम में इस्तेमाल करने लायक पानी समुद्रतल से 1914 फीट तक का है। अभी जलस्तर 1917 फीट है। यानी इस्तेमाल करने लायक सिर्फ तीन फीट पानी शेष है। यह अगले कुछ महीने के लिए पर्याप्त है। रुक्का डैम से शहरी आबादी को हर दिन 180 एमएलडी पानी की आपूर्ति की जाती है। राजधानी के हटिया डैम में भी पानी सामान्य जलस्तर की अपेक्षा तीन से चार फीट कम है। पिछले वर्ष मानसून की मेहरबानी से अभी इसमें 26 फीट पानी है। इस डैम से प्रतिदिन काफी सीमित एरिया में जलापूर्ति (08-10 एमएलडी) की जाती है। कांके डैम में भी सिर्फ 15 फीट पानी बचा है। समुद्र तल से अभी जलस्तर 2115 फीट है, जबकि इस समय तक 2120 फीट तक जलस्तर रहना चाहिए था। हर दिन 20 एमएलडी पानी सप्लाई करने वाले इस डैम में अभी सामान्य से पांच फीट कम पानी है।

ईडी न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल से 26 को करेगी पूछताछ

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल को ईडी ने मंगलवार को फिर से समन जारी किया है। समन जारी कर ईडी ने विष्णु अग्रवाल को 26 जुलाई को पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय बुलाया है। इससे पूर्व ईडी ने सोमवार को भी पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन किसी कारणवश वह नहीं पहुंच सके थे। इसके बाद ही ईडी ने मंगलवार को नया समन जारी किया है। ईडी विष्णु अग्रवाल से रांची में हुए विभिन्न जमीन घोटाले मामले के अलावा पूर्व डीसी छवि रंजन से उनके रिश्ते समेत कई अन्य सवालों के जवाब पाने की तैयारी में है। सेना की जमीन घोटाला मामले में अब तक ईडी एक आईएएस छवि रंजन, राजस्व कर्मचारी और कई जमीन दलालों को सलाखों के पीछे भेज चुकी है।

सीबीआई की कहा, तारा शाहदेव को धोखे में रखकर की गई शादी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रांची सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मंगलवार को तारा शाहदेव से जुड़े केस की सुनवाई हुई। इस दौरान सीबीआई की ओर से बहस की गयी। सीबीआई के वरीय लोक अभियोजक ने कोर्ट को बताया कि तारा शाहदेव को धोखे में रखकर शादी की गयी। कहा गया कि शादी के बाद निकाह पढ़ाकर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला गया। इतना ही नहीं इस केस के दूसरे अभियुक्त मुश्ताक अहमद ने तारा को शारीरिक संबंध बनाने के लिए प्रताड़ित भी किया। सीबीआई की बहस के बाद अब अगली सुनवाई के लिए 20 जुलाई की तिथि निर्धारित की गयी है। रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल के साथ हाई कोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद व कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रही हैं। आरोपितों के खिलाफ कोर्ट ने दो जुलाई, 2018 को आरोप गठित किया था। सीबीआई ने इस केस को वर्ष 2015 में टेक ओवर किया था।

राजनीतिक दलों को ऑनलाइन देना होगा वार्षिक वित्तीय रिपोर्ट

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : अब राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग को ऑनलाइन वित्तीय लेखा-जोखा उपलब्ध कराना होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने ऑनलाइन लेखा-जोखा की शुरुआत चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 से शुरू की है। भारत निर्वाचन आयोग के इस निर्णय के बाद झारखंड मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने सभी क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पार्टी को पत्र भेजकर ससमय रिपोर्ट आयोग को देने को कहा है। पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों के वित्तीय लेखा जोखा को वार्षिक ऑडिट अकाउंट रिपोर्ट के माध्यम से जमा करने को कहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार की ओर से जारी पत्र के अनुसार जो राजनीतिक दल ऑनलाइन मोड में वित्तीय रिपोर्ट दाखिल नहीं करना चाहते हैं, उन्हें लिखित रूप में इसकी वजह बतानी होगी। इसके अलावा आयोग के द्वारा निर्धारित प्रारूप में सीडी या पेन ड्राइव के साथ हार्ड कॉपी प्रारूप में रिपोर्ट भी दाखिल कर सकते हैं।भारत निर्वाचन आयोग राजनीतिक दलों के द्वारा वित्तीय डिटेल ऑनलाइन दाखिल नहीं करने की वजह को सार्वजनिक करने का काम करेगी।

मारवाड़ी युवा मंच महिला समर्पण शाखा ने की गौ सेवा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड प्रांत स्थापना दिवस के अवसर पर 15 जुलाई से 22 जुलाई तक 8 दिवसीय कार्यक्रम शुरू किया किया गया , जिसके अन्तर्गत18 जुलाई को, हमारे प्रांतीय अध्यक्ष श्री प्रवीण जैन छबरा जी के सम्मान में गौ सेवा जागरूकता कार्यक्रम सुनिश्चित की गई हैं। शाखा द्वारा हमारे पूर्व प्रांतिय अध्यक्ष के सम्मान में गौ सेवा का कार्य 18 जुलाई को हरमू गौशाला में शाम 5 बजे किया गया इनके दान दाता है। श्वेता भाला , दीपिका मोतिका , सरिता बथवाल , कविता सोमानी , पुजा अग्रवाल ,रेखा रायका ,निकिता जालान ,ममता बोरा , पुजा लोहिया , सोनल शर्मा , इश्मिता अग्रवाल । गौ सेवा प्रभारी आशा संथोलिया एवं दीपिका मोतिका ने सारी तैयारियाँ की । गो माता के लिए कुटी घास गुड सब्ज़ियां चोकर आदि की वेवस्था की गई । इसके अलावा हमारे पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्री विनय अग्रवाल जी के सम्मान में हम कन्या भ्रूण संरक्षण से संबंधित कार्यक्रम नागर मल मोदी सेवा सदन में किया गया । वहाँ नवजात कन्या एवं उनकी मताओ के लिए समान कपड़े वागेरह दिये गये। इस अवसर पर अध्यक्ष श्वेता भाला गो सेवा प्रभारी आशा संतोलीय दीपिका मोतिका संयोजिका डोली बंसल कन्या भ्रूण संयोजिका ममता टीब्रेवाल मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल कविता सोमानी पुजा अग्रवाल रितु पोद्दार आशा संथोलिया स्मिता अग्रवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित थी।

रांची-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन का टाइम टेबल जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड की राजधानी रांची से पटना के लिए वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत कुछ दिन पहले की गई है। अब लोगों के लिए इस ट्रेन को लेकर एक और बड़ी खुशखबरी है। अब रांची से हावड़ा के लिए वंदे भारत ट्रेन बहुत जल्द चलने वाली है। इसकी समय सारणी और रूट भी तय हो चुका है। वंदे भारत ट्रेन रांची से हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस के रूट पर चलेगी। यह रांची से बोकारो, धनबाद और आसनसोल होते हुए हावड़ा जाएगी। पूर्व में रेलवे ने वंदे भारत के लिए जो समय तय किया था उसके मुताबिक, हावड़ा से ट्रेन सुबह आठ बजे रवाना होने वाली थी और धनबाद होते हुए ट्रेन के दोपहर 12.55 बजे रांची पहुंचने का समय निर्धारित था। वापसी में ट्रेन के दोपहर 3.20 बजे रांची से खुल कर रात 8.10 बजे हावड़ा पहुंचने का समय तय हुआ था। रांची से वंदे भारत सुबह 5:20 मिनट पर खुलेगी और दिन में 11:55 मिनट पर हावड़ा पहुंच जाएंगी। वहीं, हावड़ा से दोपहर 3:30 मिनट में खुलेगी और रात 10:10 मिनट पर रांची पहुंच जाएगी। यह ट्रेन रांची से हावड़ा के बीच 6 घंटे 35 मिनट में सफर पूरा करेगी। रांची से हावड़ा पहुंचने के बाद करीब साढ़े तीन घंटा के अंतराल पर इसी ट्रेन से वापसी होगी। रेलवे अधिकारी का कहना है कि वंदे भारत ट्रेन खासकर व्यापारियों के लिए लाभदायक होगी, जो कोलकाता व्यवसाय के लिए जाते हैं। इमरजेंसी का काम कर उसी दिन हावड़ा से लौटा भी जा सकता है। वंदे भारत ट्रेन के जरिए रांची से हावड़ा का सफर महज छह घंटा 35 मिनट में पूरा होगा। हालांकि, किराए के संबंध में अभी विशेष जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, बताया जा रहा है कि अभी स्पेशल ट्रेन के रूप में किराया सामान्य किराए से 30 प्रतिशत ज्यादा था लेकिन स्थाई होने से इस ट्रेन का किराया 30 प्रतिशत कम हो जाएगा। यह साप्ताहिक ट्रेन है।

निजी लाभ के लिए मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही है झारखंड सरकार : प्रदीप सिन्हा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने मंगलवार को झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री और उनके अधिकारियों को मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना का लाभ ले रहे मरीजों को भी झारखंड सरकार की चरमराई व्यवस्था के कारण दर-दर भटकना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि मरीजों को किसी भी तरह का ऑपरेशन कराने में आयुष्मान भारत पूर्ण रूप से उनके माली हालत पर किसी तरह का भार ना पड़े पर ऐसी सोच के साथ तैयार किया गया है। आयुष्मान भारत को राज्य सरकार अपने निजी फायदे के कारण रिम्स में टेंडर के नाम पर मरीजों को दर-दर भटकने पर मजबूर कर रही है। सिन्हा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के मंत्री और राज्य के मुख्यमंत्री इस ओर ध्यान देने के बजाए टेंडर जैसे मामलों में मरीजों को उलझा कर परेशान कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हार्ट और न्यूरो जैसे गंभीर मरीज एक उम्मीद लेकर रिम्स जाते हैं और वहां के अधिकारियों के द्वारा आयुष्मान योजना में टेंडर नहीं होने की बात कह कर लौटा दिया जाता है। उस मरीज को किसी भी तरह की सुविधा की उम्मीद नहीं रहती। झारखंड सरकार इस ओर भी पूर्ण रूप से उदासीन नजर आ रही है।

सीएम ने केरल के पूर्व सीएम ओमान चांडी के निधन पर दुःख जताया

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमान चांडी के निधन पर दुःख जताया है। उन्होंने कहा कि देश ने आज एक प्रगतिशील और जन नेता खो दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

झारखंड में एनडीए की होगी शानदार जीतः सांसद

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रांची सांसद संजय सेठ ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुंगेरीलाल के हसीन सपने देखने बेंगलुरु गये हैं। उन्होंने कहा कि रांची लोकसभा के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा दे रहे पीडीएस डीलरों का करीब 18 माह से कमीशन नहीं मिला है। ऐसे में वे गरीब कैसे जियें। राज्य के वित्त विभाग की ओर से पहले का यूसी नहीं भेजे जाने के कारण केंद्र से मिलने वाली 200 करोड़ की राशि फंस गयी है।

सांसद कार्यालय में मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हेमंत सरकार सच युवाओं को रोजगार देने, बिजली आपूर्ति, किसानों को सहयोग, कानून व्यवस्था और दूसरे सभी मसलों पर अब जनता को जवाब देने की स्थिति में नहीं है। उसकी उल्टी गिनती शुरू है। अगले वर्ष एनडीए चुनावों में झारखंड में शानदार रिजल्ट देगा।

संजय सेठ ने कहा कि पीएम सड़क योजना के लिए वे केंद्र से 216 किमी की स्वीकृति करा कर लाये। इसी वर्ष चार फरवरी को कई सड़क परियोजनाओं का उन्होंने उद्घाटन किया लेकिन शिलान्यास के चार माह बाद भी काम नहीं शुरू हुआ। इसके लिए उन्होंने मुख्य सचिव तक को पत्र लिखा।

संवेदक को ब्लैक लिस्ट करने और काम में देरी करने वालों को कोई काम आवंटन नहीं करने की मांग की।

अब वे केंद्र को ऐसे संवेदक की शिकायत सूची के साथ करेंगे। नाम सार्वजनिक करेंगे। जल जीवन मिशन को फेल करने की साजिश करने का आरोप भी सांसद ने राज्य सरकार पर लगाया। अनगड़ा और कई दूसरी जगहों पर 150 फीट ही बोरिंग कर जलमीनार खड़ा कर दिया गया है। ऐसे में इस योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा।

इंजीनियरिंग के छात्र अभिषेक सहित दो गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। बीते 13 जून 2023 को टाटीसिलवे थाना अंतर्गत बाजार बीड बांग्ला स्थित दवा दुकान पर मोटरसाइकिल पर सवार दो अपराध कर्मी द्वारा रंगदारी के लिए धमकी भरा पत्र देते हुए जानलेवा फायरिंग किया गया था, हालांकि इस फायरिंग में दुकान का स्टाफ बाल-बाल बच गया। वहीं जो पत्र दिया गया था उसमें लिखा हुआ था सुन बे राजू दादा के बगैर दुकान खोला तो खोपड़ी खोल दूंगा? इस धमकी भरे पत्र से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया , लेकिन समय रहते वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया, एक टीम बिहार भी गई और अपने स्तर से छानबीन की, जिसमें पुलिस को सफलता मिली। हथियार सहित तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवकों में राजू कुमार गुप्ता मीना थाना मालसलामी पटना , नवनेहाल निहाल सिंह नेवली विकास सदर थाना और अभिषेक रंजन टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के आदर्श नगर के रहने वाले ये सभी शामिल थे। वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद तीनों बिहार भी भागे थे, लेकिन फिर वहां से वाले दूसरे जगह पर भाग गए, पुलिस अपने स्तर से छानबीन की तब जाकर उसकी गिरफ्तारी हुई। बताया गया कि राजू कुमार और नवनेहाल का अपराधिक इतिहास रहा है। जहां तक अभिषेक की बात है तो वह इंजीनियरिंग की पढ़ाई किया हुआ है,एमसीए थर्ड सेमेस्टर का छात्र रहा और दिल्ली के किसी बड़ी कंपनी में भी काम कर चुका है। इतना ही नहीं जिस मोटरसाइकिल पर सवार होकर घटना को अंजाम दिया था वह भी चोरी की है जिसकी पहचान हो चुकी है। वह एक चिकित्सक की मोटरसाइकिल है। एक अवैध देसी पिस्टल, जिंदा गोली, खोखा गोली, मोबाइल, मोटरसाइकिल इत्यादि बरामद किया गया। मौके पर ग्रामीण एसपी नौशाद आलम मौजूद रहे वहीं घटना के उद्भेदन मुमल राजपुरोहित सहायक पुलिस अधीक्षक मुख्यालय प्रथम, पुलिस निरीक्षक महेंद्र कुमार करमाली थाना प्रभारी टाटीसिलवे, रवि किसकू, पंकज चौधरी , विमलेश कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

पंचायती राज विभाग ने 15वें वित्त आयोग से 650 करोड़ आवंटन के लिए केंद्र को भेजा प्रस्ताव

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : 15वें वित्त आयोग के पहली किस्त के लिए 650 करोड़ की अनुदान राशि प्रस्ताव तैयार कर पंचायती राज विभाग ने भारत सरकार को भेज दिया है। बताया जाता है कि सारी अर्हताएं पूरी करने के बाद ही यह प्रस्ताव भेजा गया है। झारखंड को 15वें वित्त आयोग से इस साल 1309 करोड़ रुपये प्राप्त होने हैं। पंचायती राज विभाग ने इससे संबंधित प्रस्ताव पहले भेजा था लेकिन पूर्व की राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र इत्यादि नहीं होने की वजह से आवंटन लटका हुआ था। अब विभाग ने नये सिरे से प्रस्ताव तैयार करते हुए इसे स्वीकृति के लिए भेजा है। 15वें वित्त आयोग से झारखंड से त्रिस्तरीय ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के लिए राशि आवंटित की जानी है। इस वित्तीय वर्ष के करीब साढ़े तीन माह बीत गये हैं लेकिन अभी तक राशि नहीं मिलने से विकास प्रभावित है। विभाग की ओर से प्रस्ताव भेजे जाने के बाद अब राशि मिलने की संभावना जताई जा रही है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
झारखण्ड
रांची, बुधवार, 19 जुलाई 2023 | पेज 4

आमलोगों की परेशानी का सबब बना है, करकट्टा महावीर चौक से सविमं तक का सड़क

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : करकट्टा महावीर चौक से सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा तक की जर्जर सड़क आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है. उल्लेखनीय है कि काफी दिनों से लगभग 500 मीटर से ज्यादा लंबी यह सड़क जर्जर हो चुकी है.उक्त मार्ग में स्कूल भी हैं, जिसके कारण स्कूली बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. इस रास्ते मोटरसाइकिल,

छोटी-बड़ी गाड़ियां और स्कूल बसे इस रास्ते आना-जाना करते हैं. जर्जर सड़क होने के कारण आये दिनों कई लोग गिर कर घायल हो रहे हैं.इसके अलावा मैनेजर बंगला से बाजारटांड़ की रास्ते, बड़कीटांड़, करकट्टा चौक से खिलानधौड़ा मार्ग एवं रोहिणी मार्ग में जहां-तहां सड़क जर्जर हो गया है.धमधमिया, रोहिणी, खिलानधौड़ा, करकट्टा-विश्रामपुर और मैनेजर बंगला के लोगों को प्रतिदिन इसी रास्ते से आवागमन करना होता है.इस संबंध करकट्टा-विश्रामपुर और खिलानधौड़ा के लोगों ने बताया कि पहले हरेक छोटी-बड़ी समस्याओं पर सीसीएल द्वारा ध्यान दिया जाता था. लोगों ने बताया कि कई वर्षों से इस सड़क का मरम्मतीकरण तक नहीं हुआ है. सीसीएल क्षेत्र में आने के कारण इस सड़क के सुदृढ़ीकरण की जबाबदेही भी सीसीएल प्रबंधन की ही है. ऐसे में धमधमिया से लेकर करकट्टा-विश्रामपुर के लोगों के लिए केडी, खलारी बाजारटांड़ और मैकलुस्कीगंज जाने का यही एक मात्र विकल्प सड़क है. लोगों ने सीसीएल प्रबंधन से तत्काल इस सड़क का मरम्मतीकरण करने का मांग की है.

खलारी पिपरवार क्षेत्र के साप्ताहिक हाटों में सक्रिय हुआ मोबाइल चोरों का गिरोह

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) : पिपरवार और खलारी कोयलांचल क्षेत्र के साप्ताहिक हॉट बाजारो में इन दिनों मोबाइल चोरो का गिरोह सक्रिय हो गए हैं।यही कारण है कि आए दिन कोयलांचल क्षेत्र के साप्ताहिक हाट बाजारों से मोबाइल चोरी होने की शिकायत मिल रही है। मंगलवार को राय बाजार में लगने वाले साप्ताहिक हाट में लोगों ने मोबाइल चोरी करते हुए एक आठ बर्षीय नाबालिग चोर को रंगे हाथों पकड़ लिया।लोगों द्वारा उसके साथ मारपीट तो नहीं की गई लेकिन कई घंटों के अथक प्रयास के बाद भी नाबालिग चोर अपना नाम और पता नहीं बता सका। बताया जा रहा है कि यह गिरोह जिसके एक दो बड़े लड़कों के साथ कई छोटे छोटे बच्चे होते हैं। इन्हीं बच्चों द्वारा लोगों के पाकेट से मोबाइल चोरी कर गिरोह के बड़े लोगों को थमा दिया जाता है। यह गिरोह इतना शातिर है कि लोगों को झांसा देने के लिए बच्चों के हाथ में सब्जी का एक झोला थमा दिया जाता है जिससे लोगों को शक नहीं हो और बच्चा समझ कर लोग उसके साथ मारपीट नहीं कर सके। फिलहाल नाबालिग चोर को लोगों द्वारा पकड़ कर पुछताछ करते हुए खलारी पुलिस को सुचना दे दी गई है।

गणेश स्पोटिंग क्लब के खिलाड़ी प्रदीप ने दो मेडल जीतकर कोयलांचल का नाम किया रोशन

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) : गणेश स्पोटिंग क्लब राय के एथलेटिक्स खिलाड़ी प्रदीप कुमार ने झारखंड स्टेट जुनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप प्रतियोगिता मे दो मेडल प्राप्त कर पिपरवार और खलारी कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन किया है।जानकारी के अनुसार बोकारो के चंदनकीयारी में संपन्न हुए दो दिवसीय झारखंड स्टेट जुनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप प्रतियोगिता मे अंडर 20 बालक वर्ग मे 800 मीटर एवं 1500 मीटर दौड़ मे तीसरा स्थान प्राप्त कर खलारी पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का नाम रौशन किया है।इससे पूर्व प्रदीप कुमार ने राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खेल कूद प्रतियोगिता मे कई बार मेडल जीतकर कोयलांचल क्षेत्र का नाम रौशन कर चुके है।प्रदीप कुमार के इस उपलब्धि पर गणेश स्पोटिंग क्लब राय के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की,साथ ही आगे भी बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र जिला और राज्य का नाम रोशन करने की कामना की है।

पिपरवार पुलिस ने कोयलांचल के कई जगहो पर चलाया वाहन चेकिंग अभियान

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): चतरा पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देश पर पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के कई इलाकों में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।इस वाहन चेकिंग अभियान में दो पहिया वाहनों के कागजात और हेलमेन्ट की जांच की गई।मिली जानकारी के अनुसार पिपरवार थाना क्षेत्र के चिरैयाटांड़ के कांटा घरों के समीप पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया।इस दौरान सैकड़ों दो पहिया वाहनों के कागजात और हेलमेन्ट की जांच की गई।जांच के दौरान बिना हेलमेन्ट के वाहन चालकों को कड़ी फटकार लगाते हुए चेतावनी दी गई। इस संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान के पहले चरण में बिना हेलमेट के वाहन चालकों को कड़ी चेतावनी देकर छोड़ दी जा रही है। लेकिन अगली बार से वाहन चेकिंग अभियान में बिना हेलमेट और बिना कागजात के पकड़े जाने वाले वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने थाना क्षेत्र के सभी लोगों से मोटर अधिनियम एक्ट का पालन करते हुए वाहनों से संबंधित सभी दस्तावेज साथ में रखने और हेलमेट लगाकर वाहन चलाने की अपील की है।

हड़ताल के बाद 70वां दिन जनसेवकों ने प्रखंड कार्यालय में दिया योगदान

खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता): खलारी के जनसेवकों ने 70 वां दिन सोमवार को प्रखंड कार्यालय में योगदान दी है. प्रखंड के सभी जनसेवक जो अपने लंबित 11 सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल में थे विभाग के साथ सफल वार्ता व अपने मांगों के पूरा होने के बाद वापस प्रखंड में योगदान दिया.जनसेवकों के आते ही प्रखंड के रुके हुए कार्यों को शुरू कर दिया गया है. उक्त संबंध की जानकारी जनसेवक आदित्यनाथ झा ने दी. उन्होंने बताया कि कृषि सहित सरकार की अन्य सभी योजनाएं अब पूरी गति से चलेंगे. जनसेवक ना सिर्फ कृषि, बल्कि प्रखंड के लगभग सभी विभाग के पर्यवेक्षक पदों में कार्य करते रहे हैं. इस हड़ताल से जनसेवकों के वापस आने से खलारी प्रखंड कार्यालय में आने से कार्य में तेजी आएगी.बातादें कि विगत 9 मई 2023 से ही सभी जनसेवक हड़ताल में थे. जिससे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभुकों का ई-केवाईसी व लैंड सीडिंग नही हो पाने के कारण किसानों में किस्त का भुगतान नही हो पा रहा था. इसके अलावा झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत भी ई-केवाईसी का कार्य ठप था. खरीफ मौसम में किसानों को कृषि कार्य के लिए कृषि ऋण भी नही मिल पा रहा था.इधर जनसेवक अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में लौट आए हैं तो खासकर किसानों में खुशी आई है.

शपथ पत्र

मैं विनोद मंडल पिता स्वर्गीय जमुना मंडल ग्राम खेदवारा पोस्ट खुरजीयो थाना बिरनी जिला गिरिडीह का निवासी हूं। शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि :-

1.यह कि मेरी उम्र लगभग 41 वर्ष है ।

2.यह कि मेरा आधार कार्ड संख्या2223 8021 0872में एवं बैंक ऑफ इंडिया शाखा द्वारपहरी के खाता संख्या 488918210019699 में मेरा पिता का नाम जमुना मंडल दर्ज है ।

3.यह कि मेरा पिता का अधार कार्ड नं 5004 3852 6764 में एवं बैंक ऑफ इंडिया शाखा द्वारपहरी के खाता सं 488910100006402 में एवं पेन काड सं BJEPM4015K में एवं मृत्यु प्रमाण पत्र पंजीकृत सं D-2022-2000737000010 में मेरे पिता का नाम सुकर मंडल दर्ज है।

4.यह कि मेरे पिता के नाम से बैंक ऑफ इंडिया शाखा द्वारपहरी के फिक्स्ड डिपॉजिट के खाता संख्या 488945110002800 में मेरे पिता का नाम सुकर मंडल दर्ज है।

5.यह कि उपरोक्त लिखित जमुना मंडल उर्फ शुकर मंडल दोनों नामों का एक ही ब्यक्ति थे जो स्वयं मेरे पिता थे। जो दोनों नामों से अपने गांव ग्राम में जाने पहचाने जाते थे उनके सिवाय कोई और अन्य ब्यक्ति नहीं थे।

6.यह की शपथ पत्र में अपने पिता के दोनों नामों की सत्यता की पुष्टि करने हेतु कर रही हूँ ।

मैं विनोद मंडल पिता स्व जमुना मंडल घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त लिखित सभी बातें सही सत्य दुरुस्त है।

युवाओं को कंपनी दे रही है रोजगार का अवसर : आशीष

पिपरवार : श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के बिजनेस हेड आशीष कुमार ने मंगलवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया।इस दौरान उनके साथ झारखंड के रीजनल मैनेजर निकेश कुमार सिन्हा भी मौजूद थे।पिपरवार के बचरा पहुंचने पर कंपनी के स्थानीय लोगों ने बुके देकर उनका जोरदार स्वागत किया। जिसके बाद बचरा स्थित सनी रेसिडेंसी में उन्होंने कंपनी के सेल्स ऑफिसर के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।इस बैठक में कंपनी के उद्देश्य और लक्ष्य के बारे में बताया गया।इस संबंध में उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रत्येक लोगो को बीमा कराना अति आवश्यक है।श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस देश भर में लोगों के स्वास्थ्य बीमा के अलावे बेरोजगार युवाओं को रोजगार का अवसर भी प्रदान कर रही है।कोरोना संक्रमण के बाद से देश के कई राज्यों के जिला से लेकर प्रखंड और पंचायत स्तर पर काफी संख्या में युवा वर्ग कंपनी से जुड़कर रोजगार का अवसर प्राप्त किया है।कंपनी के हित में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को समय-समय पर कंपनी द्वारा पुरस्कृत भी किया जाता है।उन्होंने कहा कि रांची जिला सहित पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में भी कई बेरोजगार कंपनी से जुड़कर रोजगार प्राप्त किया है।पहली बार बचरा पहुंचे बिजनेस हेड आशीष कुमार ने कंपनी के रांची कलस्टर के बचरा ब्रांच मे वित्तीय वर्ष मे हुए बेहतर बिजनेस पर संतोष व्यक्त करते हुए यहां के कर्मियों की जमकर प्रशंसा की।

कुरमी उत्थान समिति ने किया छात्र छात्राओं को सम्मानित

ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता): मंगलवार को कुरमी उत्थान समिति ने मेधा छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन न्यू स्वर्ण रेखा उच्च विद्यालय गुडू में किया गया। सम्मान समारोह में 85 प्रतिशत से ऊपर मैट्रिक, इन्टर के छात्र छत्राओं को हिंदी इंग्लिश शब्दकोष, पेन एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमे प्रखंड में उत्कृष्ट विद्यालयों के 50 बच्चों को सम्मानित किया गया। सबसे ज्यादा अंक न्यू स्वर्णरेखा पब्लिक स्कूल गुडू के रवि कुमार महतो 96.6% आशीष कुमार महतो 96.2% प्रखंड टॉपर रहा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने कहा बच्चे देश के भविष्य और मैट्रिक के बाद अपना भविष्य खुद तय करना रहता है। बच्चे अपने रूचि के अनुसार विषय तय करें।

गेतलसूद कांवरिया संग का जत्था बाबा नगरी देवघर हुए रवाना

अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता): गेतलसूद से कांवरियों का जत्था को बाबा नगरी देवघर रवाना करते हुए मुखिया शांति मुंडा भाजपा के प्रदेश उपाध्याय सत्यदेव मुंडा बीसा उप मुखिया संजय भोगता समाजसेवी देवेंद्र प्रसाद उर्फ़ डबू ने गेतलसूद कावरियां संघ को रवाना किए। जत्था में कांवर पूर्व मुखिया गौरीशंकर मुंडा सुमित बड़ाईक अजय राज प्रदीप उरांव उत्तम महतो सहित अन्य सामिल थे।

हाजी एहसान अंसारी मेमोरियल मेडिकल कैम्प में हुआ निःशुल्क जांच

ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता): मंगलवार को हाजी एहसान अंसारी मेमोरियल ने स्वास्थ्य शिविर की ओर से फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में मेदान्ता हॉस्पिटल एवं सेंटर फॉर साईट के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे मेदान्ता अब्दुर रज्ज़ाक अंसारी मेमोरियल वीवर्स हॉस्पिटल, ईरबा, राँची के डॉ0 गगनजोत कौर (जेनेरल फिजिशियन), डॉ0 निलेश मिश्रा (ओर्थोपेडिक्स), डॉ0 अमुल्या स्वाति (गाईनोकोलोजी), डॉ0 कृष्णा के0 दास (ई0 एन0 टी0 स्पेशलिस्ट), डॉ0 मुकेश कुमार (हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ0 रवि कुमार (डेंटिस्ट) एवं फ्लोरेंस एडवांस डेंटल केयर, ईरबा से डॉ0 नाजनीन कौशर (डेंटिस्ट) तथा सेंटर फॉर साईट आई हॉस्पिटल, राँची से डॉ0 समीर कुमार ने मरीजों का निः शुल्क में ईलाज किया।

छात्रों ने बीडीओ को समस्याओं से कराया अवगत

ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता): मंगलवार को 10+2 के कई छात्रों को जो 12वीं की पढ़ाई कर विद्यालय से निकल चुके हैं। उन छात्रों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ लेने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य पुष्पा कुमारी द्वारा फॉर्म में हस्ताक्षर नहीं करने के कारण सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता के साथ सभी छात्रों ने प्रखंड विकास विकास पदाधिकारी विजय कुमार सोनी से मिलकर समस्या का समाधान करने का गुहार लगाई। जिस पर सीडीपीओ द्वारा सभी छात्रों का फॉर्म सेविका के माध्यम से जमा करने के लिए कहा गया। साथ ही सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता ने वैसे लोग जो प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित है, जिनके पास अपना जमीन ही नहीं है, कुछ जमीन आदिवासी भाइयों से लेकर किसी तरह दो कमरा मे घर बनाकर रह रहे हैं।

कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता): नामकुम प्रखण्ड के सिदरौल पंचायत अन्तर्गत जोड़ा मंदिर के समीप समृद्धि वैंक्यूट हॉल में दिनांक 22/07/2023 दिन शनिवार समय 01 बजे से आजसू पार्टी नामकुम प्रखण्ड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह रखी गई है। इसमे आजसू पार्टी के केन्द्रीय सदस्य पदाधिकारी,जिला पदाधिकारी, प्रखण्ड के पदाधिकारी,पंचायत प्रभारी, ग्राम प्रभारी एवं पार्टी के सभी अनुषंगी इकाई के पदाधिकारी एवं सदस्यों को उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने का कृपा करेंगे।उपरोक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केन्द्रीय अध्यक्ष सह सिल्ली विधायक माननीय श्री सुदेश कुमार महतो जी होंगे। यह जानकारी प्रेस को आजसू के वरिष्ठ नेता जितेंद्र सिंह ने दी।

प्रखंड सभागार में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता): पारस हॉस्पिटल एचईसी रांची के द्वारा प्रखंड के सभागार में मंगलवार को निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर लगाया गया। शिविर में डॉक्टर हर्ष जनरल फिजिशियन के नेतृत्व में छह सदस्यी चिकित्सा टीम के द्वारा प्रखंड के विभिन्न गांव से आए हुए 110लोगों का निशुल्क चिकित्सा जांच किया गया। साथ ही उनका बीपी, शुगर एवं कुछ लोगों का ईसीजी टेस्ट भी किया गया। इसके पूर्व विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा फीता काटकर व शिविर में सबसे पहले विधायक स्वास्थ्य जांच कर शिविर की शुरुआत किया।

जिला परिषद अध्यक्ष ने की समीक्षा बैठक.

इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड में मंगलवार को जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार में समीक्षा बैठक संपन्न हुआ। जिसमें प्रखंड के सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।अध्यक्ष ने एक-एक करके सभी विभागों की समीक्षा की और कहा की सभी पंचायत जनप्रतिनिधियों को आपस में समन्वय बनाकर जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने की आवश्यकता है। जनता के बीच में विकास योजनाओं का घोर अभाव है एवं सभी योजनाओं को समय सीमा पर पूरा करने की कोशिश करें। अध्यक्ष ने कहा कि पलायन हमारे क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या है इसे हम स्थानीय स्तर पर रोजगार देकर रोक सकते हैं।

कार्यालय, जिला परिषद, रॉची
(अभियंत्रण शाखा)

अति अल्पकालीन आमंत्रण सूचना संख्या –05/2023–2024

1. विज्ञापनदाता का नाम : जिला अभियंता जिला परिषद रॉची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : सहायक अभियंता, जिला परिषद रॉची। जिला अभियंता, जिला परिषद, कार्यालय, रॉची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 26.07.2023 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 27.07.2023 को अपराह्न 3:00 बजे तक
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, रॉची।
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 27.07.2023 को अपराह्न 3:30 बजे।
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद, कार्यालय, रॉची।

कार्य का विस्तृत विवरणी : DMFT Fund

क्र०सं०	प्रखण्ड	पंचायत	ग्राम	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र की राशि	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
01	बुण्डु	रेलाडीह	मछुआ टोली	Construction of P.C.C Road machhua Toli From Grudev Machhua House to Charma House	237900.00	4800.00	500.00	तीन माह
02	बुण्डु	रेलाडीह	रेलाडीह	पंचायत रेलाडीह ग्राम रेलाडीह में स्वास्थ्य उपकेन्द्र पी0सी0सी0 पथ का निर्माण।	416300.00	8350.00	750.00	तीन माह
03	बुण्डु	रेलाडीह	रेलाडीह	Construction of Paver Block From House of Durga Singh Munda to Bharwa Singh Munda's House	334970.00	6700.00	750.00	तीन माह
04	बुण्डु	रेलाडीह	रेलाडीह	पंचायत रेलाडीह ग्राम रेलाडीह के मध्य विद्यालय में पेभर ब्लॉक पथ का निर्माण।	201600.00	4050.00	500.00	तीन माह
05	बुण्डु	रेलाडीह	रेलाडीह	पंचायत रेलाडीह ग्राम रेलाडीह में करम पवार के घर से नदी तक पी0सी0सी0 पथ तक निर्माण।	1076200.00	21600.00	2500.00	तीन माह
06	बुण्डु	रेलाडीह	रेलाडीह	Construction of P.C.C Road From Ramesh Manjhi House To N.H.-33	2146400.00	43000.00	5000.00	तीन माह
07	बुढ़मू	ठाकुरगॉव	ठाकुरगॉव	ठाकुरगांव गांव मतवे मुख्य पथ बड़का टोली से ठाकुरगांव बुढ़मू मुख्य पथ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	1611300.00	32500.00	5000.00	तीन माह
08	बुढ़मू	ठाकुरगॉव	ठाकुरगॉव	ग्राम ठाकुरगांव में उमाशंकर राम के घर से विष्णु चौक तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	1526700.00	30600.00	5000.00	तीन माह
09	बुढ़मू	ठाकुरगॉव	गिंजो ठाकुरगॉव	ग्राम–गिंजो ठाकुरगॉव के ग्राम–बाड़े में बाड़े मुख्य पथ से रानीडीह श्मशान घाट तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	2343100.00	46900.00	5000.00	तीन माह
10	बुढ़मू	ओझासाड़म	करम्बा	ग्राम–करम्बा में मुकेश यादव के घर से भुनेश्वर यादव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	2360800.00	47300.00	5000.00	तीन माह
11	बुढ़मू	चकमें	छापर	Construction of P.C.C Road From Chakme Devi Mandap To Main Road At Village Chapar Panchayat Chakme, Block Burmu.	1057700.00	21200.00	2500.00	तीन माह
12	बुढ़मू	चकमें	छापर	Construction of P.C.C Road Tongri Tola To Ichapiri At Village Chapar Panchayat Chakme, Block Burmu.	1748200.00	35000.00	5000.00	तीन माह
13	बुढ़मू	मक्का	ईचापीड़ी	रामकृत यादव के घर से लेकर जितु सिंह के घर पथ निर्माण।	1985900.00	39750.00	5000.00	तीन माह
14	चान्हों	चामा	बलथरवा	इस्लाम नगर कालीचरण रोड से मोक्तार अंसारी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	259500.00	5200.00	750.00	तीन माह

नोटः 1. निविदा की अन्य शर्ते जिला परिषद, कार्यालय, रॉची के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में जिला परिषद, रॉची अन्तर्गत निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेगें।

जिला अभियंता
जिला परिषद रॉची।

PR 302655 Panchayati Raj(23-24)D

Office of the Executive Engineer, Minor Irrigation, Quality Control Division, Ranchi. Water Resources Department

Email: *eeqcdrnc@gmail.com* website: http://jharkhandtenders.gov.in

e- Expression of Interest (EOI)

Inviting Expression of Interest (EOI) for empanelment of only Indigenous Manufacturers of **5HP, 7.5 HP& 10 HP** pumps (AC Surface water Pumps) with all accessories for off-grid stand alone Solar Photovoltaic Water Pumping Systems with 5 years Comprehensive Warranty & Repair and Maintenance through online bidding to provide irrigation in different kinds of Minor Irrigation Schemes under Water Resources Department, Government of Jharkhand.

e-EOI Reference No.WRD/MIQCD/RANCHI-01/2023-24

1.	Name of work	Empanelment of only Indigenous Manufacturers of 1 – 5 HP AC Surface water Pumps 2 – 7.5 HP AC Surface water Pumps 3 – 10 HP AC Surface water Pumps with all accessories for off-grid stand alone Solar Photovoltaic Water Pumping Systems with 5 years Comprehensive Warranty & Repair and Maintenance to provide irrigation in different kinds of Minor Irrigation Schemes under Water Resources Department, Government of Jharkhand.
2.	Date of Publication of EOI on http://jharkhandtenders.gov.in	**03.08.2023 at 2:00PM**
3.	Pre-Bid meeting	**07.08.2023 at 3:00PM** (Office of the Chief Engineer, Minor Irrigation, Abhiyantran Bhawan, Kutchery Road, Ranchi, 834001)
4.	Last date/Time of online submission of bids	**28.08.2023 at 5:00PM**
5.	Time and last date & place for submission of Hard copy	**31.08.2023 at 5:00 PM** in The Office of Executive Engineer Minor Irrigation Quality Control Division , Ranchi Abhiyantran Bhawan, Kutchery Road, 834001) (Performance Guarantee & EoI application Fee should be submitted exclusively in physical form in sealed envelope)
6.	Date and time of opening of bid	**04.09.2023 at 2:00 PM**
7.	EOI application fee	**Rs.10,000/-** only (non-refundable)
8.	Name & address of the office inviting tender	Office of the Executive Engineer, Minor Irrigation, Quality Control Division, Ranchi
9.	Contact No. of Procurement Officer	**9801286765**
10.	Helpline number of e-procurement	**9801286765**

- Manufacturers, as described above desirous for empanelment in the department may take part in **one or two or all three** categories described in the table. Accordingly they have to submit test certificates, EOI application fee and bid security will be the same for all bidders (whether they take part in one or more categories)
- **EOI application fee** of Rs.10,000/-(Rs.Ten thousand only) is to be submitted in the shape of DD of Nationalized Bank in favour of Executive Engineer, Minor Irrigation, Quality Control Division, Ranchi.
- **Bid Security** is to be submitted in the form of current issues of National Saving certificates, Fixed Deposits of a Scheduled Bank (all the above form of earnest money issued within the State of Jharkhand), Bank Draft and Bank Guarantee issued by any Scheduled Bank anywhere in India (Branch located in Jharkhand) of Rs.7,00,000/- (Rs. Seven lakhs only) pledged in favour of the Executive Engineer, Minor Irrigation, Quality Control Division, Ranchi . Bid Security will be returned after the expiry of five years, extendable as and when required from the date of empanelment. The said amount may be forfeited partially or fully for failure to fulfil the terms and conditions of this EOI. The Bank Guarantee should be enforceable. No interest will be accrued on the Bid Security amount.
- In the event of date specified for submission/ opening of bids is declared a holiday, the due date for submission and opening, will be the following working day at the appointed time.
- The department reserves the right to cancel, revise or amend this notice or bid documents fully or partly prior to the last date for submission of offers or on any subsequent date.
- All legal disputes will be entertained within the jurisdiction of Jharkhand High court, Ranchi.
- EOI/Bid Documents, any changes & further details can be seen on website : http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation,
Quality Control Division, Ranchi
Water Resources Department, Jharkhand

PR 302618 (Water Resource) 23-24 (D)

झारखण्ड सरकार
जिला खनन कार्यालय, लातेहार

e-mail- dmo-latehar@jharkhandmail.gov.in

-:: आम सूचना ::-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशानुसार, लातेहार जिलान्तर्गत कोयला खनिज के अवैध परिवहन/भण्डारण संबंधी मामलें में जप्त वाहनों का "The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation and Storage) Rules, 2017 के नियम 11(V) के तहत् राजसात/नीलामी की कार्रवाई हेतु माननीय न्यायालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार में दायर निम्नांकित राजसात वादों में माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में निम्नलिखित राजसात वाहनों का आम नीलामी पुनः दिनांक–25.07.2023 को समय 03:00 बजे अपराहन् में उपायुक्त, लातेहार द्वारा गठित समिति द्वारा जिला समाहरणालय के सभागार कक्ष में सम्पन्न की जायेगी।

नीलामी हेतु निम्न सूचीबद्ध वाहनों के वाहन मालिक या संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त न्यायालय द्वारा पारित राजसात आदेश के विरूद्ध वाहन मालिक द्वारा यदि किसी अपीलीय न्यायालय में अपील दायर किया गया हो अथवा वाहन के नीलामी से आपत्ति हो तो दिनांक–24.07.2023 तक इसकी लिखित सूचना उक्त न्यायालय या जिला खनन कार्यालय, लातेहार में दें, जिससे कि वाहन की नीलामी नहीं की जा सके।

राजसात वाहनों का विवरणी निम्नवत् है –

क्र0 सं0	राजसात वाद संख्या	संबंधित थाना	वाहन निबंधन संख्या	वाहन का प्रकार एवं निमार्ण वर्ष	वाहन का अनुमानित न्यूनतम बाजार मूल्य	सुरक्षित जमा राशि का 10 % प्रतिभूति/ अग्रधन राशि	अभ्युक्ति
1.	40/2023	बालूमाथ	JH01DV-1268	Hywa 2020	21,50,000.00 (एकईस लाख पचास हजार) रूपये मात्र।	2,15,000.00 (दो लाख पन्द्रह हजार) रूपये।	बालूमाथ थानान्तर्गत अमरवाडीह पिकेट में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है।
			JH04R-6852	Hywa 2019	16,50,000.00 (सौलह लाख पचास हजार) रूपये मात्र।	1,65,000.00 (एक लाख पैसठ हजार) रूपये।	
2.	29/2023	बालूमाथ	JH01CJ-7129	Truck 2017	14,50,000.00 (चौदह लाख पचास हजार) रूपये मात्र।	1,45,000.00 (एक लाख पैंचालीस हजार) रूपये।	बालूमाथ थानान्तर्गत अमरवाडीह पिकेट में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है।
3.	35/2023	बालूमाथ	JH01CY-5897	407 Truck 2018	6,00,000.00 (छः लाख) रूपये मात्र।	60,000.00 (साठ हजार) रूपये।	बारियातु थाना परिसर में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है।
4.	03/2023	बालूमाथ	JH13E-3193	Loader 2017	22,00,000.00 (बाईस लाख) रूपये	2,20,000.00 (दो लाख बीस हजार) रूपये	बालूमाथ थानान्तर्गत अमरवाडीह पिकेट में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है।
5.	27/2022	बालूमाथ	JH02AW-7103	Truck	**16,30,000.00 (सोलह लाख तीस हजार) रूपये**	**1,63,000.00 (एक लाख तीरसठ हजार) रूपये**	बालूमाथ थानान्तर्गत मारंगलोईया पिकेट परिसर में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है।
6.	16/2021	बालूमाथ	JH19B-2577	Truck 2017	**15,50,000.00**	**1,55,000.00**	बालूमाथ थानान्तर्गत अमरवाडीह पिकेट परिसर में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है।
7.	02/2023	बालूमाथ काण्ड सं0 (106/22)	JH01AC-6414	Motorcycle 2009	20,000.00 (बीस हजार) रूपये मात्र।	2,000.00 (दो हजार) रूपये।	बालूमाथ थानान्तर्गत वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है।
			JH01R-4796	Motorcycle 2007	10,000.00 (दस हजार) रूपये मात्र।	1,000.00 (एक हजार) रूपये।	
8.	49/2023	बारियातु	JH07L-2507	Tractor Swraj834 XM 2022	**05,20,000.00** (पांच लाख बीस हजार) रूपये मात्र।	**52,000.00** (बावन हजार) रूपये मात्र।	बारियातु थाना परिसर में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है।
9.	50/2023	बालूमाथ	JH01AU-2579	Motorcycle Dream Yuga 2012	**11,000.00** (ग्यारह हजार) रूपये मात्र।	**1,100.00** (एक हजार एक सौ) रूपये मात्र।	बालूमाथ थानान्तर्गत अमरवाडीह पुलिस पिकेट परिसर में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है।
			JH01S-4139	Motorcycle Discover 2007	**5,000.00** (पांच हजार) रूपये मात्र।	**500.00** (पांच सौ) रूपये मात्र।	
			JH01AH-0429	Motorcycle Passion Pro 2010	**10,000.00** (दस हजार) रूपये मात्र।	**1,000.00** (एक हजार) रूपये मात्र।	
			JH02F-2339 Chassis No. DSVBMD27396	Motorcycle Discover 2005	**4,000.00** (चार हजार) रूपये मात्र।	**400.00** (चार सौ) रूपये मात्र।	

उपरोक्त जप्त राजसात वाहन जहाँ एवं जिस स्थिति में है, उसी स्थिति के आधार पर नीलामी/बिक्री हेतु निविदा आंमत्रित की जा रही है। भौतिक रूप से उपलब्ध वाहन की स्थिति या वाहन का कागजात जिस स्थिति में होगा उसी में देय होगा, इसके विरूद्ध किसी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

लोक नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्त आदि के जानकारी के लिए लातेहार जिला के Website: latehar.nic.in पर दिनांक–18.07.2023 से दिनांक–25.07.2023 तक देखा जा सकता है अथवा जिला खनन कार्यालय, लातेहार में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

PR 302591 Mines and Geology (23-24)_D

जिला खनन पदाधिकारी, लातेहार

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
कोल्हान
रांची, बुधवार, 19 जुलाई 2023 | पेज 5

भुरकुंडा में वार्षिक उत्सव व पत्थलगड़ी का स्थापना दिवस 20 जुलाई को

खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता): कुचाई प्रखंड क्षेत्र के मरांगहातु पंचायत अंतर्गत ग्राम सभा मंच भुरकुंडा के द्वारा आगामी 20 जुलाई दिन गुरुवार को सामुदायिक वन संसाधनों की अधिकार के लिए स्थापित पत्थलगड़ी का वार्षिक उत्सव सह स्थापना दिवस परमपारिक रीति रिवाज के साथ मनाया जाएगा है। कार्यक्रम की शुभारंभ सुबह 8:00 बजे पत्थलगड़ी परिसर में विधिवत देऊरी के द्वारा पूजा अर्चना, 12:00 बजे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं आदिवासी परम्पाररिक नाच गान के साथ जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों का स्वागत व सम्मानित कार्यक्रम के साथ विभिन्न आदिवासी नृत्य व नाच गान का भी आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी ग्राम सभा सचिव भरत सिंह मुंडा ने दिया है।

कांड्रा बाजार परिसर में लगाए आम के पौधे

गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): सामाजिक कार्यकर्ता जयहरि प्रमाणिक के नेतृत्व में कांड्रा बाजार परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान बाजार परिसर में दर्जनों आम के पौधे लगाए गए। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक फलदार पौधे लगाने की अपील किया। इस दौरान वृक्षारोपण कर उनकी सुरक्षा के लिए जालियां भी लगाई गई। इस अभियान में बीरू घटवारी, पवन गुप्ता, जाफर अली, संजय गोराई, संतोष रजक, विपिन प्रसाद, छोटे प्रसाद आदि भी शामिल थे।

ब्लीचिंग पाउडर व फॉगिंग मशीन से छिड़काव करने की मांग

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): मां तुझे सलाम संस्था ने जमशेदपुर खासमहल स्थित सिविल सर्जन कार्यालय में मच्छर के प्रकोप को देखते हुए एक ज्ञापन दिया गया, जिसमें कहा गया कि इन दिनों जमशेदपुर में मच्छरों का प्रकोप इतना बढ़ गया है कि इससे लोगों को बीमारियां हो रही है। अतः संस्था को 10 बोरा ब्लीचिंग पाउडर एवं खासमहल, कीताडीह, परसुडीह, करनडीह, आर. ई.ओ ऑफिस, बी.डी.ओ ऑफिस इन क्षेत्रों में फॉगिंग मशीन से छिड़काव करवाया जाए। ज्ञापन देने वाले ने मोहम्मद अजहर खान, सुबोध सिंह सरदार, प्रदीप कुमार ,शकूरना, कानू हेंब्रोम, मुकेश पाल आदि लोग उपस्थित थे।

झामुमो का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज

पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर पटमदा के डाकबंगला भवन परिसर में बुधवार को सुबह 11 बजे से आयोजित की गई है। जिसकी तैयारियां प्रखंड कमेटी के पदाधिकारियों ने मंगलवार शाम तक पूरी कर ली है। जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मंगल कालिंदी मौजूद रहेंगे। टुडू ने बताया कि शिविर में पटमदा प्रखंड के सभी 15 पंचायतों से 20 - 20 कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि बारिश के मौसम होने के कारण मैदान में भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है। इस दौरान मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो, सुभाष कर्मकार, सिजेन हेम्ब्रम, सुजीत महतो समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

आगुईडांगरा में विधायक की पहल पर 24 घंटे में लगा नया ट्रांसफार्मर

पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता): पटमदा प्रखंड के आगुईडांगरा गांव में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के पहल पर दो दिन पूर्व खराब हुए 63 केवीए का ट्रांसफार्मर को बदलकर 24 घंटे के अंदर 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। जिसका उदघाटन मंगलवार को विधायक के आप्त सचिव रायमुल बांडरा ने फीता काटकर किया। विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने बताया कि विधायक के प्रयास से ही दो दिन पूर्व 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर आगुईडांगरा में लगाया गया था लेकिन दो दिन चलने के बाद पुनः खराब हो गई। इस बात की जानकारी ग्रामीणों ने जब विधायक को दी तो उन्होंने विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर 24 घंटे में नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवा दिया। उदघाटन के दौरान विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, दीपक रंजीत, कृष्णा लोहार, संदीप महतो, साधु दास व चरण सिंह समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभूकों के बीच बकरा वितरण

ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड मुख्यालय परिसर में मंगलवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभूकों के बीच बकरा विकास योजना अन्तर्गत कबरा एवं बकरी का वितरण किया गया। प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी डाक्टर समरजीत मंडल,जिप सदस्य जोतीलाल मांझी, बीडीओ किकु महतो के द्वारा पशुपालकों के बीच प्रति लाभूक 4 बकरी व एक बकरा का वितरण किया गया। वहीं प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डाक्टर हरेलाल महतो ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के 6 लाभूकों को 6 बकरा एवं 24 बकरी दिया गया। उन्होंने कहा कि ओर चयनित लाभूकों के बीच बकरा बकरी वितरण किया जाएगा। मुखिया संगीता देवी, लक्ष्मी देवी, पारा पशु चिकित्सक मनोरंजन प्रामाणिक, काशीनाथ लोहरा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

अंतरराष्ट्रीय वीरांगना फाउंडेशन का हुआ गठन, रेणू सिंह अध्यक्ष और इंदु सिंह बनी महामंत्री

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): अंतर्राष्ट्रीय वीरांगना फाउंडेशन की अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री भारती सिंह के नेतृत्व में मानगो इकाई का पूर्ण गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से रेनू सिंह को अध्यक्ष, इंदू सिंह महामंत्री, किरण सिंह उपाध्यक्ष और संगठन सचिव धृति सिंह को बनाया गया। इन सभी पदाधिकारियों को भारती सिंह ने माला पहनाकर बधाई दी गई। मौके पर वीरांगना सदस्य सीमा सिंह, रजनी सिंह, गुड़िया सिंह, चित्रलेखा सिंह, खुशबू सिंह, विनीता सिंह आदि वीरांगना उपस्थित थी।

मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला

सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता): विशेष संक्षिप्त मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के आलोक में 57 खरसावां विधानसभा अंतर्गत सरायकेला अंचल क्षेत्र के बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों को प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय सरायकेला सभागार में अंचल अधिकारी सरायकेला सुरेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में घर-घर सत्यापन से सम्बंधित प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 21 जुलाई से 21अगस्त 2023 तक घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करने के सम्बंध में बिंदुवार जानकारी दी गई।

राष्ट्रपति ने सरायकेला-खरसावां उपायुक्त को भूमि सम्मान 2023 से किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : केंद्र सरकार के भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन सभागार में आयोजित सम्मान समारोह के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सरायकेला-खरसावां के उपायुक्त अरवा राजकमल भूमि सम्मान-2023 प्लेटिनम सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। सरायकेला खरसावां जिले के डीसी को यह सम्मान डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड्स आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) के प्रमुख भागों की परिपूर्णता हासिल करने में उत्कृष्टता दिखाने के लिए मिला।

पुरस्कार प्राप्त करने वाली जिले की टीम में अपर उपायुक्त सुबोध कुमार सिन्हा एवं जिला भू अर्जन पदाधिकारी सरोज तिर्की भी मौजूद रहे। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित 'भूमि सम्मान' 2023 कार्यक्रम में डिजिटलीकरण द्वारा भूमि अभिलेख का प्रभावी उपयोग करने वाले सभी राज्यों की सहारना की और सम्मानित राज्यों को बधाई दी। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि देश के समग्र विकास के लिए ग्रामीण विकास में तेजी लाना आवश्यक है। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए भूमि अभिलेखों का आधुनिकीकरण एक बुनियादी आवश्यकता है क्योंकि अधिकांश ग्रामीण आबादी की आजीविका भूमि संसाधनों पर निर्भर है। ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए एक व्यापक एकीकृत भूमि प्रबंधन प्रणाली अत्यंत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति ने कहा कि डिजिटलीकरण से पारदर्शिता बढ़ती है। भू-अभिलेखों के आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण से देश के विकास पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। भू-अभिलेखों के डिजिटलीकरण और विभिन्न सरकारी विभागों के साथ इसके जुड़ाव से कल्याणकारी योजनाओं के उचित कार्यान्वयन में मदद मिलेगी।

टीपीएसडीआई ने विश्व युवा कौशल दिवस पर 2 लाख छात्रों को प्रशिक्षित किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर, टाटा पावर स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (टीपीएसडीआई) ने बिजली क्षेत्र के लिए अत्यावश्यक और ग्रीन जॉब स्किल्स में 2 लाख छात्रों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित करने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने की गर्वपूर्ण घोषणा की है। अत्याधुनिक कौशल संवर्धन संस्थान, टीपीएसडीआई, कंपनी के सस्टेनेबल इज अटेनेबल मिशन के अनुरूप, नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित नौकरियों पर विशेष ध्यान देने के साथ युवाओं और व्यक्तियों को रोजगार योग्य कौशल के साथ सशक्त बनाने में एक प्रेरक शक्ति रहा है। विश्व युवा कौशल दिवस

प्रतिवर्ष 15 जुलाई को मनाया जाता है। भारत भर में अपने छह प्रशिक्षण केंद्रों के साथ, टीपीएसडीआई ने भारतीय विद्युत क्षेत्र में प्रचलित कौशल के अभाव की महत्वपूर्ण चुनौती को हल करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। टीपीएसडीआई ग्रीन जॉब्स की इस बढ़ती मांग को पहचानता है क्योंकि भारत का लक्ष्य 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन हासिल करना है ।

दयावती मोदी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का दिया परिचय

प्रभात मंत्र संवाददाता

चांडिल : चांडिल शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर उमेश नगर चांडिल प्रखंड स्थित दयावती मोदी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। नेशनल साइंस ओलंपियाड 2022-23 में इस विद्यालय के 207 बच्चों को मैडल और सर्टिफिकेट मिला है। जिसमें 45 बच्चों ने गोल्ड मेडल हासिल किया है। एसओएफ के सात विषय के विभिन्न श्रेणी में कक्षा आठवीं की प्रज्ञा प्रभाव को सोशल साइंस में जोनल स्तर पर गोल्ड मेडल और 5000/- रुपए की छात्रवृत्ति मिली। जबकि कक्षा आठवाँ के गौरव कुमार को जोनल स्तर पर ब्रॉन्ज मेडल और 333/- रूपये की छात्रवृति मिली। शेष सभी विजेताओं को सर्टिफिकेट दिया गया। एस ओ एफ की सारी परीक्षाएं कोऑर्डिनेटर सीनियर शिक्षक सुनीत कुमार डे और उनके सहयोगी शिक्षकों के निर्देशन में संपन्न हुआ। वहीं दूसरी तरफ इंडियन टैलेंट ओलंपियाड 2022-23 मैं भी बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 2 की अदिति रानी महतो को ड्राइंग में स्टेट रैंक 6 के साथ गोल्ड मेडल, ?600/- की छात्रवृत्ति और कक्षा टॉपर बनने का गौरव प्राप्त हुआ। जबकि कक्षा के पूर्व प्रभव मैथ में स्टेट रैंक9 के साथ गोल्ड मेडल रु500/- की छात्रवृति एवं कक्षा टॉपर हुए।

बगैर ग्राम सभा के सौंदर्यीकरण कार्य का ग्रामीणों ने किया विरोध, 21 जुलाई को करेंगे भूख हड़ताल

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : प्रखंड के खुचीडीह विद्यालय परिसर में ग्राम प्रधान सह मांझी बाबा विरधान मांझी की अध्यक्षता में ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिना ग्राम सभा या ग्रामीणों को सूचना दिए बगैर ही स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना के तहत संजय नदी पर गांजिया बराज बांध और कैनल निर्माण किए जाने या सौंदर्यीकरण कार्य किए जाने का विरोध किया गया। इस दौरान आगामी 21 जुलाई को इससे प्रभावित ग्रामीणों द्वारा इसके विरोध में उपायुक्त कार्यालय

के समक्ष एक दिवसीय सामूहिक सांकेतिक भूख हड़ताल करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान सह मांझी बाबा वीरधान मांझी ने बताया कि ग्रामीणों को बिना सूचना दिए या ग्राम सभा किए ही इस तरह के किए जा रहे कार्य को कभी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर उपस्थित आदिवासी मूलवासी भूमि रक्षा मोर्चा के अध्यक्ष सह मुख्य सलाहकार संग्राम मार्डी ने कहा कि सम्बंधित विभाग द्वारा किए जा रहे कार्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. उन्होंने कहा कि विकास कार्य में ग्रामीण बाधक नहीं है, परंतु सौंदर्यीकरण करने के कारण जिन लोगों की रैयती भूमि का नुकसान हुआ है उन सभी की सूची बनाकर क्षतिपूर्ति राशि तय कर भुगतान किया जाना चाहिए। बैठक के बाद इस बाबत एक ज्ञापन उपायुक्त और अनुमंडल पदाधिकारी को भी सौंपा गया। इस मौके पर भागवत बास्के, बाबू राम मांझी, कालीचरण हांसदा, विरधान मांझी, आदि थे।

579 किसानों के धान की बिक्री का बकाया 23 करोड़ रुपये, मुचीराम ने की भुगतान की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : भाजपा के जमशेदपुर महानगर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मुचीराम बाउरी ने मंगलवार को पटमदा बीडीओ अरविंद बेदिया से मिलकर किसानों के बकाये राशि का भुगतान कराने की मांग की। बाउरी ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में किसानों के द्वारा विभिन्न लैम्पसों में जो धान की बिक्री की गई थी उनमें से 579 किसानों को अब तक बकाये राशि का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने मांग किया कि जल्द से जल्द किसानों को भुगतान किया जाय अन्यथा भाजपा किसान मोर्चा इस मुद्दे पर आंदोलन को बाध्य होगी।

बकाया निम्न प्रकार है: पटमदा लैम्पस में 184 किसानों के 9 करोड़ 36 लाख 56 हजार 850 रुपये। बामनी लैम्पस में 104 किसानों के 30 लाख 9 हजार रुपये। बांगुड़दा लैम्पस में 243 किसानों के 13 करोड़

16 लाख 44 रुपये एवं बोड़ाम लैम्पस में 48 किसानों के 14 लाख 4 हजार रुपये बकाया है। भाजपा नेता ने इसके अलावा केंद्र सरकार के द्वारा चलायी जाने वाली पीएम आवास योजना एवं मनरेगा में हर गांव में तीव्र गति से काम कराने की मांग की ताकि उसका लाभ जनता को मिले। इस दौरान उनके साथ सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो, भाजपा के जिला कार्यसमिति सदस्य शरत सिंह सरदार मौजूद थे।

घर में चल रहे अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का पुलिस ने किया भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

चांडिल : चांडिल थाना क्षेत्र के चिल्गू पंचायत काठझोर में सरायकेला खरसावां उत्पाद अधिक्षक अजय कुमार के निर्देश पर अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का दबिश कर खुलासा किया है। काठजोड़ में गुप्त सूचना पर छापेमारी की। एक घर में संचालित मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ। मौके से पुलिस ने दो युवकों को भी गिरफ्तार किया है। जो इस फैक्ट्री में काम करते थे। फैक्ट्री का संचालक अभी फरार है। मौके पर नकली अवैध शराब की 25-30काटून और शराब बनाने वाली स्प्रिट बरामद हुई है। ब्रांडेड कंपनी के शराब का स्टीकर और भारी मात्रा में ढक्कन भी बरामद हुआ है। एवं कई शराब की खाली बोतलें प्रशासन ने नष्ट कर दी। जानकारी के अनुसार करीब चार पांच माह से कठजोड़ में एक फैक्ट्री संचालित थी।मंगलवार को वहां छापेमारी की गई। बता दें की बीते। कुछ दिन पहले ही डीआईजी

के निर्देश पर बिरीगोड़ा में अवैध शराब फैक्ट्री का उदभेदन किया था ।अवैध शराब फैक्ट्री के शराब पीने से आये दिनों हमेशा शराब सेवन से शराबी मरते आ रहा है । और चांडिल थाना क्षेत्र में हमेशा अवैध नकली शराब की फैक्ट्री का उदभेदन होते आ रहा है।

कलश यात्रा के साथ जुगसलाई राजस्थान शिव मंदिर में भागवत कथा का शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : श्रीधाम वृन्दावन से पधारे युवा धर्माचार्य एवं भागवत कथा के परम विद्वान प्रवक्ता गौभक्त डॉ. संजीव कृष्ण ठाकुर जी महाराजश्री के पावन सान्निध्य में पावन पुरूषोत्तम मास के अवसर पर मालीराम घनश्याम दास गढ़वाल एवं समस्त गढ़वाल परिवार (थोई निवासी राजस्थान) द्वारा जुगसलाई एमईस्कूल रोड़ स्थित श्री राजस्थान शिव मंदिर में आयोजित सप्ताह व्यापी श्रीमद् भागवत कथा का मंगलवार की सुबह कलश यात्रा के साथ मंगल श्री गणेश हुआ। विधिविधान से पूजन अर्चना कर कलश यात्रा गढ़वाल निवास राम टेकरी रोड़ से निकली। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं अपने सर पर कलश रखकर यात्रा में शामिल हुई। भागवत की पूजा अर्चना की और पूजन के बाद कलश की स्थापना की गई। कथा के प्रथम दिवस में महात्म्य कथा करते हुए व्यास पीठ से महाराजश्री ने बताया कि प्रभु की कथा जब और जिसे भी मिलती है, किसी कारण से नहीं अपितु प्रभु करुणा के फलस्वरूप ही मिलती है। बड़े सौभाग्यशाली हैं आप सभी जमशेदपुर व अन्य स्थानों से पधारे प्रभु कथा प्रेमी जन जो यह प्रभु कथा की गंगा स्वयं चलकर आपके पास तक आई है। महाराजश्री ने आगे बताया कि सनातन धर्म ही समाधान का धर्म भी है। कथा सुनने मात्र से जीव जन्म और मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है। प्रथम दिन सुबह कलश यात्रा एवं शाम को भागवत कथा में प्रमुख रूप से मालीराम गढ़वाल, घनश्याम दास गढ़वाल, राजेश गढ़वाल, आदि थे।

आदिबासि कुड़मि समाज जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : बिरसानगर में आदिबासि कुड़मि समाज पूर्वी सिंहभूम जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक जिला अध्यक्ष सुधांशु महतो बानुआर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण विन्दुओं पर परिचर्चा की गई, जिसमे 08 अगस्त को शहीद निर्मल महतो शहादत दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन करना, 09 अगस्त को विश्व आदिबासि दिवस पालन करना, सितंबर महीने में छात्र-युवा समावेश का आयोजन करना, भादर महीने में करम परब का भव्य आयोजन करना शामिल रहा। इसके अलावे जिले के अंतर्गत सभी प्रखंडों में जल्द से जल्द प्रखंड

समितियों के गठन और विस्तारीकरण करने का निर्णय लिया गया। अंत में झारखंड प्रदेश अधिवेशन में जिले के नवनिर्वाचित प्रदेश सचिव निवारण महतो को अंगवस्त्र ओढ़ाकर जिला समिति की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया। बैठक का संचालन जिला सचिव प्रकाश महतो एवं धन्यवाद ज्ञापन नगर अध्यक्ष धिरेंद्रनाथ महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय अध्यक्ष प्रसेनजीत महतो, जिला उपाध्यक्ष नमिता महतो व उज्जवल महतो, जिला सदस्य संजय महतो, राजकिशोर महतो, ममता महतो, नेपाल महतो, रंजीत महतो, उदित महतो, बॉबी महतो, आदि थे।

पति-पत्नी को सांप ने डंसा पति की मौत, पत्नी गंभीर

प्रभात मंत्र संवाददाता

आदित्यपुर : आरआईटी थाना अंतर्गत सोमवार की देर रात को पार्वतीपुर गांव में जहरीले सांप ने सोये हुए पति-पत्नी को डंस लिया. इससे पति की मौत हो गई और पत्नी की गंभीर स्थिति है. दोनों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल ले जाया गया है. सुबह इलाज के क्रम में पति बिरंची महतो की मौत हो गई, जबकि पत्नी अंजना महतो की स्थिति नाजुक बनी हुई है. मृतक के पुत्र लखी नारायण महतो ने बताया कि सोमवार देर रात करीब 12:30 बजे जहरीले सांप ने उसके माता-पिता को डंस लिया था. दोनों को गंभीर अवस्था में रात के करीब 1:30 बजे एमजीएम अस्पताल ले गए थे. वहां चिकित्सकों ने बाहर से दवाइयां लाने को कहा. जब तक दवाइयों का प्रबंध करता तब तक काफी देर हो चुकी थी.

टेरी व टाटा स्टील फाउंडेशन ने ग्रीन स्कूल पहल का छठा चरण किया लॉन्च

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी) और टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) ने 17 जुलाई को झारखंड और ओडिशा के परिचालन स्थलों पर ग्रीन स्कूल पहल के छठे चरण की शुरुआत की। लॉन्च की घोषणा पिछले कुछ वर्षों में इस पहल की उपलब्धियों का जश्न मनाने और भविष्य के लिए एक सस्टेनेबल मार्ग प्रशस्त करने के लिए की गई थी। लॉन्च कार्यक्रम में 45 स्कूलों के 869 छात्र 95 शिक्षकों के साथ शामिल हुए। छठे चरण के शुभारंभ का जश्न मनाने के लिए, छात्रों,

शिक्षकों, टेरी और टीएसएफ कर्मचारियों ने मिलकर आज 350 पेड़ लगाए और इस सप्ताह के दौरान विभिन्न स्थानों पर 475 पौधे लगाए जाएंगे। टेरी की महानिदेशक डॉ. धवन ने कहा कि, टाटा समूह के लोकाचार को सस्टेनेबल भविष्य के अपने दृष्टिकोण के साथ जोड़कर, हम संसाधनों के पर्याप्त उपयोग के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए बच्चों में जागरूकता बढ़ा सकते हैं क्योंकि हमारे पास केवल एक ही प्लैनेट है। एक बार जब हम बच्चों को संसाधनों के अत्यधिक उपयोग के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में शिक्षित कर देंगे, तो हमारी कई समस्याओं का कई स्तरों पर समाधान हो जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, टाटा स्टील फाउंडेशन के निदेशक, चाणक्य चौधरी ने कहा कि, मुझे खुशी है कि हम आगे बढ़ रहे हैं और एक ऐसे मुकाम पर पहुंच रहे हैं जिसके लिए हम पिछले 6-7 वर्षों से कड़ी मेहनत कर रहे हैं। अब, हमें कार्यक्रम के परिणामों पर ध्यान केंद्रित करने और यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि काफी स्कूल एक साथ सस्टेनेबिलिटी की राह पर चलने के लिए इस अनुकरणीय मॉडल को अपनाएं।

पांच सूत्री मांगों को लेकर सचिवालय स्वयंसेवक संघ का धरना-प्रदर्शन आज

प्रभात मंत्र संवाददाता

चांडिल : चांडिल प्रखंड कार्यालय में पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों की सेवा स्थाई नियमित करने, स्वयंसेवकों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि को हटाकर उचित मानदेय दिए जाने, पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक का समायोजन करने, वर्तमान सरकार में स्वयंसेवक से काम नहीं लिया जा रहा है, उन सभी को काम दिए जाने सहित कुल पांच मांगों को लेकर 19 जुलाई से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन का आह्वान किया है। इसे लेकर चांडिल प्रखंड पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के अध्यक्ष बुधू माझी,के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने चांडिल प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम पर एक ज्ञापन सौंपकर जानकारी दी। ज्ञापन देने के दौरान मुख्य रूप से मधु सुधन महतो, मलिनदर सिंह मुण्डा, कुन्ती महतो, रमनी देवी ,प्रतिमा महली आदि उपस्थित थे।

संपादकीय

चांद की ओर सफर

'चंद्रयान-3' पृथ्वी की पहली कक्षा पार कर चुका है। अभी वह पृथ्वी के ही चक्कर काटेगा और वहीं से चांद तक का सफर तय करेगा। जिस दिन 'चंद्रयान-3' का सफल प्रक्षेपण किया गया था, तब करोड़ों भारतीयों ने तालियां बजाई थीं। 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' सरीखे उद्घोष गूंज उठे थे। भारत के लिए चंद्रयान, गगनयान आदि मिशन ही महत्त्वपूर्ण नहीं हैं, बल्कि सामान्य उपग्रह भी अर्थपूर्ण हैं। अंतरिक्ष में भारत और इसरो का महत्त्व बढ़ता जा रहा है। अब अमरीका का नासा भी इसरो के साथ साझा मिशन का आगाज करेगा, यह दोनों देशों के बीच समझौता हो चुका है। 'चंद्रयान-3' भारत और विश्व के अंतरिक्ष-इतिहास का एक मील पत्थर साबित हो सकता है। चीन जैसे दुश्मन देश के सरकारी अखबार 'ग्लोबल टाइम्स' तक ने भारत और इसरो को बधाई दी है, बेशक वहां की सत्ता के भीतरी भाव भय और जलन के होंगे! बहरहाल अब आगामी 23 अगस्त तक समूचे भारत और विश्व की निगाहें और शुभकामनाएं 'चंद्रयान-3' पर स्थित होंगी कि वह चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग कैसे करता है। 'चंद्रयान-1' ने जो डाटा उपलब्ध कराया था, उससे चंद्रमा पर जल के साक्ष्य मिले थे। 'चंद्रयान-3' का सफर उससे बहुत आगे का है। यदि लैंडर 'विक्रम' और रोवर 'प्रज्ञान' अपने मिशन में सफल रहे, तो 'चंद्रयान-3' चांद की समूची सतह, पानी के व्यापक कणों, चांद की मिट्टी और रासायनिक तत्त्वों, रोशनी और रेडिएशन आदि का सम्यक अध्ययन कर सकेगा। उससे संभव होगा कि चांद पर इनसानी जिंदगी बसाई जा सकती है अथवा नहीं। भारत को पहले तो गैर-मानव मिशन को सफल साबित करना है। यदि सब कुछ ठीक-ठाक रहा, तो भारत प्रथम देश होगा, जो चांद के दक्षिणी ध्रुव पर नियंत्रित लैंडिंग कर सकेगा। यह क्षेत्र बिल्कुल काला, अंधकारमय है। सूरज की किरणें भी यहां तक नहीं पहुंच पाती हैं, लिहाजा तापमान भी -235 डिग्री सेल्सियस होता है। 'चंद्रयान-3' में ऐसे खास बंदोबस्त किए गए हैं, ताकि मिशन को सौर ऊर्जा मिलती रहे और उसका भंडारण भी किया जा सके। सब कुछ का अध्ययन करने के बाद हमारे इंजीनियरों और वैज्ञानिकों ने 'चंद्रयान-3' को मूर्त रूप दिया है। मिशन का मकसद 'रोवर' को चांद की सतह पर चलते दिखाना भी है। अंतरिक्ष अभियानों और उपग्रहों ने भारत के लिए कई परिवर्तनकारी प्रगतियां हासिल की हैं। संचार, रक्षा, कृषि, नवीकरणीय ऊर्जा, मौसम-जलवायु परिवर्तन आदि क्षेत्रों में हमें बहुत सहायता मिल रही है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, यदि यह मिशन पूरी तरह कामयाब रहा, तो भारत चांद पर अपने सफर का अगला कदम बढ़ाएगा। चांद पर रोवर को उतार कर उसे पृथ्वी पर वापस लाने का प्रयास किया जाएगा। दरअसल अभी यह मिशन एकतरफा है। यह चांद तक पहुंचने का मिशन है। वापसी संभव नहीं है। चांद पर पहुंच कर पृथ्वी पर लौटना इससे ज्यादा महत्त्वपूर्ण है। वैसे 'चंद्रयान-3' के सफल प्रक्षेपण के साथ ही इसरो ने एक और इतिहास रच दिया है। मिशन को भारत के शक्तिशाली रॉकेट एलवीएम-3 से लॉन्च किया गया है। इसकी पेलोड क्षमता 4000 किलोग्राम तक है। भारत का पहला उपग्रह प्रक्षेपण यान-एसएलवी 3-मात्र 40 किलोग्राम पेलोड ही पृथ्वी की निचली कक्षा में ले जाने में सक्षम था। गौरतलब यह है कि अंतरिक्ष में 'गगनयान' के जरिए इनसानों को भेजने और चांद पर अगला मिशन भेजने का रास्ता साफ होगा। 'गगनयान' में तीन अंतरिक्ष यात्रियों को भेजना प्रस्तावित है। कितनी सफलता मिलती है, यह अभी भविष्य के गर्भ में है। अभी तक चांद पर सबसे अधिक मिशन अमरीका और रूस ने भेजे हैं। अमरीका ने छह बार इनसान को चांद पर भेजा और वे सकुशल धरती पर लौट भी आए, लेकिन रूस ने अभी तक इनसान को चांद पर नहीं भेजा है। अलबत्ता उसने कई बार चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग जरूर की है। चीन ने भी 2013 में 'चेंग-3' के जरिए चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग की थी। इस तरह 'चंद्रयान-3' मिशन सफल रहा, तो इस दिशा में भारत विश्व का चौथा देश होगा।

भारत के लिए चंद्रयान, गगनयान आदि मिशन ही महत्त्वपूर्ण नहीं हैं, बल्कि सामान्य उपग्रह भी अर्थपूर्ण हैं। अंतरिक्ष में भारत और इसरो का महत्त्व बढ़ता जा रहा है। अब अमरीका का नासा भी इसरो के साथ साझा मिशन का आगाज करेगा, यह दोनों देशों के बीच समझौता हो चुका है। 'चंद्रयान-3' भारत और विश्व के अंतरिक्ष-इतिहास का एक मील पत्थर साबित हो सकता है। चीन जैसे दुश्मन देश के सरकारी अखबार 'ग्लोबल टाइम्स' तक ने भारत और इसरो को बधाई दी है, बेशक वहां की सत्ता के भीतरी भाव भय और जलन के होंगे! बहरहाल अब आगामी 23 अगस्त तक समूचे भारत और विश्व की निगाहें और शुभकामनाएं 'चंद्रयान-3' पर स्थित होंगी कि वह चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग कैसे करता है। 'चंद्रयान-1' ने जो डाटा उपलब्ध कराया था, उससे चंद्रमा पर जल के साक्ष्य मिले थे। 'चंद्रयान-3' का सफर उससे बहुत आगे का है। यदि लैंडर 'विक्रम' और रोवर 'प्रज्ञान' अपने मिशन में सफल रहे, तो 'चंद्रयान-3' चांद की समूची सतह, पानी के व्यापक कणों, चांद की मिट्टी और रासायनिक तत्त्वों, रोशनी और रेडिएशन आदि का सम्यक अध्ययन कर सकेगा। उससे संभव होगा कि चांद पर इनसानी जिंदगी बसाई जा सकती है अथवा नहीं।

कुछ अलग

स्मार्ट सिटी का तमाशा

इक तिलिस्म है सरकारी खजाने का और कोई लुटेरा हाथ की सफाई से जादूगर बन गया। हिमाचल में सरकारी धन के व्यय और अपव्यय में फर्क करना जब तक जरूरी नहीं होता, जनता अपनी ही रगों को काटकर ताली बजाती रह जाएगी। प्रदेश को जगमगाते देखना हो तो राजधानी के उस कक्ष में जाइए जो सरकार कहलाती है, फिर मालूम होगा कि हर फाइल जादूगर है और हाथ की सफाई से जनता के पैसे को इधर से उधर करती है। जैसे बरसात में डंगे गिरते हैं या यूं कहें कि हम साल भर यह देखते हैं कि अपनी गिरावट किसके माथे पर डालें, उसी तरह हिमाचल की किस्मत की लकीरें पढ़ते-पढ़ते सियासत ने सिर्फ यह सीख लिया कि सत्ता में शाबाशियां और विपक्ष में आरोपों के बीच किस तरह बेच डालें प्रदेश की नीतियों और नालायकियों को। हमारे सामने केंद्रीय योजना-परियोजना के दो मुजरिम हैं। जिक्र स्मार्ट सिटी शिमला का करें या धर्मशाला का करें, एक अवसर को उजाडऩे का शिद्दत से इस्तेमाल हुआ। शिमला डंगों और पिंजरों का शहर हो गया, तो धर्मशाला में स्मार्ट सिटी परियोजना की अस्मत लूट ली गई। इस बीच पिछली सरकार के जादूगर यानी शहरी विकास मंत्री अपना करतब दिखाते हुए, बजट को उड़ाते रहे। आज शिमला की आंखों में जिस परियोजना ने सुरमा डालना था, वह बरसात के आंसुओं में बह रहा है। धर्मशाला की स्थिति आरंभ से ही खराब है। पहले एक मुकाबला यह हुआ कि यह हिमाचल की पहली स्मार्ट सिटी कैसे घोषित हो गया और फिर भाजपा ने इसे मोदी सरकार की मेहरबानियों में देखा तो कांग्रेस ने केंद्र से पूरा बजट न मिलने की शिकायत की। हालांकि शिमला में 2905 करोड़ के प्रस्ताव थे, लेकिन यह घटकर 706 करोड़ तक ही सिमट गया, जबकि धर्मशाला में कुल 2109 करोड़ से परियोजना बनी थी, जो घटकर मात्र 631 करोड़ की रह गई। इस तरह करोड़ों की परियोजनाओं को पहले ही फांसी लगा दी गई, जबकि जिस तरह इस काम को आगे बढ़ाया, उससे केवल धन का दुरुपयोग ही सामने आने लगा है। स्मार्ट रोड की परिकल्पना शहर की बदकिस्मती बन गया, तो अब मामला फुटबाल स्टेडियम की विजिलेंस जांच तक पहुंच गया। स्मार्ट सिटी के ओहदेदार या पिछली सरकार की व्यवस्था ने मिलकर ऐसा कारनामा क्यों किया कि फुटबाल स्टेडियम परियोजना सिर्फ धन के व्यय में मस्त होकर यह भी नहीं जान सकी कि खेलने के अंतरराष्ट्रीय मानदंड भी पूरे होने चाहिए। अब खड्ड के किनारे स्मार्ट सिटी का पैसा फूंक कर तमाशा हो गया। इसी तरह का तमाशा दिखाते हुए स्मार्ट सिटी का पैसा कहीं किसी निगम को दे दिया, तो कहीं विभाग को सौंप दिया गया। एचआरटीसी की वर्कशॉप पर तेरह करोड़ लग गए, लेकिन डिपो इलेक्ट्रिक नहीं हुआ। स्मार्ट सिटी के पंद्रह करोड़ से पंद्रह इलेक्ट्रिक बसें स्मार्ट होकर इतनी आगे बढ़ गईं कि यह स्थानीय परिवहन के बजाय एचआरटीसी के फेल रूटों को ढोने लग पड़ीं। हैरानी यह कि आधुनिक बस स्टॉप के नाम पर करोड़ों के काम हो गए, लेकिन इनमें से कइयों पर आकर बसें ठहरती नहीं या कई पार्किंग स्थल बन गए। सरकारी कामकाज का यह ढर्रा हिमाचल को असफल बनाने का जरिया बन गया है। यहां बरसात कई विभागों के पाप धो जाती है। यहां योजनाओं के ऊपर नई योजनाएं और परियोजनाओं के ऊपर नई परियोजनाएं विराजित हो सकती हैं। हम हमीरपुर में न जाने कितने बाइपास बना कर भी यातायात को सुचारू नहीं बना पाएंगे। हम प्रदेश भर में हजारों डाक बंगले बना कर भी संतुष्ट नहीं होंगे। हमारा वश चले तो सियासत के दम पर केवल भवन बनाएंगे।

सरकार उन वित्तीय संस्थाओं से लाभांश प्राप्त करती है जिसमें सरकार की हिस्सेदारी होती है

रिजर्व बैंक का लाभांश हस्तांतरण लाभप्रद

डा. जयंतीलाल भंडारी

चूंकि देश ने वर्ष 2047 तक विकसित देश बनने का लक्ष्य रखा है, इस लक्ष्य को पाने के लिए आगामी 24 वर्षों तक लगातार करीब 7 से 8 फीसदी की दर से बढऩे के लिए राजकोषीय स्तर को संतोषप्रद बनाए रखना होगा। ऐसे में हम उम्मीद करें कि रिजर्व बैंक के द्वारा वित्त वर्ष 2022-23 के लिए दिया गया लाभांश जहां एक ओर वैश्विक मंदी की चिंताओं के बीच देश के लिए राजकोषीय चुनौतियों के समाधान में अहम भूमिका निभाएगा, वहीं दूसरी ओर भारत को विकसित देश बनाने की डगर पर आगे बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा।

इस समय जब देश का विदेश व्यापार घाटा बढ़ते हुए दिखाई दे रहा है, तब भारतीय रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल के द्वारा 6 फीसदी आकस्मिक निधि (सीएफ) सुरक्षित सुनिश्चित रखते हुए वर्ष 2022-23 के लिए केंद्र सरकार को 87416 करोड़ रुपए का लाभांश हस्तांतरण लाभप्रद दिखाई दे रहा है। इससे इस वित्त वर्ष 2023-24 में राजकोषीय चुनौतियों का मुकाबला करते हुए राजकोष को मजबूती दी जा सकेगी और विकास को बढ़ाया जा सकेगा। गौरतलब है कि यह लाभांश चालू वित्त वर्ष में केंद्र के गैर कर राजस्व में शामिल होगा। ज्ञातव्य है कि चालू वित्त वर्ष के बजट में रिजर्व बैंक, सरकारी बैंकों व विभिन्न वित्तीय संस्थानों से 48000 करोड़ रुपये लाभांश मिलने का अनुमान लगाया गया था, जबकि इस वर्ष अब सिर्फ रिजर्व बैंक के द्वारा सरकार को दिया जा रहा लाभांश सरकार के लक्ष्य से 82 प्रतिशत ज्यादा है। सरकार उन वित्तीय संस्थाओं से लाभांश प्राप्त करती है जिसमें सरकार की हिस्सेदारी होती है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022-23 के लिए हस्तांतरित की जाने वाली लाभांश राशि वित्त वर्ष 2021-22 की तुलना में करीब तिगुनी है। आरबीआई ने केंद्र सरकार को सबसे ज्यादा लाभांश वित्त वर्ष 2018-19 में दिया था, जिसका आकार 175988 करोड़ रुपये था। रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2019-20 में 57128 करोड़ रुपये तथा वित्त वर्ष 2020-21 में 99122 करोड़ रुपये लाभांश के रूप में केंद्र सकार को दिए थे। खास बात यह है कि इस वित्तीय वर्ष में रिजर्व बैंक के लाभांश की वजह से केंद्र का राजकोषीय घाटा 16.99 लाख करोड़ रुपये या सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.6 प्रतिशत रह जाएगा। सरकार ने राजकोषीय घाटा 17.87 लाख करोड़ रुपये यानी जीडीपी का 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। राजकोषीय हिसाब से लाभांश से मिला अतिरिक्त राजस्व जीडीपी का करीब 0.2 प्रतिशत है। इस वर्ष रिजर्व बैंक द्वारा केंद्र सरकार को ज्यादा लाभांश हस्तांतरित करने की प्रमुख वजह विदेशी मुद्रा की बिक्री से हुई आमदनी है। पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में रूस

द्वारा यूक्रेन पर हमले के बाद डॉलर की कीमत ऐतिहासिक स्तर पर पहुंचने के बाद रुपये का उतार-चढ़ाव रोकने के लिए रिजर्व बैंक ने करीब 206 अरब डॉलर की बिक्री की थी, जबकि रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2021-22 में 96.7 अरब डॉलर की बिक्री की थी। निश्चित रूप से रिजर्व बैंक का अधिक लाभांश राजकोषीय स्तर को उपयुक्त बनाए रखने के लिए लाभप्रद होगा। स्थिति यह है कि इस वित्त वर्ष में वैश्विक आर्थिक मुश्किलों के कारण बजट में लगाए गए राजस्व प्राप्ति के अनुमान सही साबित न हों। कर राजस्व कम आए। वैश्विक मंदी की स्थिति में अन्य अर्थव्यवस्थाओं के साथ भारत की अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होने की आशंका है। इस बार भारत के पश्चिमी देशों के कारोबारी साझेदार देशों में मंदी के कारण व्यापार और कर राजस्व पर असर पड़ेगा। इस वर्ष मौसम की स्थिति और मॉनसून का प्रतिकूल असर भी ग्रामीण व्यय में वृद्धि कर सकता है। यद्यपि सरकार ने इस वर्ष के बजट में विनिवेश से 51000 करोड़ रुपए प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है, लेकिन अब विनिवेश की कार्रवाई को लेकर भी चिंताएं हैं और विनिवेश बजट अनुमान से कम रह सकता है। उर्वरकों पर दी जाने वाली सब्सिडी एक बार फिर इस वर्ष के बजट अनुमान से अधिक हो सकती है। चूंकि इस वर्ष कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं और अगले वर्ष लोकसभा चुनाव होने वाले हैं, ऐसे में सरकार विनिवेश और निजीकरण से भी परहेज कर सकती है। इसके अलावा इस वर्ष सरकार को ब्याज के मद में अधिक भुगतान करना होगा। यहां यह उल्लेखनीय है कि हाल ही में फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशंस (फियो) के कार्यक्रम में यह बात एक मत रेखांकित हुई है कि रूस-यूक्रेन युद्ध में तेजी से आने वाला समय देश से निर्यात और व्यापार संतुलन के लिए काफी चुनौतीपूर्ण व कठिन है। चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 की शुरुआत से ही अप्रैल और मई महीनों में निर्यात घटने व व्यापार घाटा बढऩे का परिदृश्य दिखाई देने लगा है। पिछले वर्ष 2022-23 में भारत का कुल व्यापार घाटा इससे पिछले वर्ष के 83 अरब डॉलर से बढक़र 122 अरब डॉलर हो गया है। अब इस वर्ष व्यापार घाटे के और बढऩे की आशंका है। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 उत्पाद निर्यात के लिहाज से बेहतर नहीं रहने वाला है। भारत अपने कुल उत्पाद निर्यात का सबसे अधिक करीब 17.50 फीसदी निर्यात अमेरिका को करता है, जो मंदी की चपेट में आता दिख रहा है। अमेरिका में महंगाई अपने चरम पर है और इसे रोकने के लिए अमेरिकी फेडरल बैंक लगातार ब्याज दरों में इजाफा कर रहा है। यूरोप की आर्थिक दशा भी ठीक नहीं चल रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच यूरोप के अधिकतर देश गैस व खाद्य संकट से जूझ रहे हैं जिससे वहां महंगाई बढऩे के साथ औद्योगिक उत्पादन भी कम हो गया है। संभवतया यही कारण है कि वाणिज्य विभाग की तरफ से चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कोई निर्यात लक्ष्य अब तक तय नहीं किया गया है। पिछले वित्त वर्ष में उत्पाद व सेवा निर्यात जिस ऊंचाई पर रहा है, इस बार निर्यात का उस मंजिल तक भी पहुंचना आसान नहीं दिख रहा है। पिछले दिनों प्रमुख वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में चुनौतीपूर्ण वैश्विक वित्तीय स्थिति के बावजूद भारत वैश्विक आर्थिक झटकों को इसलिए सरलतापूर्वक झेल जाएगा, क्योंकि भारत का चालू खाते के घाटे (सीएडी) में सुधार हुआ है। चालू खाते का घाटा कम अवधि की प्रमुख विदेशी देनदारी के रूप में पहचाना जाता है। इससे विनिमय दर और विदेशी निवेशकों की धारणा प्रभावित होती है। इन्हें देखते हुए सरकार कुछ विशेष क्षेत्रों में व्यय बढ़ा सकती है। 9 मई को वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच ने भारत की रेटिंग बीबीबी. बरकरार रखी है। दीर्घ अवधि के ऋण पर भारत का परिदृश्य स्थिर रखा है। रेटिंग निर्धारित करते हुए फिच ने कहा कि भारत में पिछले कुछ वर्षों में सरकार के सहयोग से कंपनियों और बैंकों के बहीखाते में काफी सुधार हुआ है और आधारभूत संरचना के विकास पर भी अधिक ध्यान दिया जा रहा है। निजी क्षेत्र भी बड़े स्तर पर निवेश करने की तैयारी कर रहा है। फिच ने कहा कि बढ़ी महंगाई, ऊंची ब्याज दरों और वैश्विक स्तर पर मांग में कमी की बड़ी चुनौतियों के बीच भारत की आंतरिक वित्तीय स्थिति थोड़ी कमजोर जरूर है और प्रति व्यक्ति आय और विश्व बैंक के मानकों पर भी भारत थोड़ा फिसला है। ऐसे में रिजर्व बैंक से केंद्र को मिला लाभांश देश की वैश्विक क्रेडिट रेटिंग को सुधारने में मददगार होगा। चूंकि देश ने वर्ष 2047 तक विकसित देश बनने का लक्ष्य रखा है, इस लक्ष्य को पाने के लिए आगामी 24 वर्षों तक लगातार करीब 7 से 8 फीसदी की दर से बढऩे के लिए राजकोषीय स्तर को संतोषप्रद बनाए रखना होगा। ऐसे में हम उम्मीद करें कि रिजर्व बैंक के द्वारा वित्त वर्ष 2022-23 के लिए दिया गया लाभांश जहां एक ओर वैश्विक मंदी की चिंताओं के बीच देश के लिए राजकोषीय चुनौतियों के समाधान में अहम भूमिका निभाएगा, वहीं दूसरी ओर भारत को विकसित देश बनाने की डगर पर आगे बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा।

अस्पताल की सराय पर विकृत व्यवस्था का ग्रहण

पूर्व सांसद शांता कुमार के अनुसार एक अन्य फर्म ने राज्य सरकार के ढुलमुल रवैये के कारण 2 करोड़ रुपए देने की अपनी प्रतिबद्धता वापस ले ली थी। आज ढाई करोड़ रुपए से निर्मित यह आधा अधूरा भवन अपनी बेहाली पर आंसू बहा रहा है। चारों तरफ झाड़ियां उग आई हैं और पिलरों के सरिए जंग खा रहे हैं। करदाताओं की मेहनत की कमाई और शांता कुमार जैसे प्रबुद्ध राजनेता के प्रयास आज नकारा नौकरशाही और तीन-तीन सरकारों के उदासीन रवैए की भेंट चढ़ते दिखाई दे रहे हैं। अनुमानित प्रतिदिन 500 से अधिक मरीज टीएमसी के विभिन्न विभागों में आते हैं। कांगड़ा, चंबा, हमीरपुर और ऊना जिलों के सरकारी अस्पतालों से लगभग सभी आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं टांडा मेडिकल कॉलेज को रेफर की जाती हैं। मरीजों के साथ आए तिमारदारों को रहने की कोई व्यवस्था न होने के चलते या तो उन्हें अस्पताल परिसर में खुले में रातें बितानी पड़ती हैं या अस्पताल के आसपास बने महंगे होटलों या गेस्ट हाउस में ठहरना पड़ता है।

कांगड़ा जिले के सबसे बड़े सरकारी स्वास्थ्य संस्थान डा. राजेंद्र प्रसाद राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल टांडा का सराय भवन पूरे सात वर्ष बाद आज भी व्यवस्था की खामियों का दंश झेल रहा है। वर्ष 2016 में सराय का शिलान्यास पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह ने पूर्व सांसद शांता कुमार की उपस्थिति में किया था। तब सांसद शांता कुमार की सोच और प्रयत्नों का ही परिणाम था कि दूरदराज से आए बीमारों के तिमारदारों के लिए रहने की व्यवस्था को अमलीजामा पहनाने का कार्य आरंभ हुआ था जिसमें उन्होंने अपनी सांसद निधि से पच्चीस लाख रुपए दिए थे। इस नेक कार्य के लिए पूर्व राज्यसभा सांसद विप्लव ठाकुर ने भी अपनी सांसद निधि से पच्चीस लाख रुपयों का योगदान दिया था, परन्तु केवल पच्चास लाख रुपए से सराय भवन का निर्माण संभव न था, इसलिए वर्ष 2017 में शांता कुमार ने संसद में स्थायी समिति का अध्यक्ष होने के नाते भारत हेवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड से 2 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि स्वीकृत करवाई थी। पूर्व सांसद शांता कुमार के अनुसार एक अन्य फर्म ने राज्य सरकार के ढुलमुल रवैये के कारण 2 करोड़ रुपए देने की अपनी प्रतिबद्धता वापस ले ली थी। आज ढाई करोड़ रुपए से निर्मित यह आधा अधूरा भवन अपनी बेहाली पर आंसू बहा रहा है। चारों तरफ झाड़ियां उग आई हैं और पिलरों के सरिए जंग खा रहे हैं। करदाताओं की मेहनत की कमाई और शांता कुमार जैसे प्रबुद्ध राजनेता के प्रयास आज नकारा नौकरशाही और तीन-तीन सरकारों के उदासीन रवैए की भेंट चढ़ते दिखाई दे रहे हैं। अनुमानित प्रतिदिन 500 से अधिक मरीज टीएमसी के विभिन्न विभागों में आते हैं। कांगड़ा, चंबा, हमीरपुर और ऊना जिलों के सरकारी अस्पतालों से लगभग सभी आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं टांडा मेडिकल कॉलेज को रेफर की जाती हैं। मरीजों के साथ आए तिमारदारों को रहने की कोई व्यवस्था न होने के चलते या तो उन्हें अस्पताल परिसर में खुले में रातें बितानी पड़ती हैं या अस्पताल के आसपास बने महंगे होटलों या गेस्ट हाउस में ठहरना पड़ता है। विदित रहे कि टांडा अस्पताल जैसे सरकारी अस्पतालों में आने वाले अधिकांश मरीज निर्धन होते हैं जो रहने-खाने की व्यवस्था के लिए अतिरिक्त खर्च करने में अक्षम होते हैं। परंतु दुर्भाग्य से हमारे देश की विकृत व्यवस्था का आलम यह है कि सरकारी अस्पताल में आने वाले गरीबों के तिमारदारों के लिए ठहरने की व्यवस्था की न किसी की जिम्मेदारी है न ही सरकारों एवं नौकरशाहों के पास यह सब सोचने का समय! व्यवस्था परिवर्तन के खोखले नारे और बड़े-बड़े होर्डिंग केवल राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति करते हैं, आम जन की भावनाओं की कद्र नहीं। अस्पताल टांडा के प्रधानाचार्य डा. भानू अवस्थी ने सराय को चलाने और कार्य पूर्ण होने के लिए अपने विभाग की तरफ से पूरी असमर्थता जाहिर की है। बेशक पहले जिला रेडक्रॉस सोसायटी कांगड़ा को यह जिम्मा सौंपने की बात कही गई थी, परन्तु सब सरकारें पूरे पांच वर्ष का अपना कार्यकाल पूरा करने के बावजूद इस कार्य को अंजाम तक न पहुंचा पाईं। सरकारें बदलती रहीं, अफसर बदलते रहे, परन्तु दुर्भाग्य से यह कार्य खटाई में पड़ता रहा। पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद शांता कुमार सरकारों की कार्यप्रणाली से निराश ही नहीं, काफी खिन्न भी हैं। उनकी अपनी ही सरकार यानी जयराम सरकार के समय उनके शिष्य विपिन सिंह परमार स्वास्थ्य मंत्री थे। तब शांता कुमार ने उनसे भी सराय का कार्य पूर्ण करने के लिए आग्रह किया था, परन्तु नतीजा वही ढाक के तीन पात वाला रहा था। हालांकि वर्तमान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू मुख्यमंत्री बनते ही शांता कुमार से आशीर्वाद लेने पहुंचे थे जिससे कयास लगाए जा रहे थे कि वो शांता कुमार के पदचिन्हों पर चल कर उनके अधूरे कामों को पूरा करने में सहयोग देंगे, परन्तु दुर्भाग्यवश नई सरकार को आए भी लगभग सात-आठ महीने हो चुके हैं और सराय की तरफ किसी का ध्यान तक नहीं गया है । बदहाल सरकारी व्यवस्था और अफसरों के उदासीन रवैए के कारण करदाताओं की मेहनत की कमाई तो डूबने के कगार पर है ही, साथ में ही गरीबों, मजबूरों और बीमारों के लिए सरकारी सुविधाओं के सब दावे भी खोखले साबित हो रहे हैं। पार्टियों द्वारा सरकारें बनाने के लिए तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की जाती है और पानी की तरह पैसा बहाया जाता है, परन्तु सत्तासीन होते ही जन कल्याण के तमाम दावे भुला दिए जाते हैं। देश-प्रदेश में असंख्य जन-कल्याणकारी योजनाओं के बावजूद गरीब असहाय ही रह जाता है। प्रशासनिक अधिकारी जिनके कंधों पर तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतार कर अमलीजामा पहनाने की जिम्मेदारी होती है, वो अधिकतर अपना समय राजनीतिक आकाओं को खुश करने में व्यतीत करते हैं और केवल समय व्यतीत करने का कार्य करते हैं। उन्हें आम जनमानस की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं होता, तभी तो सरकारों द्वारा किए गए वायदे और दावे हकीकत में नहीं बदल पाते जिसका खामियाजा मतदाता भुगतने को मजबूर होता है। ऐसे अफसरों की कोई जवाबदेही निश्चित नहीं होती जबकि उन्हें पूरी तन्खवाह और भत्ते विधिवत रूप से मिलते रहते हैं।

नागरिक बोध

अंग्रेजी के ज्ञान के बगैर आरक्षण है बेकार

क्या होता इंडिया का आंबेडकर के बगैर? इसको समझने के लिए पाकिस्तान की कहानी देख लें। पूर्वी पाकिस्तान यानी वर्तमान बांग्लादेश पाकिस्तान का एक प्रांत था। पर पाकिस्तान के संविधान में वह गहराई नहीं थी। उसने अपना एक हिस्सा वर्ष 1971 में खो दिया। ध्यान रहे, पाकिस्तान का निर्माण ही धर्म के आधार पर हुआ था, पर मुस्लिम बहुल पूर्वी पाकिस्तान विद्रोह कर अलग देश बन गया। इसके बरक्स अपने देश की कहानी देखें। एक अरब 25 करोड़ की आबादी वाले देश इंडिया में 29 राज्य और सात केंद्रशासित प्रदेश हैं, पर इंडिया का संघीय ढांचा बरकरार है। यह एक मजबूत राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ता जा रहा है। जितना बहुभाषी, बहुधार्मिक, बहुजातीय इंडिया है, उतना दुनिया का कोई भी देश नहीं। अमेरिका में जरूर 50 राज्य हैं, पर सभी अंग्रेजीभाषी हैं। इंडिया की एकता और अखंडता को हमारे संविधान ने बचा कर रखा है। अब इस बात पर कोई विवाद नहीं है कि हमारा संविधान विश्व में श्रेष्ठतम है। भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर की सबसे बड़ी चिंता यही थी कि इंडिया की एकता, अखंडता किस तरह सदैव बनी रहे। इसका उत्तर उन्हें मिला फेडरलिज्म में। एक ऐसा संघीय ढांचा, जिसमें छोटे से छोटा राज्य भी अपने को सहज रख सके, बड़े राज्यों से डरे नहीं। बाबा साहेब

इस कार्य में सफल रहे। डॉ. भीमराव आंबेडकर। चेहरा ही नहीं, संदेश भी पहचानें! इंडिया को श्रेष्ठतम संविधान देने के लिए डॉ. आंबेडकर ने विश्व के कुछ श्रेष्ठ संविधानों का अध्ययन किया, स्वयं अपनी विद्वता का इस्तेमाल किया और अंततः कभी भी फेल न होने वाला संविधान बना डाला। कल्पना करें, क्या होता यदि डॉ. आंबेडकर अंग्रेजी भाषा न जानते! उच्च शिक्षा के लिए डॉ. आंबेडकर जुलाई 1913 में न्यू यॉर्क स्थित कोलंबिया विश्वविद्यालय पहुंचे। बहुत कम समय में ही उन्होंने अपने सहपाठियों और प्रफेसरों को प्रभावित करना शुरू कर दिया। आंबेडकर के प्रफेसर्स, खासकर प्रफेसर जॉन डिवे, जेम्स शॉटवेल और सेलिमेन उनकी इंग्लिश से हैरान थे कि एक गैर अंग्रेजीभाषी देश के नागरिक को इतनी अच्छी इंग्लिश कैसे आती है। जाहिर है, आंबेडकर की विजय यात्रा में इंग्लिश पर मास्टरी एक जरूरी कदम था। इसीलिए डॉ. आंबेडकर ने इंग्लिश को शेरनी का दूध बताया तथा दलितों से इंग्लिश अपनाने का आह्वान किया। इंग्लिश को नैशनल लिंक लैंग्वेज बनाने की मांग करने वाले पहले राष्ट्रीय नेता आंबेडकर ही थे। भारत की एकता, अखंडता को बनाए रखने में संविधान के बाद सबसे बड़ी भूमिका इंग्लिश की और फिर इंग्लिश बोलने वालों की है। इंग्लिश का असर दलित समाज पर भी साफ दिखता है। किसी भी अमेरिकी यूनिवर्सिटी में जाइए, वहां दलित छात्र मिल ही जाते हैं। ढेर सारे दलित अधिकारी जीवन भर की कमाई का काफी बड़ा हिस्सा खर्च कर अपने बच्चों की पढ़ाई विदेशों में करा रहे हैं। वे आरक्षण का त्याग कर रहे हैं और ओपन कैटिगरी में प्रतियोगिता के जरिए अपनी जगह बना रहे हैं। जाहिर है, अमेरिका में पढ़ाई करने के लिए पैसों से भी ज्यादा जरूरी है इंग्लिश भाषा का ज्ञान होना। पर क्या जाट, गुर्जर, पटेल और कापू जैसी जातियों में भी इंग्लिश को वही स्थान प्राप्त है जो इसे दलितों के बीच हासिल है? उपर्युक्त चार जातियों का जिक्र इसलिए किया जा रहा है क्योंकि ये आरक्षण की मांग कर रहे हैं। उत्तर भारत के जाट और गुर्जर, गुजरात के पटेल और आंध्र प्रदेश के कापू मूलतः शूद्र हैं।

देश दुनीया से

हिंदी-अंग्रेजी का झगड़ा अब बेमानी

जिस तरह देश की विविध अनुसूचित भाषाओं के लोग यह सोचते हैं कि हिंदी की वजह से उनकी भाषा का प्रभाव कम हो रहा है, उसी तरह हिंदी सेवियों की एक बड़ी तादाद ऐसा मानती है कि अंग्रेजी के कारण हिंदी का प्रसार बाधित हो रहा है। लेकिन खुद अंग्रेजी का क्या हाल है? जब हम एक पूर्ण और सशक्त भाषा की बात सोचते हैं, तो हमारे जेहन में उसके कुछ निश्चित प्रतिमान उभरते हैं। जैसे, उसकी एक विकसित लिपि होगी, ध्वनि संसार होगा, शब्दों का विशाल भंडार होगा। शब्दों की वर्तनी, उनका उच्चारण और अर्थ सुनिश्चित होगा। व्याकरण होगा। उसका अपना साहित्य होगा, जिसे पढ़ने वाले लोग होंगे। और उसे सत्ता (आर्थिक-राजनीतिक) का समर्थन प्राप्त होगा। क्या इन पारंपरिक मानकों पर आज की कोई भी भाषा दावे से खरी उतरती है? अंग्रेजी का प्रयोग करने वाली नई पीढ़ी बहुत तेजी से इमोजी की तरफ बढ़ रही है। कोई बात अच्छी लगे तो एक पूरा वाक्य लिखने की जरूरत नहीं है। किसी बात की आलोचना करनी हो और इस तरह से करनी हो कि दूसरा पक्ष आहत न हो, तो उसके लिए कोई अच्छा शब्द ढूंढने की जरूरत नहीं है। यहां तक कि इमोजी से पूरे प्रेम पत्र लिखे जा सकते हैं। हम भाषा के संदर्भ में आर्थिक प्रभुत्व की चर्चा करते हैं। अब बहुराष्ट्रीय कंपनियों के कारोबारों और उत्पादों के साथ भी इमोजी इस्तेमाल होने लगे हैं। ऐपल, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, सैमसंग, ट्विटर, फेसबुक, एलजी, एचटीसी, बर्गर किंग और पेप्सीको जैसी तमाम कंपनियां इमोजी इस्तेमाल कर रही हैं, और उनके साथ उनके ग्राहक भी। उनके बीच एक नई भाषा विकसित हो रही है। यानी रोमन लिपि और शब्दों की सही वर्तनी का महत्व खत्म! जब भी कोई नई भाषा विकसित होती है, वह पारंपरिक भाषाओं का दायरा संकुचित करती है। समाज में ऐसे कई तरह के छोटे-मोटे संकेत विकसित होते हैं जो समय के साथ प्रचलन से बाहर हो जाते हैं- यह सोच कर हम इमोजी की भाषा को नजरअंदाज नहीं कर सकते। यह लोगों के बीच का भाषिक संवाद बदलने का एक नमूना है। इसके और भी पक्ष हैं। जब हम ऑक्सफोर्ड और वेब्स्टर के शब्दकोशों में सही वर्तनी और हिज्जे ढूंढ रहे होते हैं, तब इंटरनेट पर भेजे जा रहे संदेशों में उन शब्दों के संक्षिप्त रूपों का धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा होता है। वहां सिर्फ 'आय लव यू' के लिए इलू (आयएलयू) और 'फियर ऑफ मिसिंग यू के लिए फोमू' (एफओएमयू) ही नहीं बन रहा है, एक पूरी शब्दावली विकसित हो रही है, जिसमें बीटुबी (बिजनेस टु बिजनेस), केपीआई (की-परफॉर्मेंस इंडीकेटर), सीपीएम (कॉस्ट पर थाउजैंड) और यूजीसी (यूजर जेनरेटेड कॉन्टेंट) जैसे प्रयोग भी शामिल हैं। ये नए संक्षिप्त शब्द पहले के अनेक शब्दों से बने पूरे फ्रेज को विस्थापित कर देते हैं। आज सिर्फ दोस्तों की अनौपचारिक मंडली में ही नहीं, कॉर्पोरेट की औपचारिक चिट्ठियों, व्यापारिक पत्राचार और तकनीक की दुनिया में भी इस भाषा में लिखित संवाद हो रहे हैं। इंटरनेट की दुनिया में इन संक्षिप्त रूपों को मान्यता प्राप्त है। इनमें से यदि कोई नवनिर्मित शब्द समझ में न आए तो उसे गूगल कर आसानी से देखा जा सकता है। आज से चार-पांच दशक बाद वाली पीढ़ी के लिए शायद यह जान पाना भी मुश्किल हो कि फोमू किन-किन शब्दों के संक्षेपीकरण से बना है। उसके लिए फोमू ही वह शब्द होगा, जिसके माध्यम से वह अपनी बात कहेगी। फेसबुक पर हर मिनट 50 लाख से ज्यादा लोग अपनी टिप्पणियां पोस्ट करते हैं और 30 लाख से ज्यादा लोग अपना स्टेटस अपडेट करते हैं। इंस्टाग्राम पर प्रति मिनट करोड़ों की तादाद में पोस्ट किए जाते हैं और मोबाइल से पचास लाख से ज्यादा ट्वीट भेजे जाते हैं।

हम भाषा के संदर्भ में आर्थिक प्रभुत्व की चर्चा करते हैं। अब बहुराष्ट्रीय कंपनियों के कारोबारों और उत्पादों के साथ भी इमोजी इस्तेमाल होने लगे हैं। ऐपल, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, सैमसंग, ट्विटर, फेसबुक, एलजी, एचटीसी, बर्गर किंग और पेप्सीको जैसी तमाम कंपनियां इमोजी इस्तेमाल कर रही हैं, और उनके साथ उनके ग्राहक भी। उनके बीच एक नई भाषा विकसित हो रही है। यानी रोमन लिपि और शब्दों की सही वर्तनी का महत्व खत्म! जब भी कोई नई भाषा विकसित होती है, वह पारंपरिक भाषाओं का दायरा संकुचित करती है। समाज में ऐसे कई तरह के छोटे-मोटे संकेत विकसित होते हैं जो समय के साथ प्रचलन से बाहर हो जाते हैं- यह सोच कर हम इमोजी की भाषा को नजरअंदाज नहीं कर सकते। यह लोगों के बीच का भाषिक संवाद बदलने का एक नमूना है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
चतरा/लातेहार
रांची, बुधवार, 19 जुलाई 2023| पेज 7

राष्ट्रपति के हाथों भूमि सम्मान समारोह में प्लैटिनम ग्रेडिंग प्रमाण पत्र से डीसी, एसी और एसडीओ को किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : चतरा जिला के लिए यह भूमि सम्मान प्रसन्नता और गौरव का क्षण है। यह सम्मान समारोह इतिहास के पन्नों में सुनहरे अक्षरों से लिखा जायेगा। किसी व्यक्ति को किसी भी क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने पर मिलने वाला अवार्ड का क्षण काफी प्रसन्नतापूर्ण और एतिहासिक पल होता है।जिसे पाकर लोग स्वयं तो गौरवान्वित महसूस करता ही है साथ ही पुरा क्षेत्र भी प्रसन्नता और खुशी की इस बेला में सफलता पर बधाई देने से खुद को रोक नहीं पाता है।ठीक उसी तरह का क्षण चतरा जिला के लिए उस समय आया जब नई दिल्ली के विज्ञान भवन में भूमि संसाधन विभाग,ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रथम भूमि सम्मान महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा। चतरा जिले के डीसी अबु इमरान के नेतृत्व में एसी पवन कुमार मंडल और सिमरिया एसडीओ सुधीर कुमार दास को प्लैटिनम ग्रेडिंग प्रमाण पत्र महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के



हाथों से यह ऐतिहासिक सम्मान प्रदान किया गया है। ज्ञात हो की भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम योजनान्तर्गत सभी घटकों में 99 फीसद से अधिक कार्य पूर्ण करने के उपलब्धि हासिल करने वाले चयनित जिलों को दिया गया है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित जिलों में चतरा का भी चयन भूमि सम्मान 2023 प्लैटिनम ग्रेडिंग सर्टिफिकेट से सम्मानित होने का गौरव पल आज साक्षी है। सम्मान के लिए 9 राज्यों के सचिव और 68 जिला के कलेक्टरों तथा उनकी टीमों के साथ भूमि सम्मान अवार्ड 2023 राष्ट्रपति ने प्रदान किया है।इस सम्मान को लेकर चतरा खुद को गौर्वान्वित महसूस कर रहा है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार डिजिटल इंडिया के मुख्य घटकों की संतृप्ति प्राप्त करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को भूमि सम्मान अवार्ड से नवाजा गया है। सम्मान को लेकर आगे बताया गया है कि भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) को बढ़ावा देने के कारण अवार्ड से नवाजा गया है। भूमि संसाधन विकास,ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा यह आयोजन राज्य के राजस्व और पंजीकरण पदाधिकारियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, जिन्हें उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आजादी के 75 वर्षों में पहली बार भूमि सम्मान अवार्ड प्राप्त हो रहा है। यह भूमि सम्मान÷ को संस्थागत रूप देने का ऐतिहासिक वर्ष है। भूमि सम्मान योजना विश्वास और साझेदारी पर आधारित केंद्र और राज्य का एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है क्योंकि ग्रेडिंग प्रणाली मुख्य रूप से राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की रिपोर्ट और इनपुट पर आधारित है। भूमि अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण और डिजिटलीकरण से भूमि रिकॉर्ड और पंजीकरण की डिजिटलीकरण प्रक्रिया से भूमि विवादों से जुड़े अदालती मामलों की संख्या को कम करने में मदद मिलेगी। जिससे भूमि विवादों से जुड़े मुकदमो की संख्या कम हुई है। परियोजनाओं के कारण देश की अर्थव्यवस्था को होने वाले सकल घरेलू उत्पाद के नुकसान में कमी आएगी। कृषि और किसान कल्याण ,रसायन और उर्वरक, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) जैसे केंद्र और राज्य सरकार के विभागों के कार्यक्रमों की विभिन्न सेवाओं और लाभों की प्रभावशीलता और दक्षता बढ़ाने के लिए भूमि रिकॉर्ड से संबंधित जानकारी बहुत उपयोगी और प्रभावशाली साबित होगी। वित्तीय संस्थान, उपरोक्त विभागों/ एजेंसियों/ मंत्रालयों को सेवाओं के वितरण में प्रभावशीलता विभिन्न हितधारकों के बीच भूमि रिकॉर्ड से संबंधित जानकारी साझा करने के लिए एकरूपता, अंतर-संचालन, अनुकूलता पर निर्भर करती है। भूमि संसाधन विभाग ने पूरे देश में 94व डिजिटलीकरण लक्ष्य हासिल कर लिया है और 31 मार्च 2024 तक देश के सभी जिलों में भूमि रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 23 फरवरी 2022 को पोस्ट-बजट वेबिनार में कल्पना की थी कि सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं को योजना घटकों को इस उद्देश्य से संतृप्त किया जाना चाहिए ताकि कोई भी नागरिक पीछे न छूटे।

एसएसबी जवान के शोका कुल परिवार से मिले मंत्री सत्यानन्द भोगता, बंधाया ढाढस

प्रभात मंत्र संवाददाता

हंतरगंज : सूबे के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानन्द भोगता आज मंगलवार को हंटरगंज प्रखंड के ग्राम आमीन निवासी एवं सशत्र सीमा बल के जवान स्व. शिव कुमार यादव के परिजनों से मिलकर संतावना देते हुए ढाढस बंधाते हुए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने काफी दुःख प्रकट करते हुए कहा कि ऐसी अप्रिय घटनाओं से काफी आहत पहुंचा है।देश की सरहद पर सुरक्षा करने वाला ऐसी घटनाओं से काल की गाल में समा गया है जो काफी दुखद है।महज थोडी सी जमीन के टुकड़े के लिए जान चली गई। इस की जितनी भी निंदा की जाए कम है।उन्होंने मृत जवान शिव कुमार यादव की पत्नी और बच्चों समेत पुरे घर वालों को हिम्मत से काम लेने का सलाह देते हुए सब्र करने की बात कही।मंत्री ने आगे कहा कि ऐसी घटनाओं की पूर्णवीर्ति किसी भी कीमत पर नहीं होनी चाहिए। साथ ही घटना में संलिप्त दोषियों को

जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। ज्ञात हो कि दो दिन पूर्व सशस्त्र सीमा बल के जवान शिव कुमार यादव का आपसी जमीनी विवाद झड़प में गंभीर चोट लगी थी।हॉस्पिटल ले जाने के क्रम में एसएसबी जवान दम तोड दिया था। लौटने के क्रम में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना एवं कृषि पशुपालन सहकारिता विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और लाभुकों के बीच अपने हाथों पशुधन का वितरण करते हुए लाभुकों को सलाह दिया की योजना का लाभ उठाएं और अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करें। सरकार गरीबों के उत्थान के लिए कई योजनाएं संचालित कर रखी है जिसका लाभ उठाना चाहिए और आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने का प्रयास करते रहने से ही आर्थिक तंगी दूर होगी। मंत्री के काफिले में बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव, बीडीओ अभिषेक पांडे, थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी, राजद प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव, प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव, मुखिया चैतू यादव के अतिरिक्त दर्जनों लोग शामिल थे।

प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 का दो दिवसीय आयोजन का समापन मंगलवार को किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षक दीपक कुमार के द्वारा किक मारकर किया गया। एवं सत्यम कुमार के निगरानी में करवाई गई है। फुटबॉल मैच में रेफरी अखिलेश कुमार, बंटी कुमार हैं। इनके साथ दे रहे कमलेश कुमार सुमित कुमार भी हैं।इस खेल प्रतियोगिता में प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय की गिद्धौर एवं उच्च विद्यालय पिणडारकोण के बीच फुटबॉल मैच खेला गया। जिसमें 1-0 से गिद्धौर विद्यालय के बच्चों ने विजय पाई। हिंडालको के बच्चों ने द्वितीय पुरस्कार पाया। इस कार्यक्रम में संचालित 6 विद्यालयों से छात्र छात्राओं ने खेल में भाग लिए थे। बताते चलें कि उच्च विद्यालय द्वारी उच्च विद्यालय पिणडारकोण, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पहरा, मध्य विद्यालय गिद्धौर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बारीसाखी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पेक्सा के बच्चे प्रतियोगिता में शामिल थे। मौके पर शिक्षक सीताराम रविदास प्रेमचंद दास वीरेंद्र तिर्की जितेंद्र गुप्ता मोहम्मद फहद राकेश कुमार जागेश्वर साहू सुनीता कुमारी विनय मुंडा उपस्थित थे।

गिरफ्तारी नहीं होने से क्षुब्ध पत्रकारों का 20 जुलाई से आमरण अनशन जारी

- अनशन निर्धारित को लेकर एसडीओ, एसडीपीओ, थाना को लिखित आवेदन सौंपा
- भोला सिंह की गिरफ्तारी होने तक आमरण अनशन रहेगा जारी : मोकिम अंसारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : कानूनी कार्रवाई से क्षुब्ध होकर पत्रकारों ने अब कमर कस लिया है जहां 20 जुलाई समय 10 बजे सुबह से सिमरिया सुभाष चौक के समीप आमरण अनशन करने पर मजबूर हो चुका है। इसके लेकर कानूनी प्रक्रिया के तहत अनुमण्डल पदाधिकारी कार्यालय सिमरिया, पुलिस अनुमण्डल पदाधिकारी कार्यालय सिमरिया, पुलिस अनुमण्डल पदाधिकारी कार्यालय सिमरिया, थाना प्रभारी कार्यालय को लिखित जानकारी दे दी गयी है। आमरण अनशन में पीड़ित अशोक कुमार, मोकिम अंसारी के अलावे और अन्य पत्रकार शामिल रहेंगे। वहीं अनशन में प्रखण्ड पत्रकार से लेकर जिला पत्रकार के अलावे अन्य जिले के सैकड़ों पत्रकार एवं पदाधिकारी अनशन के समर्थन एवं जायज मांग को लेकर होंगे शामिल। बता दें कि अभियुक्त भोला सिंह द्वारा बीते 14 जुलाई को पत्रकार अशोक के साथ मारपीट एवं रूपये और घड़ी लूट ली गयी थी। जिसे लेकर सिमरिया थाना में काण्ड संख्या 115/ 23 के तहत धारा 341,323,379,504,506 लगाते हुए मामला दर्ज किया गया है। किंतु अफ़सोस है कि 5 दिन बीत जाने के बाद भी अभियुक्त भोला सिंह को गिरफ्तार नहीं किया गया है। जो दर्शाता है कि भोला सिंह का गाँव से लेकर सिमरिया चौक और सिमरिया थाना पर हुकूमत कायम है। जबकि भोला सिंह पर विभिन्न मामले में अब तक करीब दर्जन से अधिक मामले दर्ज है। जिसमें कई बार जेल के सलाखों में रह कर आ चुका है। वहीं कई दर्जनों मामले में गुंडई और पुलिस

जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय में बच्ची ने किया वृक्षारोपण समाज को दे रही हैं नया संदेश

गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड में संचालित राजकीयकृत मध्य विद्यालय गिद्धौर के बाल संसद के सफाई मंत्री सुप्रिया कुमारी ने अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिधेश्वर पांडेय ने बताया कि पर्यावरण के प्रति बच्चों का लगाओ होना चाहिए।तथा दीक्षित की महत्ता बच्चे समझे इसके लिए यह शुरुआत की गई है। जो भविष्य में भी जारी रहेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित गिद्धौर समाजसेवी यदुनंदन पांडेय विद्यालय के वरीय शिक्षिका बबली कुमारी पायल प्रिया शिक्षक सत्यदेव उपाध्याय शंभूनाथ रजक एवं दिनेश्वर दांगी के साथ साथ विद्यालय के बच्चों उपस्थित थे।

मतदाता सर्वेक्षण को लेकर बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड सह अंचल परिषर सभागार में मंगलवार को मतदाता पूर्णरक्षी सर्वेक्षण को लेकर बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्रशिक्षुक डीपीआरओ दिगंबर पांडेय कंप्यूटर ऑपरेटर तरुण कुमार एवं अनुमंडल ऑपरेटर अशोक कुमार ने दिलवाए। बताया गया कि मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत निर्धारित1 जनवरी 2024 तक कार्य को पूर्ण करना है। यह अभियान 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलाया जाएगा।आगे बताया गया कि 1 जनवरी 1 अप्रैल 1 जुलाई 1 अक्टूबर को अपहरीता तिथि माना गया है। जिसमें नए वोटरों का वोटर आईडी कार्ड बनाया जा सकता है। यह कार्य पीपीटी के माध्यम से सभी को बतलाया गया। एवं बीएलओ एप से फॉर्म भरने की बातें बताई गई। बैठक में उपस्थित जनसेवक उज्जवल कुमार सिंह चितरंजन शर्मा पंचायत सेवक कमलेश कुमार वर्मा नीतू कुमारी रूबी कुमारी नेमी चोरिया संगीता देवी कांति देवी कांति सिन्हा एवं दर्जनों बीएलओ उपस्थित थी।

जंगली भालू के हमले से घायल जेठू नगेसिया स्वास्थ्य केंद्र से फरार

महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): महुआडांड प्रखंड के ओरसा के पीएफ क्षेत्र ओरसापाठ के अंतर्गत चिरोपाठ के वन क्षेत्र में जंगली भालू के हमले से चिरो गांव के निवासी जेठु नागेसिया (33) पिता कान नगेसिया का दायां पैर गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे मंगलवार सुबह ग्रामीणों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महुआडांड़ लाया गया। जहां डाक्टर के द्वारा उसे प्राथमिक उपचार दिया गया। इस दौरान उसे इंजेक्शन लगा एवं मलहम पट्टी कि गई। लेकिन जब बेहतर इलाज हेतु जेठु नागेसिया को लातेहार सदर अस्पताल के लिए रेफर किया गया तो वह सदर अस्पताल जाने के बजाए मौका देख अस्पताल से बिना किसी को कुछ बताये फरार हो गया।

जप्त वाहनों की नीलामी को लेकर खनन विभाग ने निकाली निविदा

लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता): उपायुक्त के निर्देश के आलोक में जिला खनन विभाग के द्वारा जप्त वाहनों की नीलामी को लेकर निविदा निकाली है। निविदा 25 जुलाई को समाहरणालय सभागार उपायुक्त द्वारा गठित समिति के समक्ष होगी। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि लातेहार जिलान्तार्गत कोयला खनिज के अवैध, परिवहन, भंडारण में जप्त वाहनों की नीलामी की जाएगी, जिसके लिए निविदा आमंत्रित किए गए है। उन्होंने बताया कि निविदा 25 जुलाई को समाहरणालय सभागार में 3 बजे उपायुक्त द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी एवं निविदा में भाग लेने वालों को नीलामी में दिए गए शर्तो को पूरा करना अनिवार्य होगा। निविदा में भाग लेने के लिए शर्त जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि नीलामी में भाग लेने वाले संवेदको को सुरक्षित जमा राशि का दस प्रतिशत की राशि निर्धारित प्रतिभूति रकम के रूप में जिला खनन पदाधिकारी के नाम बैंक ड्राफ्ट, आयकर निर्टन की छायाप्रति, पासपोर्ट साइस फोटो की दो प्रति, आधार कार्ड, पैन कार्ड, पहचान पत्र की छाया प्रति आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। संवेदक पर अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन से संबंधित थाना में मामला दर्ज नहीं हो जिला खनन विभाग की ओर जप्त वाहनों की नीलामी को लेकर निकाली गयी निविदा में भाग लेने के लिए संवेदक पर किसी भी थाने में अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन को लेकर मामला दर्ज नहीं होना चाहिए एवं किसी भी विभाग के द्वारा उनका नाम संस्था का नाम काली सूची में दर्ज नहीं हो।

सन्नाटा घर देख चोरों ने किया हाथ साफ, लाखों की संपत्ति ले उड़े चोर

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : थाना के अंतर्गत पहरा पंचायत के बरटा गांव में बीती सोमवार की रात एक घर से ताला तोड़कर लाखों की जेवरात व अन्य सामानों की चोरी का अंजाम दिया गया है। भुक्तभोगियों ने इसकी सूचना गिद्धौर पुलिस को दिया है। बताया जा रहा है कि विश्वनाथ ओझा बरटा गांव निवासी के घर का ताला तोड़कर उनकी मां के बक्सा में रखें सोना-चांदी समेत कई महत्वपूर्ण कागजातों की चोरी कर ली गई है। 2 दिन पहले घर के सदस्य हजारीबाग गए थे। घर में सन्नाटा देखकर चोरों ने हाथ साफ किया है। इस घर में पारस ओझा, विश्वनाथ ओझा, केदार ओझा और अनंत ओझा चारों भाई संयुक्त रूप से रहते हैं। केदार ओझा ने बताया कि वे सुबह घर पहुंचे तो मेन गेट का ताला टूटा हुआ पाया। जब अंदर प्रवेश किए तो घर के सभी कमरों का ताला टूटा हुआ था। और

सामान बिखरा फेंका हुआ था। तीन गोदरेज, सात बक्सा व ट्रंक सहित ड्रावर का ताला तोड़कर सभी सामान को बिखेर दिया गया है। दीवान पलंग के बाक्स को भी तोड़ दिया गया है। एक बक्सा में रखें पुराने सोना चांदी समेत जमीन के कागजात व अन्य प्रपत्र गायब हैं। इसकी सूचना उन्होंने पुलिस को बताया है। सब इंस्पेक्टर जयरा बाखला दल बल के साथ घर पहुंच कर मामले की जांच कीए है। बताया जा रहा है कि चोरों ने डेढ़ लाख से अधिक की संपत्ति की चोरी किया है।

आपसी सौहार्द को लेकर पुलिस कप्तान की सार्थक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर संतोष मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ कार्यक्रम जिले में लगातार कई सार्थक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जहां कभी सड़क दुर्घटना रोकने को लेकर विशेष जागरूकता अभियान तो वहीं अब क्षेत्र में आम लोगों के बीच आपसी सौहार्द भाईचारा बना रहे इसको लेकर कम्युनिटी आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन हुई कार्यक्रम आयोजित मौके पर इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार रहें मौजूद कार्यक्रम नवागढ़ पंचात भवन में कम्युनिटी आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें नवागढ़ के मुखिया रामप्रवेश उरांव, समाज सेवी सरजू सिंह समेत विभिन्न समुदाय के प्रबुद्ध लोगों ने शिरकत की जहां सभी ने जिले के पुलिस कप्तान के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए क्षेत्र में आपसी भाईचारा और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के साथ-साथ प्रशासन की इस मुहिम में योगदान देने का संकल्प लिया।

एलटी विनय सिंह बतौर परीक्षक बन कर गए जौनपुर

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : ऑल इंडिया मेडिकल लैबोरेट्री टैक्नोलोजिस्ट एसोसिएशन के द्वारा आहुत पारा मेडिकल परीक्षा में झारखंड के चार लैब टेक्निशियनों को देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में परीक्षक बना कर भेजा गया है। वहीँ लातेहार ब्लड बैंक के लैब टेक्निशियन विनय कुमार सिंह उत्तर प्रदेश के अमृता पैरामेडिकल कॉलेज, जौनपुर में बतौर परीक्षक बनाया गया।श्री सिंह ने बताया कि ऑल इंडिया मेडिकल लैबोरेट्री टैक्नोलोजिस्ट एसोसिएशन पारा मेडिकल परीक्षाये आयोजित करती है और ऐसोसिएशन के सदस्यों को बतौर परीक्षक वहां भेजती है। यह बहुत ही सम्मान की बात है। उन्होने कहा कि एआईएमएलटीए एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है और देश व विदेशों में परीक्षायें आयोजित करती है और एसोसिएशन के सदस्यों को वहां बतौर परीक्षक भेजती है। इसके लिए अवकाश, यात्रा व आवसन भत्ता के अलावा पारिश्रमिक भी मिलता है।उन्होने बताया कि मेरे अलावा झारखंड से अनुज कुमार मिश्रा, सुधांशु रंजन भारती एवं केशव कुमार मिश्रा को बतौर परीक्षक विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में बनाया गया है।

जल सहियाओं की मांग जायज : रामचंद्र सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरवाडीह : मनिका विधानसभा क्षेत्र के तमाम जल सहिया मंगलवार को अपनी पांच सुत्री मांगों को लेकर क्षेत्र के सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह के आवास मंगरा पहुंचे और ज्ञापन सौंपा। इस बीच उन्होंने अपनी समस्यायों को अवगत कराते हुए वर्षो से 1000 रुपए मानदेय बकाया राशि की मांग के साथ मानदेय में बढ़ोतरी करने , कार्यकाल में मृत्यु होने पर अनुकम्पा का लाभ, विभाग के रिक्त पदों पर वरीयता एवं योग्यता के आधार पर नियुक्ति में प्राथमिकता देने

समेत अन्य मांगों को लेकर मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह के सामने अपनी बात रखी। मौके पर विधायक ने कहा कि जल सहिया की मांग बिल्कुल जायज है। उन्होंने भरोसा दिलाते हुए कहा कि हम आपकी मांगों को सरकार तक पहुंचाने की पहल करेंगे।मौके पर शांति कुमारी,सरिता देवी, मेरिसतेला एक्का, बबीता देवी, जगदंबा देवी, कांति देवी, संध्या देवी, सुनीता देवी समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

एमपीडब्ल्यू पर कार्य क्षेत्र में अनुपस्थित रहने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : गारू प्रखंड के बारेसांढ़ स्वास्थ्य उपकेंद्र में कार्यरत एमपीडब्ल्यू सुजल कुमार रजक पर कार्य क्षेत्र से नदारद रहने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण कई गांव के लोग सप्ताह में एक बार मंगलवार को बारेसांढ़ आते है। कहा कि मंगलवार को भी केंद्र में अनुपस्थित रहे।वहीँ जब संवाददाता ने जब एमपीडब्लू से संपर्क किया तब उन्होंने बताया कि अभी वह निजी कार्य से बाहर है। इसके बाद उन्हें देवघर श्रावनी मेला में योगदान देने का पत्र प्राप्त हुआ है। हालांकि कई ग्रामीणों का कहना है कि एमपीडब्लू के क्षेत्र भ्रमण का दावा झूठा है। वे केवल हाजरी बनाने के उद्देश्य से आते है।बताते चलें की बारेसांढ़ से 20 किमी की दुरी पर गारू मुख्यालय में रेफरल अस्पताल तक जाना हमेशा मजबूरी बना रहता है। यह क्षेत्र मलेरिया क्षेत्र है यहां बरसात के दिनों में काफी लोग मलेरिया से ग्रसित रहते है।

बरवाडीह में झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता अभियान तेज

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरवाडीह : सुबे में झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता अभियान काफी जोशो-खरोश से प्रखंड अध्यक्ष अफजल अंसारी की अगुवाई में चलाई जा रही है। वहीं मंगलवार को छिपादोहर में सदस्यता अभियान के साथ झामुमो पंचायत टीम का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से योगेंद्र लोहरा को पंचायत के अध्यक्ष विदेशी सिंह को

सचिव रुबी देवी को उपाध्यक्ष का दर्जा दिया गया। इसके अलावा शंभू लोहरा, जतन भुइंया, सहेन्दर भुइंया, बिफा सिंह और अन्य लोगों को सदस्यता दिलाई और उन्हें झामुमो का सिपाही बनाया। मौके पर अध्यक्ष अंसारी ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता झामुमो पार्टी के बैनर तले पार्टी के संगठन को मजबूत बनाएंगे। हमें धरातल पर उतरकर काम करना है। मौके पर प्रखंड सचिव बाबू राम सिंह एवं वरिष्ठ नेता देवनाथ सिंह खरवार के साथ दर्जनों लोग मौजूद रहे।

पंचायत समिति सदस्य संघ के अध्यक्ष बने दिलीप कुमार सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेतला : सोमवार को बरवाडीह प्रखंड कार्यालय के प्रमुख कक्ष में प्रमुख सुशीला देवी और उप प्रमुख बिरेंद्र जायसवाल के अध्यक्षता में प्रखंड क्षेत्र विभिन्न पंचायतों के पंचायत समिति सदस्यों के उपस्थिति में सभी के सर्वसहमति से पसंस संघ के अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह को बनाए जाने पर उन्हें कई पसंस के लोगों के साथ-साथ वहां उपस्थित झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अफज़ल अंसारी ने उन्हें संघ के अध्यक्ष बन जाने पर उन्हें फुल माला

और बुके भेंट कर सम्मानित किया। वही संघ के अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि हम अपने पद का दायित्व जो हमें मिला है उसे मैं सफलतापूर्वक बखूबी निष्ठा पूर्वक निर्वाहन करूंगा। इस बैठक में प्रखंड क्षेत्र के पन्द्रह पंचायत के पसंस उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र

रामगढ़/हजारीबाग

रांची, बुधवार, 19 जुलाई 2023 | पेज 8

संक्षिप्त खबरें

मध्य विद्यालय अरगड्डा में बाल संसद का हुआ गठन

सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) : अरगड्डा मध्य विद्यालय के प्रांगण में मंगलवार को बाल संसद 2023- 24 के लिए गठन किया गया। इसमें प्रधानमंत्री सावित्री कुमारी कक्षा अष्टम ब, उप प्रधानमंत्री राजकुमार गुप्ता कक्षा कक्षा अष्टम अ, शिक्षामंत्री प्राची कुमारी कक्षा अष्टम ब, उप शिक्षामंत्री राज वर्मा वर्ग सातवां, बागवानी व पर्यावरण मंत्री कोमल कुमारी अष्टम ब, उप बागवानी व पर्यावरण मंत्री फैजान रजा कक्षा पंचम रहे। जबकि इसके अलावे खेल एवं पोषाहार मंत्री, सफाई एवं स्वास्थ्य मंत्री, जल मंत्री व अन्य मंत्रियों का चुनाव किया गया। बाल संसद का गठन प्राचार्य सत्येंद्र प्रसाद के दिशा निर्देश पर हुआ। मौके पर शिक्षक उपेंद्रनाथ पाठक, आशुतोष कुमार पांडे, कोमल कुमार सिंह, सुमित्रा कुमारी, कुमारी रमा प्रसाद, विजय कुमार चौहान, राहुल राम, सुरेंद्र कुमार तिवारी, संजय प्रसाद बोस, युधिष्ठिर कुमार महतो आदि शिक्षक मौजूद थे।

चित्रगुप्त मंदिर के प्रांगण में शोभा का आयोजन

रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) : चित्रगुप्त मंदिर के प्रांगण में एक शोभा का आयोजन किया गया। जिसमें दिवंगत नागेन्द्र कुमार सिन्हा की आत्मा की शांति के लिए महापरिवार के सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखा और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की । इस सभा में मुख्य रुप से समाज के अध्यक्ष दीपक कुमार सिन्हा महामंत्री संगठन मंत्री अमित सिन्हा रोहित कुमार वर्मा कोषाध्यक्ष आशुतोष सिन्हा चित्रांश राहुल कुमार, अनिल सिन्हा, रवि सिन्हा, संजीव कुमार, अंशु सिन्हा, विवेक कुमार, शैलेंद्र जी, सूर्यवंश आदि चित्रांश मौजूद रहे।

सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता-2023 का आगाज

रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) : पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड रांची के तत्वधान से रामगढ़ जिला के सभी प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूल के अंडर-14 बालक एवं अंडर-17 बालक/बालिकाओं ने भाग लिया। जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की, ने मांडू प्रखंड में खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया माण्डू प्रखंड फाइनल मैच -14 बालक में एस0 एस0 मंदिर कुजू बनाम मार्शल मंदिर मिडिल स्कूल कुजू के बीच खेला गया जिसमें 5-3 विजेता रहे। -17 बालक छोटा नागपुर हाई स्कूल बोंगावर बनाम करमा हाई स्कूल करमा के बीच खेला गया जिसमें 5-4 से विजय है। प्रखंडों के विजेता टीम जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे तथा जिला स्तरीय विजेता टीम को हजारीबाग में होने वाले प्रमंडल स्तरीय सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता में रामगढ़ जिले की ओर से भेजा जाएगा ।

उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं

रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) : मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, नामांकन, विकास कार्यों, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

मरम्मत कार्य का शिलान्यास किया गया

रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) : मांडू चट्टी ग्राम गोविंदपुर रंगू बेड़ा डीएमएफटी योजना अंतर्गत रंगू बेड़ा में आंगनबाड़ी केंद्र का मरम्मत कार्य हेतु शिलान्यास मुखिया अनीता देवी के कर कमलों द्वारा सु संपन्न हुआ यह योजना 450785 रुपैया के लागत से मरम्मत कार्य किया जा रहा है इस शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से छोटेलाल भुइयां मोहम्मद मिस्टर आलम योगेश्वर महतो देव कुमार महतो धनेश्वर हसदा सेविका अनिला टू डू सहायिका नीलमणि बेसरा मिथिलेश मिश्रा सीटन भुइयां लालमोहन भुइया आदि उपस्थित थे।

कोलयरी सिरका गस्ती पेट्रोलिंग बेलोरो का घेराव कर दो सुरक्षाकर्मी व चालक के साथ हुई धक्का-मुक्की

सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) : थाना रामगढ़ क्षेत्र के सीसीएल सिरका कोलियरी न्यू कांटा घर के समीप सीसीएल सुरक्षा गश्ती दल के पेट्रोलिंग पार्टी प्रहरी अनिल, प्राईवेट वाहन चालक मोती लाल और सीएचपी बेरियर चेकपोस्ट गेट के प्रहरी जगरनाथ महतो के साथ मारपीट का मामला मंगलवार को प्रकाश में आया हैं। इस संबंध में सुरक्षा प्रहरियो ने प्रबंधन को लिखित तौर पर तीन लोगों के नाम दिए हैं। जिसके बाद सुरक्षा विभाग सिरका के द्वारा आवश्यक कार्रवाई के लिए रामगढ़ पुलिस को आवेदन दिया गया हैं। इस संबंध में भुक्तभोगी चेकपोस्ट सुरक्षा प्रहरी जगरनाथ महतो ने बताया कि मेरी ड्यूटी सीएचपी बेरियर गेट पर लगी थी। बीते सोमवार रात्रि करीब 9 बजे न्यू कांटा घर पर कुछ असामाजिक तत्वों की गतिविधि देखा। इसी दरमियान सिरका पेट्रोलिंग गश्ती दल वाहन जेएच 01डीपी 4338 में अनिल व चालक मोतीलाल उक्त स्थल पर पहुंचे। यहां प्रहरी अनिल के द्वारा चार की संख्या में युवकों से पूछताछ की गई। लेकिन युवक भाग खड़े हुए। कुछ क्षणों के बाद 15 से 20 की संख्या में कई लोग पेट्रोलिंग वाहन पर आक्रोशित होकर बढ़ने लगे, जिसे देख हम सभी गाड़ी के अंदर बैठ गए। वाहन को चारों ओर से दर्जनों ने घेरा लिया। वाहन में पत्थर मारने के बाद डर से बाहर निकले और हम लोग के साथ गालीगलौज, धक्का-मुक्की, घुसे भी बरसाए गए।

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत हुआ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज की अध्यक्षता में मांडू प्रखंड के सभागार में टी0बी0 मुक्त भारत अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत के स्तर पर लोगो के साथ-साथ पंचायत के मुखिया, उप मुखिया एवं वार्ड सदस्यों आदि को भी टी0बी0 के प्रति जागरूक करना है। साथ ही

मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्यों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा टी0बी0 मरीजों की सही समय पर पहचान करना एवं उनके इलाज के लिए उत्प्रेरक बनना भी इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है। साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि टी0बी0 जैसी गंभीर बीमारी को खत्म करने के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है अतः आप सभी अपने स्तर पर लोगो को टी0बी0 के प्रति जागरूक करें। साथ ही टी0बी0 मरीजों के लिए सरकार द्वारा टी0बी0 की मुफ्त जांच और दवा तथा पोषण पैकेट भी उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यशाला के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मांडू डॉ नितेश कुमार ने सभी जनप्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया गया कि उनके क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति में टी0बी0 के लक्षण दिखाई देने पर हेल्थ एन्ड वेलनेस सेन्टर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और साहिया के सहयोग से स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने हेतु रेफ़रल सिल्प् व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला के दौरान बीपीओ कामाख्या प्रसाद, मुखिया बड़कागांव बुलबुल कुमारी, मुखिया कीमो चमेली देवी, मुखिया बसंतपुर सरिता देवी, मुखिया ओरला गुड़िया देवी, डीपीओ अजय नारायण दुबे, पिरामल स्वास्थ्य से अर्पिता पारासर एवं इरशाद अहमद सहित अन्य उपस्थित थे।

छड़वा मोहर्रम मेले मैदान का किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : छड़वा मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष मुख्तार अंसारी एवं मोहर्रम कमेटी के सक्रिय सदस्यों द्वारा छड़वा मोहर्रम मैदान का औचक निरीक्षण किया गया । जिसमें पाया गया की मोहर्रम मैदान के चारों ओर झाड़ियां उग आई है, एवं कई प्रकार के आपत्तिजनक वस्तु बिखरे पड़े हैं जिस पर मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष मुख्तार अंसारी ने कहा कि पूरे मैदान की साफ सफाई की जाएगी एवं छड़वा मोहर्रम मैदान के नाम से विख्यात यह 7 एकड़ की जमीन को पूरी तरह से झाड़ी वगैरह कटवा कर समतल किया जाएगा । जिससे मेले में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई ना हो वही वर्षा के दिनों को देखते महिलाओं के लिए विशेष इंतजाम किया जाएगा एवं वाटरप्रूफ पंडाल का भी महिलाओं के लिए निर्माण करवाने का प्रयास किया जाएगा। छड़वा मोहर्रम कमेटी के सचिव नौशाद खान ने कहा कि इस हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मोहर्रम मेले का आयोजन नशा मुक्त रखने का सफल प्रयास किया जाएगा ।

उपविकास आयुक्त की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक संम्पन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : मंगलवार को नीति आयोग की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में की गयी। नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिलों के लिए जारी किए जाने वाले डेल्टा रैंकिंग में रामगढ़ जिले के रैंक में काफी सुधार हुआ हैं। मई माह में रामगढ का डेल्टा रैंकिंग 24 रहा जिसको लेकर समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त के द्वारा सभी विभाग के

सम्बंधित अधिकारियों का उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही उन्होंने नीति आयोग के सभी सूचकांकों का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने विशेष कर स्वास्थ्य, शिक्षा एवं कृषि विभाग के सूचकांकों में सुधार लाने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने बैठक के दौरान सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपस मे समन्वय कर ससमय आकांक्षी जिला कोषांग को जानकारियां उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान सिविल सर्जन, जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, एलडीएम, एसएमपीओ रामगढ़ सहित अन्य उपस्थित थे।

डिजनीलैंड सह मिना बाजार का विधिवत उद्घाटन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

चरही : चरही पंचायत के बिरसा खेल मैदान में डिजनीलैंड मेला सह मीना बाजार का शुभारंभ मंगलवार की शाम को किया गया। इसका उद्घाटन संयुक्त रूप से चुरचू जीप सदस्य वासुदेव करमाली, प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, चरही मुखिया संझली मुर्मू, एवं पूर्व मुखिया दसरथ महतो द्वारा किया। मेले के आयोजक मनोज कुमार साव, संतोष पांडेय और संदीप साव कुमार ने बताया कि लगभग 13 वर्षों से झारखंड और बिहार के लिए मनोरंजन का साधन उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने बताया कि डिजनीलैंड मेला सह मीना बाजार पूरे एक महीने तक चलेगा। मेले का समय शाम 4 बजे से 10 बजे रात्रि तक होगा। वही बच्चों के मनोरंजन के लिए ब्रेक डांस झुला, ड्रैगन ट्रेन, टावर झुला, नौका झूला, चांद तारा झूला की व्यवस्था है। इस मौके पर

जिला परिषद बासदेव करमाली, प्रमुख निरंजन प्रकाश नायक, मुखिया संझली मुर्मू, देवकी महतो, मुखिया प्रतिनिधि दशरथ महतो, महादेव सोरेन, पंचायत समिति निरंजन महतो, आशा राय, प्रखंड अध्यक्ष नोसाद अंसारी, समाजसेवी ललिता देवी, भुनेश्वर ठाकुर, जीतू ठाकुर, रहमत अंसारी, मुस्लिम अंसारी, सतीश साहू, वार्ड सदस्य गब्बर सिंह, किसुन महतो, अब्दुल्ला अंसारी, मुमताज़ अंसारी सहित सेकड़ो लोग उपस्थित थे।

आजसू किसान मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष के आकस्मिक निधन पर शोकसभा का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : गुरुचट्टी स्थित आजसू पार्टी कार्यालय में किसान मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष कांडतरी निवासी तारकेश्वर महतो के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया। शोक सभा की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा व संचालन तापेश्वर कुमार तापस ने किया। मौके पर उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। 2 मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा को शांति प्रदान के लिए भगवान से प्रार्थना

किया। मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, मनोज प्रसाद दांगी, कामेश्वर महतो, जोगिंदर महतो, बालेश्वर महतो, जलेश्वर महतो, दिनेश महतो, रंजीत महतो, कुलेश्वर महतो, निर्मल महतो, शंकर प्रसाद, तुलेश्वर महतो के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

बरही पुलिस कस्टडी में युवक की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : हजारीबाग जिले के बरही थाने की पुलिस हिरासत में मंगलवार को एक युवक की मौत हो गई। मौत के बाद आक्रोशित परिजन और सैकड़ों ग्रामीणों ने धनबाद रोड में अनुमंडलीय अस्पताल के गेट के सामने ओल्ड जीटी रोड पर मृतक के शव को रख कर सड़क जाम कर दिया। मृतक बरही थाना अंतर्गत कोनरा पंचायत के हुसैन नगर निवासी मो. आबिद खान का 25 वर्षीय पुत्र मंजर खान उर्फ असफाक खान है। बताया जाता है कि सोमवार को बरही के कृष्णापुरी में एक घर में उक्त युवक को चोरी करते ग्रामीणों ने पकड़ लिया था, जिसके बाद बरही पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद उक्त युवक को बरही थाना की पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया था। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे बरही पुलिस असफाक खान को बरही अनुमंडलीय अस्पताल इलाज को लाया गया, जहां चिकित्सक ने

उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद जब मृतक के परिजन एवं आसपास के ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिली तो आक्रोशित लोगों ने शव के साथ ओल्ड जीटी रोड को करीब 11.30 बजे जाम कर दिया। सड़क जाम कर धरना प्रदर्शन कर रहे मृतक के परिजन और आक्रोशित ग्रामीणों ने स्थानीय बरही थाना की पुलिस पर आरोप लगाया कि पुलिस के द्वारा मारपीट के कारण युवक की मौत हुई है। मृतक के पिता ने यह भी बताया कि जिस घर मे चोरी हुई थी उस घर के भी कुछ लोग मारपीट किये थे। उनके पुत्र को चोरी के झूठे आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उसका पुत्र लगातार बता रहा था कि उसने चोरी नहीं किया फिर भी पुलिस उसे गिरफ्तार कर लिया था। वहीं मामले की छानबीन करते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने का मांग किया। इधर घटना की जानकारी मिलने पर शव के साथ सड़क जाम कर धरना प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों के बीच बरही विधायक उमाशंकर अकेला पहुंचे। मौके पर प्रशिक्षु आईपीएस कुमार शुभाशीष, सीसीआर डीएसपी आरिफ अकराम, एसडीओ पूनम कुजुर, डीएसपी नाजिर अख्तर, सीओ अरविंद देवशीष टोप्पो, थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, प्रमुख मनोज कुमार रजक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर,20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, डॉ. निजामुद्दीन अंसारी, अब्दुल मनान वारसी, छठु गोप, सुनील साहू ,अमित जयसवालआदि मौजूद थे। मौके पर परिजनों से वार्ता करने के बाद करीब 2.30 बजे जाम हटा लिया गया।

क्या कहते है विधायक उमाशंकर अकेला : विधायक ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस संबंध में एसपी मनोज रतन चौथे से फोन पर बात हुई है, दोषी पुलिसकर्मी पर अभिलंब कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों को मुख्यमंत्री से भेंट कराकर न्याय दिलाने का काम करूंगा। वही एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी के लिए मुख्यमंत्री से बात करेंगे।

रांची सांसद संजय सेठ से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने किया शिष्टाचार मुलाकात

बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता): पूर्व विधायक लोकनाथ महतो का रांची सांसद संजय सेठ ने अपने अवास रांची में श्रद्धा के साथ शॉल ओढाकर सम्मानित किया। इस दौरान लोकनाथ महतो का सम्मान करते हुए सांसद संजय सेठ अभिभूत हो गए। लोकनाथ महतो ने कहा कि भाजपाइयों में दूसरे कार्यकर्ताओं का सम्मान करने की पुरानी परंपरा चली आ रही है। एक शिष्टाचार मुलाकात थी, सांसद संजय सेठ का त्वरित काम करने का कार्य से मुझे काफी खुशी मिली। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से हजारीबाग जिला पिछड़ी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर बालेश्वर महतो, राधेश्याम अग्रवाल, के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

गुप्त सूचना के आधार पर स्क्रैप लदा ट्रक जब्त

चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता): चरही थाना क्षेत्र के चरही एन एच 33 में एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर सशअशनिश बैजनाथ प्रसाद मेहता एवम शस्त्र बल के सहयोग से गाड़ी को पकड़ा गया। ड्राइवर को पुलिस की चेकिंग की भनक लगते ही गाड़ी को चेकिंग स्थल से कुछ दूर पहले ही गाड़ी को बोकारो नदी के पास लगाकर गाड़ी छोड़कर जंगल झाड़ी का फायदा उठाकर भाग गए। परंतु जब गाड़ी को चेक किया गया तो सूचना का सत्यापन हुआ और गाड़ी मे पूर्ण रूप से स्क्रैप लोड पाया गया। गाड़ी के पास काफी देर तक इंतजार किया गया परंतु किसी के द्वारा समान के बारे कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि उक्त स्क्रैप चोरी का है जिसे ज्यादा मुनाफा कमाने के उद्देश्य से परिवहन कर रहे हैं। तत्पश्चात जप्ति सूची तैयार कर थाना लाया गया एवम कांड संख्या 51/23 सुसंगत धाराओं के साथ गाड़ी के ड्राइवर, मालिक एवम अन्य के विरुद्ध दर्ज किया गया।

बच्चे पूरे उमंग से सीख रहे हैं आत्मरक्षा के तकनीक कराटे : आशुतोष चौबे

पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता): पतरातू प्रखंड के हुरूम गड़ा स्थित बेंचमार्क पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल आशुतोष चौबे का मानना है कि वैसे बच्चे जो कराटे सीखते हैं उनकी एकाग्रता अन्य बच्चों की अपेक्षा ज्यादा बेहतर है। उनका शारीरिक व मानसिक विकास भी अन्य बच्चों की अपेक्षा ज्यादा होता है। क्योंकि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है इसलिए बच्चे भी शारीरिक रूप से फिट रहेंगे तो निश्चित तौर पर उनका मानसिक विकास बेहतर होगा। उन्होंने आगे कहा क्योंकि मैं खुद भी एक फौजी रहा हूं तो कराटे या अन्य व्यायाम के क्या महत्व है यह मैं अच्छी तरह समझता हूं। इन्हीं कारणों को देखते हुए मैंने क्षेत्र के सबसे बेहतरीन कराटे प्रशिक्षक सेंसी विकाश पाठक से जो मॉडर्न मार्शल आर्ट्स कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के झारखंड चीफ हैं उनसे संपर्क कर अपने स्कूल में बच्चों के लिए कराटे की ट्रेनिंग प्रारंभ की और जिसका नतीजा भी मुझे काफी संतुष्टि जनक लग रहा है। बच्चे काफी बेहतर कर रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि एक कुशल प्रशिक्षक सेंसी विकाश पाठक की देख रेख में बच्चे कराटे की ऊंचाइयों तक जाएंगे।

सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट में एसएसवीएम पतरातू रहीं विजय

पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता): सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातू बाजार विद्यालय का फुटबॉल टीम सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट में हिस्सा लिया गया ढ्ढ जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने विजय प्राप्त किया है । यह टूर्नामेंट भुरकुंडा में खेला गया है ढ्ढ आगामी खेल 22 जुलाई को होने वाली है। खेल प्रशिक्षक सुनील मुंडा को प्रधानाचार्य उपेन्द्र पांडे सहित विद्यालय के सभी शिक्षको ने ढेर सारी बधाई दी है।

पदमा क्षेत्र अंतर्गत लाईन होटल से 2 बाल श्रमिक मुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग-बरही हाईवे के दर्जनों होटलों, ढाबों एवं रेस्टोरेंट में बाल श्रमिक के विरूद्ध श्रम अधीक्षक अनिल कुमार रंजन के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। श्रम विभाग की द्वारा छापामारी अभियान में संगम लाईन होटल के संचालक प्रदीप मेहता ग्राम- कदवा, पो0- केवाल, थाना- पदमा, हजारीबाग के प्रतिष्ठान से 2 (दो) बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया गया। दोनो बाल ग्राम-गिधा, पोस्ट-बरसोत, थाना- बरही, जिला-हजारीबाग के निवासी है। इनका उम्र क्रमशः 10 वर्ष एवं 13 वर्ष है। श्रम विभाग की टीम ने बाल श्रमिकों को विमुक्त कराकर को बाल कल्याण समिति, हजारीबाग को सौंपा दिया है। साथ ही होटल के नियोजक सह संचालक के विरूद्ध स्थानीय पदमा थाना में बाल श्रमिक अधिनियम, 1986 की धारा

3(1) का उल्लंघन के आरोपी पर प्राथमिकी (F.L.R.) दर्ज करने के लिए श्रम अधीक्षक अनिल कुमार रंजन के द्वारा आवेदन दिया गया है। इसके अलावा नियोजक को प्रति बाल श्रमिक 20-20 हजार रूपये बाल श्रमिक पूनर्वास -सह-कल्याण कोष में जमा करने का निदेश दिया गया। श्रम अधीक्षक अनिल कुमार रंजन ने कहा बाल श्रमिक के विरूद्ध अभियान जिले में निरंतर जारी रहेगा। बाल श्रम को नियोजित करना समाजिक एवं कानून अपराध है। बाल एवं अल्पव्यस्क (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अंतर्गत किसी भी प्रतिष्ठान में 14 वर्ष से कम उम्र के बालकों का किसी भी कार्य में मजदूरी कराना एवं खतरनाक नियोजनों में 14-18 वर्ष के आयुवर्ग का नियोजन प्रतिषेधित है। उल्लंघन की स्थिति में 20 हज़ार रूपये से 50 हज़ार रूपये तक का जुर्माना अथवा 6 माह से 2 वर्ष तक का कारावास या दोनों हो सकता है। बाल श्रम के विरूद्ध चलाए गए अभियान में श्रम अधीक्षक, बाल संरक्षण पदाधिकारी, संजय प्रसाद, बाल कल्याण समिति के मुन्ना कुमार पाण्डेय तथा पदमा थाना के गस्ती दल शामिल थे।

पतरातू में पहली बार पुलिस पर चली गोली, एटीएस डीएसपी व एसआई घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातू : पतरातू क्षेत्र अपराधी और उनके द्वारा किए गए अपराधिक घटनाओं को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहा है । लेकिन, पतरातू थाना क्षेत्र अंतर्गत पहली बार यहां पुलिस पर हमला हुआ है । जिसमें दो पुलिस अधिकारी घायल हो गए है । यह घटना सोमवार रात लगभग साढे आठ बजे की है । प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशासन को गुप्त सूचना मिली थीं कि अमन साव गिरोह के कुछ सदस्य डाडीडीह सरना हाई स्कूल के नजदीक महुआ टांड के पास घूम रहे है । जिसकी सूचना मिलते ही एटीएस डीएसपी निरज कुमार और एसआई सोनू साव दल-बल के साथ उक्त स्थल पहुंचे ।जंहा गिरोह के सदस्यों ने गोलीबारी शुरू कर दी । इस गोलीबारी में एटीएस

डीएसपी निरज कुमार को पेट में और एसआई सोनू साव को जांघ पर गोली लगने से घायल हो गए। ये जानकारी मिलते ही प्रशासन के आला अधिकारी घटना पहुंचे । और तुरंत घायलो को बेहतर ईलाज के मेडिका हॉस्पिटल रांची भेजा दिया गया । घटना स्थल पर पंहुचे रामगढ़ पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे खुद मॉनिटरिंग कर रहे थे । साथ ही साथ स्थानीय पुलिस पदाधिकारियों को कई निर्देश दिए और घायल दोनों जवानो से मिलकर घटना की विस्तृत जानकारी ली। इधर पतरातू क्षेत्र के चौक-चौराहों में उक्त घटना पर चर्चा करते हुए लोग यह कहते हैं कि जब अपराधी पुलिस पदाधिकारियों का अपना निशाना बना सकते हैं । तो इससे समझा जा सकता है। कि क्षेत्र में अपराधीयों मनोबल कितना बढ़ा हुआ है । ऐसे में इस घटना के बाद पुलिस को अपराधियों पर नकेल लगाने के लिए कोई ठोस रणनीति के तहत कार्रवाई करनी चाहिए ।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

भारत जोड़ों की बात आम जनों के साथ अभियान की शुरुआत की गई

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान के नेतृत्व में मंगलवार को राहुल गांधी कि भारत जोड़ो यात्रा की के बाद मंगलवार को भारत जोड़ों की बात आम जनों के साथ अभियान की शुरुआत डोर टू डोर जाकर राहुल गांधी के बारे में जन जन तक पहुंचाने का काम किया गया । जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान ने देश के हालात एवं विकास व राहुल गांधी पर चर्चा किया यह कार्यक्रम रामगढ़ जिला में चलता रहेगा इस कार्यक्रम का समापन 5 सितंबर 2023 को शिक्षक दिवस के दिन प्रत्येक जिले में शिक्षकों को सम्मान समारोह के साथ संपन्न होगा । भारत जोडों की बात आम जनो कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान व कांग्रेस नेता आसिफ इकबाल मौजूद रहे।

आवास कर्मी संघ का हड़ताल जारी, कर्मियों ने विधायक मनीष जायसवाल से मिलकर रखी अपनी बात

हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के अंतर्गत जिला एवं प्रखंडों में कार्यरत कर्मियों के द्वारा लगातार दूसरे दिन हड़ताल जारी है। भवनाथपुर, गढ़वा के प्रखंड समन्वयक सिराज अंसारी की हत्या एवं अपने विभिन्न मांगों के पूर्ण नहीं होने के विरोध में तीन दिवसीय हड़ताल राज्य आवास कर्मी संघ, झारखंड, रांची के तत्वाधान में की गई है। जिसमें संपूर्ण राज्य में आवास निर्माण की प्रगति का कार्य रुक गया है। किसी भी लाभुक का जियोटैग एवं किस्तों का भुगतान नहीं किया जा रहा है ।मंगलवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कर्मियों के हजारीबाग इकाई से जुड़े लोगों ने हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल से उनके विधायक कार्यालय में मुलाकात की और अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। संघ से जुड़े लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत कार्यरत पदाधिकारी और कर्मियों का पद प्रशासन पद व समिति से स्वीकृत कराने सहित अन्य मांगों को लेकर विधायक मनीष जायसवाल से आगामी झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में सदन पटल पर आवाज उठाने की मांग की। विधायक मनीष जायसवाल ने इनके मांगों को जायज बताया और आगामी मानसून सत्र में सरकार के समक्ष इनकी मांगों को उठाने का वचन दिया ।मौके पर संघ से जुड़े विजय कुमार साहू, विकास कुमार, विमल कीर्ति प्रकाश, मो. एकलाख, चिरंजीवी कुमार, सुनील कुमार, दीपक कुमार, दिवाकर कुमार, रविन्द्र कुमार, राजकुमार, राहुल कुमार, पंकज कुमार कुशवाहा, रिंकू रविदास, विकास कुमार, राकेश कुमार, मो. इरफान आलम, कमलेश कुमार भारती, संयोग कुमार, चिरजीवी कुमार, सुनील कुमार, दीपक कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

बरकट्ठा के दो पंचायतों में पूल निर्माण कार्य का सांसद और विधायक ने आधारशिला रखी

बरकट्ठा(हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता): शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी और विधायक अमित कुमार यादव के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत चेचकप्पी और रौसा के बीच पुल निर्माण कार्य व पंचायत बेडोकला ओर केंदुआ 01 के बीच में दुलकी नदी पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।शिलान्यास के मौके पर प्रमुख रेणु देवी,पूर्व प्रमुख रामलखन मेहता, सांसद प्रतिनिधि केदार,सांसद प्रतिनिधि सुशील पाण्डेय ,मुखिया रीता देवी, पंचायत समिति सदस्य सुरजमुनि देवी,समाजसेवी डेगलाल साव,समन ठाकुर, मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक,सांसद प्रतिनिधि रघुवीर महतों,खलील अंसारी, अनिल आजाद,राजकुमार यादव,नन्हकू सिंह,पूर्व मुखिया प्रतिनिधि भुवनेश्वर सिंह,पंचायत बेडोकला मुखिया रिंकी देवी,मुखिया प्रतिनिधि देवेंद्र पाण्डेय,बेडोकला भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद,रीतलाल प्रसाद,बेडोकला पूर्व मुखिया तुलसी पाण्डेय,संवेदक रामचंद्र यादव उपस्थित थे।

उप प्रमुख व मुखिया ने धोती ,साड़ी का किया वितरण

बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना के तहत बेंगाबाद प्रखंड अंतर्गत हरिला पंचायत के हरिला गाँव के जन वितरण प्रणाली दुकान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पीएच कार्ड धारी लोगों के बीच धोती साड़ी और लूंगी का वितरण किया गया वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बेंगाबाद उप प्रमुख सबा अंजुम ,मुखिया सुधीर रजवार एवं अन्य जनप्रतिनिधि थे।कार्यक्रम में उप प्रमुख सबा अंजुम ने कहीं सरकार रोटी, कपड़ा और मकान पर विशेष ध्यान दे रही है ताकि लोगों को मूलभूत समस्या ना हो सके इसके साथ ही डीलरों को हिदायत करते हुए कहा राशन धोती साड़ी जैसी योजना में अनियमितता कदापि बर्दाश्त नहीं करेंगे जो इनके हकदार हैं उन्हें योजना की लाभ मिले।

आदिवासी एकता परिषद द्वारा यूसीसी के खिलाफ अनुमंडल कार्यालय बुंडू के समक्ष किया गया धरना प्रदर्शन

बंडू(प्रभात मंत्र संवाददाता): राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद द्वारा (यू.सी.सी.) समान नागरिक संहिता के खिलाफ अनुमंडल कार्यालय बुण्डू के समक्ष एकदिवसीय धरना देकर आदिवासियों ने विरोध प्रदर्शन कर अनुमंडल पदाधिकारी बुण्डू के नाम ज्ञापन सौंपा।धरना में उपस्थित समाज के लोगों को संबोधित करते हुए बिरसा उलगुलान मोर्चा के अध्यक्षा एवं क्षेत्र के क्रांतिकारी महिला नेत्री दमयंती मुण्डा ने कहा युसीसी के लागू होने से देश में आदिवासियों का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा क्योंकि आदिवासियों को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 13(3)क के रूढ़ीप्रथा के तहत समाजिक स्वशासन व्यवस्था, प्रशासन और इसका नियंत्रण का संवैधानिक उपबंध है। आदिवासी समुदाय के क्षेत्र में रूढ़ीप्रथा एक स्थानीय विधि है जो संवैधानिक है। यूसीसी एक जुडिशियल कानून है जिससे आदिवासी समुदाय संचालित नहीं हो सकता है आदिवासी समुदाय नन -जुडिशियल कानून से संचालित होता है। जो पांचवीं और छठी अनुसूची में आता है। यूसीसी के लागू होने से आदिवासियों के सारे समाजिक व्यवस्था ध्वस्त हो जाएगी ऐसे में अपनी अस्तित्व बचाने के लिए हमें जो भी आंदोलनात्मक कार्य करना पड़े पीछे नहीं हटेंगे।

उपायुक्त के द्वारा समाहरणालय परिसर में किया गया पौधा रोपण

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : उपायुक्त नैंसी सहाय द्वारा समाहरणालय परिसर में पौधारोपण किया गया। पर्यावरण प्रेमियो के संगठन मेरी धरती, मेरी जिम्मेदारी समूह के सौजन्य से समाहरणालय परिसर में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ, सनातन संस्कृति से वृक्षारोपण किया।इस दौरान उपायुक्त ने कहा पूरी सृष्टि प्रकृति और पर्यावरण पर निर्भर है जिस हवा,पानी,खाद की जरूरत होती है वह प्रकृति की देन है। इनके बिना सृष्टि और किसी जीव की कल्पना भी नहीं की जा सकती।इस अवसर पर उन्होंने नये समाहरणालय परिसर में कल्पतरु के पौधे लगाकर आम जनों को प्रकृति के प्रति प्रेम और उनके प्रति सुरक्षा रवैया

अपनाने की अपील की।साथ ही उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण जैसे छोटे लेकिन महत्वपूर्ण प्रयासों से हम पर्यावरण संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका सकते हैं। अगर प्रकृति सुरक्षित होगी तो मानव जीवन भी सुरक्षित होगा। इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीना तथा वित्त विभाग पदाधिकारी उज्जवल कुमार चौरसिया ने मौलश्री के पौधे लगाए।गौरतलब है कि जुलाई माह में मेरी धरती, मेरी जिम्मेदारी प्राकृतिक प्रेमी समूह के सौजन्य से समाहरणालय परिसर में अब तक कुल 62 पौधारोपण किया गया। जिसमें बरगद, कदम, मौलश्री, कल्पतरु, नीम, करंज, कटहल, आम, बेल, पुत्रजीवा, चन्दन, चलता, पीपल आदि के पौधे पुलिस अधीक्षक, उपविकास आयुक्त, एवं अन्य पदाधिकारियों के द्वारा लगाए गए हैं। प्रकृति प्रेमी डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि सभी पौधों का ट्री गार्ड के माध्यम से पौधों की सुरक्षा की जाएगी। साल के 365 दिन समूह के द्वारा पौधों की देखभाल भी की जायेगी। उन्होंने बताया कि, आजादी के अमृत महोत्सव में जनसहयोग से 265 पौधे लगाए गए हैं।

ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों ने उपायुक्त से की शिष्टाचार मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे शिक्षा के साथ खेल के प्रति जागरूक होते नजर आ रहे हैं। खेल के हर क्षेत्र में बच्चे हजारीबाग का नाम रोशन कर रहे हैं बच्चों को कोई तकलीफ ना हो इसके लिए हजारीबाग ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों ने मंगलवार को उपायुक्त नैंसी सहाय से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उपायुक्त नैंसी सहाय को पौधा भेंट किया गया। साथ ही समस्त पदाधिकारियों ने उपायुक्त के समक्ष ज्ञापन सौंपा है। जिसमें खेल को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न बातें रखी गई है। उपायुक्त से संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने वार्तालाप के दौरान कहा कि हजारीबाग के बच्चे खेल के प्रति जागरूक हो रहे हैं, हजारीबाग में खेल को बढ़ावा देना होगा। बच्चों को विभिन्न सुख-सुविधाओं से परिपूर्ण करना होगा साथ ही बच्चों के प्रति खेल की भावनाओं को देखते हुए हर्ष अजमेरा ने उपायुक्त के समक्ष नया स्पोर्ट्स कंपलेक्स का निर्माण कराने की बात को रखा। साथ ही श्री अजमेरा सहित तमाम पदाधिकारियों ने उपायुक्त के समक्ष खेल को बढ़ावा देने तथा बच्चों को हर सुख सुविधाएं उपलब्ध हो जैसी विभिन्न बातों से उन्हें अवगत करवाया। उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि बच्चों को हर संभव मदद किया जाएगा। नया स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लिए 10 करोड़ की लागत से भवन तैयार किया जाएगा जिसका फाइल रांची चला गया है। हम सब बच्चों के साथ हमेशा खड़े हैं।मौके पर संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने उपायुक्त नैंसी सहाय का आभार जताते हुए कहा कि खेल को आगे बढ़ाना ही हम सभी का लक्ष्य हैं।

अंजुमन मोहिबान उर्दू झारखंड की बैठक में तीन महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा हुई

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : अंजुमन मोहिबान उर्दू की चौथी बैठक शहर के चिशतिया मुहल्ला स्थित पत्रकार अनवर फिदवी के मकान पर हुई। इस बैठक की अध्यक्षता स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सेवानिवृत्त जीएम फजल अली खान ने की। बैठक में उर्दू के मसले से संबंधित महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर शिक्षक डॉ चांद निज़ामी अपने सम्बोधन में कहा कि माध्यमिक शिक्षा निदेशालय झारखंड सरकार के संकल्प संख्या 1833/6/7/2023 द्वारा स्कूलों को अपग्रेड किया गया है जिनकी संख्या 189 है। इस संकल्प के माध्यम से उर्दू के साथ स्थानीय और जनजातिय भाषाएँ साथ ही फारसी, अरबी और संस्कृत को भी शामिल किया गया है, छात्रों की संख्या के आधार पर इन सभी भाषाओं के लिए एक ही शिक्षक नियुक्त किया जाएगा। जाहिर है कि उर्दू भाषा के विधार्थीयों की संख्या को देखते हुए निश्चय ही गैर उर्दू भाषी शिक्षक नियुक्त किए जाएंगे जिस से उर्दू के पठन-पाठन पर कुप्रभाव पड़ेगा और इस भाषा के छात्र कालांतर में निश्चित रूप से उर्दू शिक्षा से वंचित रह जाएंगे। यही हाल प्लस टू स्कूलों का है, इन स्कूलों में भी उर्दू शिक्षकों की बहाली का कोई प्रावधान नहीं किया गया है। स्पष्टत- इन स्कूलों में भी उर्दू शिक्षा बाधित हो जाएगी। जिसका आगमी प्रभाव उर्दू के उच्च शिक्षा पर निश्चय ही पड़ेगा। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ जैन रामिश ने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले कई वर्षों से झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने आलिम और फाजिल की परीक्षा लेने से गुरेज किया है। यह परीक्षा विश्वविद्यालय स्तर पर होनी थी परंतु अभी तक इसके लिए सरकारी स्तर पर कोई सुदृढ़ व्यवस्था नहीं की गई है। इसी क्रम में डॉ. जफरुल्लाह सादिक ने कहा वर्तमान परिस्थिति में आलिम और फाजिल के छात्रों के नुकसान की भरपाई कैसे की जा सकती है। इससे साफ है कि सरकार उर्दू की तरह मदरसा शिक्षा को भी चरणबद्ध तरीके से खत्म करना चाहती है। उन्होंने बताया कि उर्दू के साथ साथ मदरसों की उत्थान के लिए झामुमो के चुनावी घोषणापत्र में भी उल्लेख किया गया है जिसका पालन करने में सरकार विफल साबित हो रही है। सेवानिवृत्त उपश्रमायुक्त शाहनवाज अहमद खान ने टिप्पणी करते हुए कहा कि इस संदर्भ में जागरूकता भी एक अहम मुद्दा है। दरअसल उर्दू प्रेमियों को अभी भी अनुभव नहीं हो रहा है कि उर्दू के साथ किस किस स्तर पर चरणबद्ध तरीके से नाइंसाफी हो रही है। यह सर्वविदित है कि राज्य सरकार द्वारा उर्दू को दूसरी राजभाषा का दर्जा प्राप्त है। इसलिए हिंदी के साथ-साथ उर्दू भी एक अनिवार्य भाषा होनी चाहिए। इस संबंध में राजनीतिक दलों व प्रगतिशील शिक्षाविदों को आगे बढ़कर सीधे मुख्यमंत्री से बात करनी चाहिए। अन्यथा उर्दू गुमनाम होकर रह जाएगी। बैठक में आम राय बनी कि एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उर्दू के तमाम मसलों पर बातचीत करने की शुरुआत करें। पत्रकार अनवर फदवी ने कहा कि अन्य उर्दू प्रेमी संगठनों को भी साथ लेकर चलना चाहिए।

स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत पतरातू प्रखंड में दूसरा 15 दिवसीय शिविर

14 से अब तक 237 बच्चों की हुई कुपोषण स्क्रीनिंग

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ़ जिला अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के कुपोषित बच्चों के पोषण स्थिति में सुधार के मद्देनजर जिला प्रशासन रामगढ़ की पहल के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत दूसरा 15 दिवसीय शिविर का आयोजन पतरातू प्रखंड के कोतो एवं पालू पंचायत क्षेत्र में किया जा रहा है। इस दौरान अंबाटोला, दाड़ीडीह, रोचाप दोकाटांड, रोचाप ऊपर टोला एवं रोचाप मुस्लिम टोला क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों को कवर करते हैं हुए क्षेत्र में रहने वाले बच्चों के कुपोषण जांच के लिए 14 जुलाई से 17 जुलाई तक स्क्रीनिंग का कार्य किया जा रहा है जिसके उपरांत 19 जुलाई से 2 अगस्त तक कुपोषित बच्चों के उपचार का कार्य किया जाएगा।शिविर के तहत अब तक 237 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई है वही 85 बच्चों को कुपोषित पाया गया है। शिविर के दौरान गंभीर रूप से कुपोषित होने की पहचान होने के उपरांत 3 बच्चों को नजदिकी एमटीसी केंद्र में उपचार हेतु भेजा गया है। गौरतलब हो कि शिविर के तहत जिन बच्चों को कुपोषित पाया गया है उनके उपचार हेतु 19 जुलाई से 2 अगस्त तक कार्य किया जाएगा।स्वास्थ्य समृद्धि वाहन की विशेषताएं।विस्तृत कवरेज़ एक चालित वाहन से दो या दो से अधिक जगहों पर पोषण शिविर संचालित होगा। समय और धन बचाने के उद्देश्य से निर्मित इस चालित वाहन से 30 मिनट के अंतराल पर भोजन एवं अन्य सामाग्री दो या दो अधिक शिविर स्थान पर पहुचई जा सकेगी। भंडार कक्ष यह वाहन भंडार कक्ष का भी कार्य करेगी इसमे विभिन्न आकार की संद्रखें और दराज है जिसमे पोषण शिविर की समग्रियों का सुरक्षित भंडारण किया जाएगा। कार्य यह वाहन शिविर कर्मियों को सुदूर ग्रामीण क्षेत्र तक ले जाने मे सहयोग करेगी। केंद्रीय कृत निगरानी वाहन में लगे क्लाउड वेस्ड कैमरे द्वारा शिविर के प्रतेक गतिविधियों की निगरानी रखी जाएगी। लक्षित समूह उम्र के सापेक्ष में कम वजन वाले अति कुपोषित बच्चे एवं उनके अभिभावक अधिकतम 40 कुपोषित बच्चे प्रत्येक शिविर में लाभान्वित होंगे सेवाएं चलित कुपोषण उपचार वाहन द्वारा दो तरह की सुविधाएं दी जाएंगी। नियमित भोजन कुपोषित बच्चों को उम्र के हिसाब से उपायुक्त पौष्टिक भोजन दिन में तीन बार दिया जाएगा यह भोजन विशेषज्ञ की देखरेख में बनाया जाएगा। टेलीमेडिसिन यह मेडिकल वैन रोस्टर के अनुसार गांव- गांव जाएगी और कुपोषित बच्चों के साथ-साथ वयस्कों के लिए टेलीमेडिसिन पर काम करेगी।

कार्यालय नगरपंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)

अति अल्पकालीन

(द्वितीय) डाक बन्दोबस्ती आमंत्रण सूचना–03/2023

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत,डोमचाँच के अन्तर्गत एक वर्ष के लिए (दिनांक–अगस्त 2023 से– जुलाई 2023 तक के लिए) निम्न सैरातों की बन्दोबस्ती ई–प्रोक्यूमेंट कमिटि के अध्यक्ष की अध्यक्षता में 04:30 बजे उप विकास आयुक्त, कोडरमा के कार्यालय कक्ष में होगी। इच्छुक डाकधारी निर्धारित शर्त एंव समय के अनुसार दिनांक–25.07.2023 को उप विकास आयुक्त, कोडरमा के कार्यालय कक्ष में खुली डाक से बोली लगाने हेतु निर्धारित किया जाता है।

क्र0सं0	बन्दोबस्ती का नाम	सुरक्षित 2023–24 लिए	जमानत की राशि 10%	समय
1	सांस्कृतिक भवन	300000.00	30000.00	दिनांक–25.07.2023 को 4:30 बजे अपराह्न

बन्दोबस्ती की शर्त एंव विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को नगर पंचायत, डोमचाँच के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच

PR 302616 Urban Development (23-24)_D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
DRINKING WATER & SANITATION MECHANICAL URBAN DIVISION, RANCHI
Very Short e-Quotation No. 01/2023-24 (3rd Call)

P.R. No. 298110 & 30916 Drinking Water and Sanitation (23-24)D

Rates through e-Quotation has been invited for the items/materials uploaded in https://jharkhandtenders.gov.in for finalization & preparation of estimate for the construction work from reputed manufacturer/authorized dealer of Transformer (Kirloskar/ ABB/ Crompton Greaves/ Synergy make) having valid G.S.T.I.N. of materials. The rates confirming to items/ materials with specification shall be submitted online in the website https://jharkhandtenders.gov.in. Details of materials and its specification for the work of Supplying, installation, commissioning & testing of 33/11 KV, 5 MVA Power Distribution Transformer with other allied materials under D.W. & S. Mechanical Urban Division, Ranchi are available on the above e-Tender Portal. Terms & condition will be available in website and quote the rate of materials online upto 24.07.2023 at 13:00 hrs. The quotation will be opened on 25.07.2023 at 14:00 hrs. The quotation is invited to ascertain and assess the rate of materials at par with lowest market rate.

Address for Communication
Office of the Executive Engineer,
Drinking Water & Sanitation Mechanical
Urban Division, Ranchi,
H.E.C. High School Campus, Behind S.B.I. Hatia,
Dhurwa, Ranchi-834004
Email Id- dwsdmechurbanranchi@gmail.com

Executive Engineer,
D.W& S. Mechanical Urban Division,
Ranchi

PR 302588 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

Jhumri Telaiya Nagar Parishad, Near Bazar Samiti, Koderma Block,

Reference No.- ULB/NIT/JHUMRI-TELAIYA SEPTAGE/TENDER/1910/2023/ Date:- 18.07.2023

Tender Notice (4th Call) IMPORTANT INFORMATION

1	Name of Work	Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 30 m3/day at Jhumri Telaiya (Jharkhand) and Operation and Maintenance for 5 years
2	Estimated Cost (INR)	Construction Cost: ₹ 4,60,47,370 Operation & Maintenance Cost: ₹1,83,39,514 Total:- ₹ 6,43,86,884
3	Bid Security (INR)	₹6,44,000/- (Rupees Six Lakhs Forty Three Thousands Only)
4	Cost of Bid Document (INR)	₹ 10,000/- (Rupees Ten Thousand Only); non-refundable
5	Time of Completion	1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP
6	Date of e-publication of tender	26.07.2023, 17:00 Hrs
7	Document downloading start Date	26.07.2023, 17:00 Hrs
8	Start date for seeking clarification	26.07.2023, 17:00 Hrs
9	End date for seeking clarification	14.08.2023, 17:00 Hrs
10	Pre bid meeting date, Time & Venue	08.08.2023, 14:00 Hrs at Chamber of Office of Executive Officer, Nagar Parishad, Jhumri Telaiya Jharkhand – 825409
11	Bid submission end date	16.08.2023, 17:00 Hrs
12	Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document	18.08.2023, 17:00 Hrs
13	Bid opening date (online)	21.08.2023, 17:30 Hrs

Complete bid document is available on website http://Jharkhandtenders.gov.in Other details can be seen in the bidding documents.
*Bid security 1% of Bid amount.

Sd/-
Administrator
Jhumri telaiya Nagar Parishad.

PR 302628 Urban Development(23-24)#D

कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू

शुद्धि पत्र
PR.no.-302452

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्र सं0 951/जि0अ0, दिनांक 11.07.2023 द्वारा ई–संख्या– DOPR/DE/ZP/Palmu 02/2023-24 ई–निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशित कराई गयी थी जिसमें वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 17.07.2023 तथा ई–निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय 25.07.2023 समय 5:00 बजे तक निधारित की गयी थी। अपरिहार्य कारणों से तिथि में संशोधन किया गया है जो निम्न प्रकार है–

1.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि– 20.07.2023
2.ई–निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि 28.07.2023 एवं समय 5:00 बजे तक।
3.जिला परिषद कार्यालय में अपलोड किये गये दस्तावेज जमा करने की तिथि 29.07.2023 एवं समय पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक।
4.निविदा खोलने की तिथि 31.07.2023 एवं समय पूर्वाह्न 11:00 बजे।

शेष शर्तें यथावत रहेगा।

ह0/–
जिला अभियंता,जिला परिषद, पलामू

PR 302585 (District)23-24*D

कार्यालय, झुमरीतिलैया नगर परिषद

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना सं0– J.M.C/ 06/2023-24 (2nd Call) Date – 18-07-2023

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (in Rupees)	अग्रधन की राशि (in Rupees)	निविदा शुल्क (in Rupees)	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	Construction of Ambedkar Market Complex Near Shubhas chowk In Ward No-18 Under Jhumritelaiya Nagar Parishad.	8425300.00	168600.00	10000.00	180 दिन

1 नगर विकास एवं आवास विभाग अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 25.07.2023 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 01.08.2023 अपराहन 5.00 बजे।
4. हार्ड कॉपी में निविदा प्राप्ति की तिथि एवं स्थान :02.08.2023 अपराहन 4.00 बजे। तिलैया थाना परिसर, झुमरीतिलैया
5 निविदा खोलने की तिथि : 03.08.2023 अपराहन 5.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 7903772765, 9693145111, 9798062988
7. अग्रधन की राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट ही केवल मान्य होगा।
विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

ह0/–
प्रशासक
झुमरीतिलैया, नगर परिषद

PR 302634 Urban Development(23-24)#D

कार्यालय जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, बोकारो

–: अत्यावश्यक सूचना :–

गृह रक्षक नव–नामांकन में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि :–

विज्ञापन सं0–01/2023 के तहत बोकारो जिले में होने वाले गृह रक्षक नव–नामांकन की शारीरिक एवं लिखित जाँच परीक्षा दिनांक– 20.07.2023 से निर्धारित थी। किन्तु मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम बोकारो इस्पात संयत्र प्रबंधन द्वारा 15 अगस्त 2023 (स्वतंत्रता दिवस) के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं झंडोत्तोलन हेतु उपयोग किया जा रहा है। इस कारण उक्त स्टेडियम की अनुपलब्धता एवं अन्य अपरिहार्य कारणें से शारीरिक एवं लिखित जाँच परीक्षा की आयोजन की तिथि को संशोधित करने का निर्णय लिया गया है।

अतः बोकारो जिला अन्तर्गत गृह रक्षकों की नव–नामांकन हेतु संशोधित परीक्षा कार्यक्रम की सूचना एवं अन्य विवरणी की सूचना यथाशीघ्र समाचार पत्रों के माध्यम से दी जायेगी।

ह0/–
समादेष्टा–सह–सदस्य सचिव
गृह रक्षक नव–नामांकन समिति, बोकारो

PR 302622 Home(23-24)#D

समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड सशस्त्र पुलिस–1, राँची

आवश्यक सूचना

झारखण्ड सशस्त्र पुलिस–1, राँची के रसोईया मो0 ईकबाल, पिता–मो0 रियाजउद्दीन, ग्राम–बनहा नवादा, पोस्ट–नवादा, थाना–कटकमदाग, जिला–हजारीबाग, झारखण्ड, पिन–825302 को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आपको दिनांक 19.10.2022 अप॰ से 24.10.2022 अप॰ तक 05(पाँच) दिनों का क्षतिपूर्ति अवकाश उपभोग हेतु छोड़ा गया था, तद्नुसार आपको दिनांक 25.10.2022 पूर्वा0 को अपने कार्य पर योगदान देना चाहिए था। परन्तु आप बिना सूचना एवं अनुमति के अनाधिकार रूप से अवकाश से पिछड़ रहे है। कार्यालय द्वारा 03(तीन) बार कार्य में योगदान देने हेतु आपके गृह पते पर निबंधित पत्र भेजे जाने के बावजूद भी आपने कार्य में योगदान नहीं देने एवं लम्बी अवधि से अवकाश से पिछड़ने के कारण आपको निलंम्बित करते हुए नियमानुसार आपके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संख्या–04/2023 प्रारंभ की गई। विभागीय कार्यवाही संचालन के दौरान भी आप उपस्थित नहीं हुए और न ही किसी प्रकार की सूचना उपलब्ध कराई। इतने अवसरों के पश्चात् भी आपके द्वारा कार्य में योगदान नहीं देने पर इस कार्यालय का ज्ञापांक 177/गो॰, दिनांक 09.06.2023 द्वारा पत्र निर्गत कर 15(पन्द्रह) दिनों के भीतर द्वितीय कारण पृच्छा समर्पित करने हेतु वाहिनी द्वारा विशेष दूत आपके गृह पते पर भेजा गया। आप के द्वारा स्वहस्ताक्षर कर पत्र को प्राप्त करने के बावजूद भी आप अभीतक कर्त्तव्य से लगातार अनुपस्थित है। पुनः एक अंतिम अवसर देते हुए आपको सर्वसाधारण के माध्यम से सूचित किया जाता है कि सूचना प्रकाशित होने की तिथि से 10(दस) दिनों के भीतर स–शरीर कार्यालय में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण समर्पित करें। यदि निर्धारित अवधि तक आप स्पष्टीकरण लेकर उपस्थित नहीं होते हैं तो यह समझा जाएगा कि आपको अपने बचाव में कुछ नहीं कहना है और आपके विरूद्ध अभिलेखित निर्णय ले लिया जाएगा।

ह0/–
समादेष्टा,
झारखण्ड सशस्त्र पुलिस–1, राँची।

PR.NO.302621 Police(23-24):D

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

पानी की समस्या को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): मंगलवार को हीरापुर, प्रेम नगर, वार्ड नंबर 27 के निवासियों ने पानी की समस्या के शीघ्र समाधान करने हेतु राजद ओबीसी विंग के प्रदेश महासचिव सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में धनबाद उपायुक्त संदीप सिंह से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। सत्येंद्र कुमार ने बताया कि प्रेम नगर के कई घरों में कनेक्शन तो है लेकिन पानी नहीं मिलता है जिससे पानी को लेकर प्रेम नगर के लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। उपायुक्त से इस संबंध में शीघ्र समाधान की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने में राजद एससी एसटी के जिलाध्यक्ष अमित प्रसाद, धनबाद राजद महासचिव रामाग्रह शर्मा, मिथिलेश कुमार और महेंद्र सिंह थे।

पीड़ित परिवार के साथ अभाविप का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिला

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पीड़ित परिवार के साथ मिलकर धनबाद उपायुक्त संदीप सिंह से जिला संयोजक नीरज निखिल ने कहा कि तेतुलमारी की घटना छात्रा बहन उषा कुमारी के साथ घटी वो निंदनीय है। पीड़ित परिवार को अभी तक ना ही राज्य सरकार के तरफ से मुआवजा और ना ही जिला प्रशासन द्वारा कोई सहयोग किया गया। साथ में उपायुक्त को को ज्ञात करवाते हुए कहा कि पीड़ित परिवार के घर में कोई भी नहीं है कमाने वाला। कुछ ही महीनों पहले उषा के पिता का देहांत हुआ था जो कैंसर के कारण मृत्यु हुई। जिसके चलते अभाविप जिला प्रशासन से मांग करता है कि पीड़ित परिवार को मुआवजा जल्द से जल्द दिया जाए।उपायुक्त ने पीड़ित परिवार को जिला प्रशासन द्वारा जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। साथ ही उषा के केस के बारे मे बताया कि अभी जांच चल रही है। इस संबंध में वो बीडीओ से बात कर केस डायरी देख कर ही कुछ बता पायेंगे। मौके पर धनबाद जिला संयोजक नीरज और कतरास नगर सह मंत्री शुभम हजारी थे।

असंगठित मजदूर ने फांसी लगा कर आत्महत्या की

झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के डिगवाडीह सिम्फ़र दुर्गा मंडप के पास रहने वाले असंगठित मजदूर 35 वर्षीय दीपंकर घोष ने मंगलवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। घटना के बाद लोगो ने पुलिस को सूचना दी। जोड़पोखर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। मृतक घर में अकेला रह रहा था। घटना कि सूचना मृतक की मां को दे दिया गया है। आसपास के लोगो ने बताया कि दीपंकर के लगातार शराब कि सेवन करने कि आदत से तंग आकर करीब दो वर्ष पहले उसकी पत्नी अपने एक बच्चे को लेकर मैके चली गई है। कई बार बुलाने पर भी पत्नी वापस नही आती थी। एक सप्ताह पहले दीपांकर ने साथ रह रही अपनी माँ को गांव भेज दिया है। सिम्फ़र में वह मनोज मिश्रा नामक ठेकेदार के अधीन सफाई कर्मी का काम करता था। एक महीना से ठीकेदार दीपंकर को कार्य से बैठा दिया था। पत्नी और बच्चा के वियोग में एवं काम से हटाए जाने को लेकर वह हमेशा मानसिक रूप से तनाव में रहता था। पुलिस उसकी माँ के आने का इंतजार कर रही है।

टाइगर जवान पर बेवजह टोटो चालक की पिटाई का लगा आरोप

झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): झरिया चार नंबर टेक्सी स्टैंड स्थित काली मंदिर प्रांगण में मंगलवार की दोपहर झारखंड ई रिक्शा टोटो संघ एक बैठक कर झरिया पुलिस व टाइगर जवान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बैठक मे मौजूद झरिया शहर मे चलने वाले टोटो चालकों ने झरिया पुलिस के टाइगर जवान पर मारपीट व बेवजह परेशान करने का आरोप लगाया। इस दौरान कई चालकों ने टाइगर जवान द्वारा पिटाई से हुए अपने जख्मों को दिखाया। टोटो चालकों ने बताया कि हम लोगों को झरिया पुलिस के टाइगर जवान के द्वारा हर रोज परेशान किया जा रहा है। टाइगर जवान हमे सड़कों पर देखते ही लाठी चार्ज कर देता है। आखिर हम गरीब लोगों का क्या कसूर है। क्या हमें दो वक्त की रोटी कमाने के लिए ऐसा परिणाम भुगतना पड़ेगा। झारखंड ई रिक्शा टोटो संघ के प्रदेश प्रवक्ता संतोष कुशवाहा ने कहा कि ई रिक्शा चालकों पर झरिया पुलिस के टाइगर जवान की यह दमनकारी नीति का विरोध करने के लिए आज सभी टोटो चालक एकत्रित हुए है। झरिया थाना प्रभारी को ज्ञापन देकर अपनी परेशानियों से अवगत कराएंगे। अगर हमारी परेशानियों का निराकरण नही निकला तो धनबाद पुलिस के वरीय अधिकारियों तक अपनी आवाज को पहुंचाएंगे।

झारखी के ग्रामीणों ने नल-जल योजना में पक्षपाती का लगाया आरोप

बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड अंतर्गत बारादीह पंचायत के ग्राम झरखी के ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नल जल योजना में पक्षपाती का आरोप लगाते हुए सांसद अन्नपूर्णा देवी को एक पत्र लिखा है। इस बीच ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि एक ओर जहां सभी गांव में नल जल योजना से जल मिल रही है और जहां जहां नहीं मिल रहा है वहां कार्य चल रहा है जबकि हमारे गांव झरखी के वर्मा टोला में लगभग 80 घर है जहां प्रधानमंत्री नल जल योजना मात्र एक सपना बनकर रह गया है क्योंकि यहां पर जे ई के द्वारा 1 साल पूर्व ही सर्वे करके 2 पॉइंट में चला गया था और यहां के ठेकेदार और मुखिया के मिलीभगत के कारण यहां बोरिंग का कार्य हुआ नहीं और इस क्षेत्र को सूखाग्रस्त घोषित कर दिया गया है। जबकि झरखी गांव में पानी का जलस्तर 15 से 20 फीट गहराई हीं है।

2024 लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ता तैयार रहें : दीप नारायण सिंह

महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता): यूथ फ़ोर्स प्रधान कार्यालय में जदयू का एकदिवसीय युवा नेतृत्व विकास विषय पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया । जिसका उद्घघाटन ज़िला अध्यक्ष पिंटू सिंह और प्रदेश महासचिव दीपनारायण सिंह ने संयुक्त रूप से किया । उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए ज़िला अध्यक्ष पिंटू सिंह ने कहा कि आज के दौर पर अपने हक़ - अधिकार के लिए लड़ना होगा और लोकतांत्रिक ढंग से लड़ाई लड़ने के लिए राजनीतिक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण की आवश्यकता है। इसी कड़ी में आज का युवा नेतृत्व विकास विषय पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। इस दौरान दीपनारायण सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकास करने के लिये प्रशिक्षित किया जा रहा है ।

मलमास मेला के अवसर पर पटना और राजगीर के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

हाजीपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): राजगीर में लगने वाले मलमास मेला के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु पटना और राजगीर के मध्य एक स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है । यह स्पेशल पटना और राजगीर के मध्य 19.07.2023 से 18.08.2023 तक प्रतिदिन चलायी जायेगी ।गाड़ी सं. 03250 पटना-राजगीर मलमास मेला स्पेशल दिनांक 19.07.2023 से 18.08.2023 तक प्रतिदिन पटना से 10.35 बजे खुलकर 10.48 बजे राजेन्द्रनगर, 10.56 बजे गुलजारबाग, 11.05 बजे पटना सिटी, 11.18 बजे बंकाघाट, 11.25 बजे फतुहा, 11.35 बजे खुसरुपुर, 11.44 बजे करौटा, 11.51 बजे टेकाबीघा, 12.01 बजे बख्तियारपुर, 12.16 बजे हरनौत, 12.27 बजे वेना, 12.42 बजे बिहारशरीफ, 12.51 बजे पावापुरी रोड, 13.00 बजे नालन्दा एवं 13.13 बजे सिलाव रुकते हुए 13.40 बजे राजगीर पहुंचेगी ।गाड़ी सं. 03249 राजगीर-पटना मलमास मेला स्पेशल दिनांक 19.07.2023 से 18.08.2023 तक प्रतिदिन राजगीर से 15.10 खुलकर 15.18 बजे सिलाव, 15.26 बजे नालन्दा, 15.36 बजे पावापुरी रोड 15.45 बजे बिहारशरीफ, 16.00 बजे वेना, 16.09 बजे हरनौत, 16.35 बजे बख्तियारपुर, 16.43 बजे टेकाबीघा, 16.51 बजे करौटा, 17.00 बजे खुसरुपुर, 17.12 बजे फतुहा, 17.21 बजे बंकाघाट, 17.30 बजे पटना सिटी, 17.38 बजे गुलजारबाग एवं 17.46 बजे राजेन्द्रनगर रुकते हुए 18.30 बजे पटना जं. पहुंचेगी ।इस मलमास मेला स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 07 कोच एवं साधारण श्रेणी के 07 कोच होंगे तथा यह पूर्णतः अनारक्षित स्पेशल के रूप में परिचालित की जायेगी ।

जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत

समस्याओं के निष्पादन हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जन की शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया।गोविंदपुर के खरनी ग्राम से आए राम गोराई ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की किस्त के भुगतान के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि दिनांक 25 फरवरी 2019 को उन्हें योजना के तहत प्रथम किस्त प्राप्त हुआ। इसके बाद अभी तक किस्त की राशि का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने उपायुक्त से बाकी सभी किस्तों की राशि भुगतान करने की मांग की। उपायुक्त ने इस मामले को संबंधित पदाधिकारी को अग्रसारित करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन के निर्देश दिए।कतरास थाना क्षेत्र के अंगारपथरा क्षेत्र से आए शक्ति रविदास ने राशन कार्ड निर्गत करने के संबंध में उपायुक्त को आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि वह और उनकी पत्नी दोनों ही दिव्यांग है और उनकी एक पुत्री भी है। उन्हें अपने परिवार के जीवन यापन के लिए राशन की आवश्यकता है और वह रोजगार करने में असमर्थ हैं। उन्होंने उपायुक्त से राशन कार्ड निर्गत करने की मांग की। उपायुक्त ने इस मामले को आपूर्ति पदाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए जल्द से जल्द राशन कार्ड निर्गत करने को निर्देशित किया।जनता दरबार में मुख्यतः शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, मुआवजा, पारिवारिक विवाद, सरकारी योजनाओं में अनियमितता से संबंधित आवेदन आए। उपायुक्त ने आए सभी आवेदनों को चिन्हित कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान होगा। इसके लिए अधाकिरियों को निर्देश दिया गया है।

सांसद और विधायक की उपस्थिति में हुआ शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

निरसा : पथ प्रमंडल धनबाद के अंतर्गत मुगमा से चिरकुंडा पथ जिसकी कुल लंबाई 7 किलोमीटर है और वर्किंग लेंथ 6.15 किलोमीटर कार्य का शिलान्यास धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह और निरसा विधायक अर्पणा सेनगुप्ता की गरिमामई उपस्थिति में संपन्न हुआ। वही इस कार्यक्रम के पूर्व काली मंडा में भाजपा युवा नेता शशिकांत दुबे की श्रद्धांजलि सभा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। वही इस कार्यक्रम के मौके पर धनबाद विधायक राज सिन्हा, बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, ज्ञान रंजन सिन्हा, जय प्रकाश सिंह, मन्नू तिवारी, डब्लू बाऊरी, जगन्नाथ सिंह, शंभू सिंह, डीएन पाठक, विजय सिंह रिंकू, मिथलेश साव, डीके पासवान, धीरज सिंह, अखिलेश तिवारी आदि गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के तहत मोदी की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाना ही लक्ष्य है : प्रो विनीता

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : भारतीय जनता पार्टी नगर इकाई की ओर से सोमवार को शहरी क्षेत्र में 9 साल बेमिसाल के तहत जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस आभियान को वार्ड नंबर 9 एवं 10 के अंतर्गत बरगंडा, महिला कालेज के पास,जे सी बोस स्कूल के पास आदि में गति दी गई। भाजपा के पूर्व मंत्री चंद्रमोहन प्रसाद, पार्टी की प्रदेश महामंत्री प्रोफेसर विनीता कुमारी और अजय पाठक के नेतृत्व में चलाएं गए जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत सभी दुकानों एवं घरों में जाकर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बताया गया साथ ही इन योजनाओं का लाभ किसे मिल रहा है इसे भी बताया गया। इस बाबत प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा प्रो.विनीता कुमारी ने बताया कि नौ साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण का रहा है। वर्ष 2024 में एक बार फिर से नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री पद पर आसीन कराने के लिए जनता जनार्दन के बीच जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान जनता से आह्वान करते हुए कहा गया की 9090 902024 नंबर डायल कर अपना समर्थन दे। चंद्रमोहन प्रसाद ने बताया कि 9 सालों में हर क्षेत्र में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में विकास हुआ है। जिसको हम सभी डोर टू डोर कार्यक्रम कर लोगों को जानकारी दे रहे हैं। इस अभियान में नगर अध्यक्ष हरमिंदर सिंह बग्गा, जिला महामंत्री संदीप दगैच,प्रकाश दास, संत कुमार लल्लू,सुरेश गुप्ता, मोतीलाल उपाध्याय,समीर दीप, संतोष गुप्ता, राजेन्द्र तर्वे,पंकज सिंहा,अशोक सिंह, ज्योतिष शर्मा प्रवीण कुमार सिन्हा, दिलीप राम,सुधीर सिंह,दशरथ नायक,शेखर सिंह,रौशन राणा,गौरव पाठक,आदित्य यादव,समेत कई भाजपाई कार्यकर्ता मौजूद थे।

उत्क्रमित मध्य विद्यालय में किया गया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

महुदा : बाघमारा प्रखंड अंतर्गत चारकीटाड उत्क्रमित मध्य विद्यालय में झाग्रावि ट्रस्ट के द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम मुख्य फील्ड मोबिलाइजर निजाम अंसारी एवं चंदा कुमारी के द्वारा विद्यालय के प्राचार्य शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राओं के साथ एक बैठक किया गया जिसमें बाल विवाह बाल तस्करी यौन शोषण एवं बाल मजदूरी के ऊपर बच्चों के बीच चर्चा की गई । फील्ड मोबिलाइजर निजाम अंसारी ने बाल विवाह के दुष्परिणाम की चर्चा की उन्होंने छात्र-छात्राओं को बाल विवाह होने के कुछ मुख्य कारण बताएं । इससे बचने के लिए छात्र- छात्राओं को उपाय के तौर पर अपने माता-पिता से दोस्ती करने का सलाह दी इससे सभी छात्र छात्राएं अपने पूरे दिनचर्या के बात अपने माता-पिता को बोल पाएंगे जिससे उन्हें सही मार्गदर्शन मिलेगा। मौके पर प्राचार्य इंदु कुमार पासवान शिक्षिका सुष्मिता कुमारी आरूषी कुमारी अनिता कुमारी छात्र-छात्राएं लक्ष्मी कुमारी अर्जुन कुमार राहुल कुमार मोहित कुमार सुजल पांडे कुणाल पांडे चंदन पांडे निताई पांडे दिनेश कर्मकार गुड्डू साव धर्मेंद्र राय गुड्डू सा प्रिंस कुमार पंकज कुमार विष्णु कुमार प्रेम कुमार सुमित कुमार मोहित कुमार प्रदीप कुमार अमित कुमार सोनाली कुमारी मनीषा कुमारी गायत्री कुमारी निशा कुमारी अंजू कुमारी उपस्थित थी।

पूर्व विधायक ने किया क्षेत्र का भ्रमण, जनता की सुनी समस्या

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेंगाबाद : भारतीय जनता पार्टी गांडेय विधानसभा पूर्व विधायक लक्ष्मण स्वर्णकार जी के नेतृत्व में क्षेत्र भ्रमण के क्रम में प्रेस को संबोधित करते हुए साथ में पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद वर्मा मंडल अध्यक्ष मितनारायण वर्मा ,ओ बी सी मोर्चा अध्यक्ष बाबू चंद साव, ओ बी सी मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता अर्जुन प्रसाद वर्मा इंद्र लाल वर्मा ,अरुण कुमार शर्मा, अकबर अंसारी सहित कई लोग उपस्थित रहे क्षेत्र भ्रमण के दौरान देखा गया कि बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के छोटकी खरगडीहा -बनहती रोड भाया ओझाडीह ,बेंगाबाद - लुप्पी रोड पारडीह- सहीयारी रोड ये सभी प्रमुख रोड की स्थिति काफी दयनीय है जहां सड़क में तालाब या तालाब में सड़क है कहा नहीं जा सकता साथ-साथ कई ऐसे ज्वलंत

राष्ट्रीय आदीवासी एकता परिषद के बैनर तले दिया गया धरना

प्रभात मंत्र संवाददाता

महुदा : बामसैफ के सम्बन्ध घटक जनसंगठन राष्ट्रीय आदीवासी एकता परिषद के बैनर पर मंगलवार को रणधीर वर्मा चौक धनबाद मे देश व्यापी आन्दोलन के तहत एक दिवसिय धरना दिया गया है । इस अवसर पर प्रस्तावीत यूसीसी कानुन को वापस लेने का माँग किया गया । तथा मध्य प्रदेश मे आदीवासी के उपर पैशाब करने वाले घटना की निन्दा करते हुए आरोपी पर कड़ी कार्रवाई करने की माँग किया गया । मौके पर राष्ट्रीय आदीवासी एकता परिषद के जिला प्रभारी राजीव मुर्मु, राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा के जिला अध्यक्ष अब्दुल हमीद अन्सारी, रामलखन मोदी, शाम्भु पासवान, अनिल कुमार, कामेश्वर साव, राजीव रंजन पासवान, सिदधु पासवान, आफताब शैख, आदी मौजुद थे।

राहुल गांधी का संदेश लिये व्यवसाई वर्ग के बीच पहुंचे राशिद

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : धनबाद जिला कांग्रेस पार्टी के द्वारा झारखंड प्रदेश कॉग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के आदेशानुसार भारत जोड़ों की बात आम जन के साथ कार्यक्रम के तहत शहर के बैंक मोड़ में व्यवसाई वर्गों से मिल कर कांग्रेस पार्टी का और राहुल गांधी का संदेश दिया और सभी को भारत जोड़ो यात्रा का हैंड बिल दिया। इस अभियान में जिला कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, राजेश्वर सिंह यादव, नवनीत नीरज, मंटू दास, प्रभात सुरोलिया, योगेंद्र योगी, दिनेश सिंह, राम भगत आदि लोग शमिल थे।

चार महीने से अंधेरे में हैं जमुआ का जीतोडीह गांव

सप्ताह भर में ट्रांसफार्मर नहीं लगा तो आन्दोलन : आप

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : गिरिडीह ज़िले के जमुआ प्रखंड के नावाडीह पंचायत के ग्राम जीतोडीह में ट्रांसफार्मर जलने में 4 महीना हो चुका है और आज तक ट्रांसफार्मर नहीं लगा । ये कहना है जीतोडीह के ग्रामीणों का । सोमवार को विधुत विभाग जमुआ में ग्रामीणों ने कनीय अभियंता और सहायक अभियंता को पुनः एक आवेदन देकर ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि हम ग्रामीणों ने पूर्व में भी कई बार विभाग को इसकी लिखित और मौखिक जानकारी दी है लेकिन आज तक ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया। विदित हो कि फरवरी 2023 में भी गांव का ट्रांसफार्मर जला था जब विभाग को बताया गया तो एक पुराना ट्रांसफार्मर लाकर लगा दिया गया। वह पुराना ट्रांसफार्मर 15 दिन भी नहीं चला और ट्रांसफार्मर फिर से जल गया तब से आज तक सभी ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं । ग्रामीणों ने कहा कि बिजली नहीं रहने से हमारे गांव के बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है । गृहणियों को रात में भोजन बनाने में परेशानी हो रही है। किसानों को खेती बाड़ी करने में परेशानी हो रही है । इसलिए जल्द से जल्द जीतोडीह ट्रांसफार्मर लगाया जाए। मौके पर जोधो हजाम, भुनेश्वर शर्मा, नीलू शर्मा, चेतलाल शर्मा, अजय शर्मा, सरयू महतो ,अनीता देवी, बिरजू वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, तुलसी महतो, मनोज वर्मा, पूनम देवी, प्रमिला देवी, पवन कुमार निरंजन महतो, मुकेश कुमार वर्मा, शिव शंकर महतो सहित कई लोग मौजूद थे।इधर आम आदमी पार्टी ने इसे गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों से जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।

आदीवासी समाज के प्रति भाजपा का असली मंसा उजागर हो गया : हलधर महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : मासस जिला कमिटी के बैनर पर मंगलवार को रणधीर वर्मा चौक धनबाद मे मध्य प्रदेश पैशाब काण्ड को लेकर एक दिवसीय धरना दिया गया । इस अवसर पर मासस के केन्द्रीय महासचिव कॉ0 हलधर महतो ने कहा की मध्य प्रदेश मे भाजपा नेता के द्वारा आदिवासी के उपर पैशाब करना घोर अपराध है, इससे आदिवासी समाज के प्रति भाजपा का असली मंसा उजागर हो गया । इसके बाद भी अपने आप को आदीवासी का नेता कहलाने वाले, और इस जघन्य घटना पर मौन धारन करने वाले नेता मिरजाफर का काम कर रहा है । ऐसे नेताओं को बेनकाब करने की जरूरत है । उन्होने खुले तोर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मारण्डी को आदिवासीयों का मिरजाफर कहा । और उक्त घटना का कड़ी निन्दा करते हुए आरोपी पर कड़ी कार्रवाई करने की माँग किया । मौके पर जिला अध्यक्ष बिन्दा पासवान, सचिव दिलिप कुमार महतो, दिलमोहम्मद अन्सारी, रहीम शैख, याकुब अन्सारी, अजय कुमार महतो, नरेश पासवान, राजेश बिरवा, ठाकुर महतो, राणा चटराज, विजय पासवान, मुक्तेश्वर महतो, भकतु प्रसाद महतो, बुटन सिंह, मो0 अख्तर, आदी दर्जनों महिला पुरूष मौजुद थे।

किसान मंच ने किया का गिरिडीह में पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : दीपक गोस्वामी के साथ हुए छिनतई के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने हेतू उसकी मां बोबी देवी द्वारा स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजे गए पत्र (आवेदन) को भी पचंबा थाना प्रभारी द्वारा लेने से इंकार किए जाने के विरोध में किसान मंच के सदस्यों ने मंगलवार को तिसरी बार झंडा मैदान गिरिडीह में धरना दिया तथा स्पीड पोस्ट से भेजा गया चिट्ठी लेने से इंकार क्यों, पचंबा थाना प्रभारी जवाब दो, निकम्मा एसपी नहीं चलेगा आदि नारा लगाते हुए शहर में प्रदर्शन किया। धरना को संबोधित करते हुए किसान मंच के अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि गिरिडीह जिला के वर्तमान पुलिस अधीक्षक के कार्यकाल में थाना का परिभाषा ÷था÷ को ÷ना÷ और ÷ना÷ को ÷था÷ बनाकर अपराधियों को बचाना और निर्दोषों को फंसाना हो गया है। पहले थाना में पीड़ित व्यक्ति या सूचक से आवेदन लेकर रिसीविंग नहीं देना अथवा प्राथमिकी दर्ज नहीं करने का मामला प्रकाश में आता था लेकिन डाक से भेजे गए पत्र को भी थाना प्रभारी द्वारा लेने से इंकार कर देने के बारे में ना ही सुना था और ना ही देखा था। दीपक गोस्वामी के साथ छिनतई का वीडियो वायरल होने एवं सैकड़ों लोगों द्वारा एस पी को ज्ञापन देने तथा दो - दो बार पूर्व में भी प्रदर्शन होने के बाद भी पैसा कमाने के लालच में पुलिस निर्लज्ज होकर छिनतई करने वाले अपराधियों को बचा रही है और निर्दोष को जेल में सड़ा रही है। पीड़ित की मा बोबी देवी ने कहा कि सारे सबूत और लगातार आंदोलन के बाद भी एस पी साहेब द्वारा चुप्पी साधे जाने से यह साबित हो गया है कि जिस तरह पचंबा थाना प्रभारी ने अपराधियों के पास अपने जमीर को बेच दिया है उसी तरह एस पी साहब भी थाना प्रभारी के पास अपना जमीर बेच चुके हैं। इसलिए एस पी से भी अब न्याय का उम्मीद नहीं रह गया है। धरना प्रदर्शन के माध्यम से हमलोग एस पी साहेब को सिर्फ यह कहना चाहते हैं कि अब आप सीधे पुलिस वाले को ही छिनतई के काम में लगा दीजिए ताकि छिनतई का सौ फीसदी हिस्सा पुलिस वालों के पास ही रह जाय और पीड़ित व्यक्ति भी न्याय का आस लेकर आपके पास नहीं जाय। किसान मंच के सचिव विजय कुमार ने कहा कि एस पी साहेब नियम विरुद्ध तीन साल से भी अधिक समय से गिरिडीह जिला में जमे हुए हैं और अपराध को बढ़ावा दे रहे हैं। नेता भले ही चुप रहे पर उनके तबादले की मांग को लेकर पीड़ित जनता को आवाज उठाना ही होगा। किसान मंच के सदस्यों ने उक्त मामले का शिकायत डी आई जी से करने के लिए गुरुवार को हजारीबाग जाने का निर्णय लिया। आज के धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में अन्ना मुर्मू, गंगाधर यादव, देवचंद्र यादव , जोगेश्वर ठाकुर, दासो मुर्मू, नबी अंसारी, थांभी मंडल, सनातन तिवारी, संचित गुप्ता, गोने टुडू, बैजून मुर्मू, कुदरत अली, अब्दुल अंसारी, मुस्लिम अंसारी, आदि थे ।

जल संकट झेल रहे लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

झरिया : भागा बाजार अल्पसंख्यक बस्ती घनी आबादी वाला क्षेत्र है। जहां के नागरिकगण कई वर्षों से पानी के लिए तरसते आ रहे थे। पाइप तो बिछा है परंतु ना प्रेशर है और ना ही स्टॉप भेल। जिस कारण पानी दूसरे स्थानों में प्रवेश कर जाती है। नाराज लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। लोगों का कहना था कि विगत 20 वर्षों से आवेदन पर आवेदन भी जा रही थी परंतु इसे दरकिनार किया जा रहा था। अंत में झरिया के नए माडा एसडीओ मनोज कुमार सिंह ने ग्राम वासियों से बात करते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि वह 48 घंटे के अंदर में स्टॉप भाल्ब उपलब्ध करा कार्य को प्रगति में लाएंगे। क्षेत्र से जल की समस्या जल्द से जल्द दूर होगी।भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा झारखंड कार्यसमिति सदस्य सोना खान ने इस शुभ कार्य करने के लिए झरिया के एसडीओ मनोज कुमार सिंह को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
लोहरदगा/सिमडेगा
रांची, बुधवार, 19 जुलाई 2023 | पेज 11

जनता की जनआकांक्षाओं को पूरा करने के लिए रहता हूं हमेशा तत्पर : सुखदेव भगत

➲सुखदेव भगत ने नगजुआ स्टेशन में सासाराम रांची एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराव हेतु किया डीआरएम से वार्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : जिला के ग्राम नगजुआ बाजार टांड में इस क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा नगजुआ रेलवे स्टेशन में सासाराम रांची एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराव करने की मांग को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 20 गांव के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सुखदेव भगत तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में रेलवे पुलिस विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा की जनता की समस्याओं का निदान करना उनका दायित्व एवं कर्तव्य है तथा जनता के जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए वे सदैव प्रयासरत रहते हैं। श्री भगत ने कहा कि जब सासाराम रांची एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन प्रारंभ हुआ था तो उस समय नगजुआ स्टेशन में ट्रेन रुकती थी। कोरोना काल में रेलवे विभाग के द्वारा ट्रेन का परिचालन बंद कर दिया गया था बाद में जब ट्रेन का परिचालन प्रारंभ हुआ तो ट्रेन नगजुआ स्टेशन में नहीं रुकने लगी जो आज तक की यही स्थिति है। इस रेलवे स्टेशन में लगभग 40 गांव 3 जिला तथा 4 विधानसभा क्षेत्र के लोग ट्रेन से आवागमन करते हैं। सासाराम रांची एक्सप्रेस ट्रेन बंद हो जाने से व्यापक स्तर पर इस क्षेत्र के लोगों पर इसका प्रभाव पड़ा है जो इस क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय हुआ है। श्री भगत ने कहा कि वे जनता के साथ हैं उन्होंने जनता को विश्वास दिलाया कि सासाराम रांची एक्सप्रेस ट्रेन को नगजुआ स्टेशन में रुकवाने के लिए हर संभव सहायता करेंगे। इस दौरान श्री भगत ने मौके पर से ही रेलवे के डीआरएम प्रदीप गुप्ता से वार्ता कर यहां की समस्याओं से उन्हें अवगत कराते हुए शीघ्र नगजुआ स्टेशन में सासाराम रांची एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराव कराने की बात कहें। डीआरएम ने श्री भगत को इस संबंध में सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मौके पर ग्रामीणों ने श्री भगत को डीआरएम के नाम वाला आवेदन सौंपा ।श्री भगत ग्रामीणों के आवेदन को रांची में डीआरएम से मिलकर उन्हें सौंपेंगे। इस दौरान ग्रामीणों ने रेलवे स्टेशन जाने वाले पथ में पीसीसी निर्माण कराने की मांग भी श्री भगत से किए।

आम बागवानी का लक्ष्य को पूरा करें : बीडीओ

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : प्रखंड मख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा की अध्यक्षता में मनरेगा एव प्रधानमंत्री आवास योजना एव जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र की समीक्षा बैठक मंगलवार को सम्पन्न हुआ। मनरेगा के तहत आम बगवानी लगाया जा रहा है पौधा सफलाई के लिए जिला से निविदा निकाला जाएगा। पौधा लाभुक के खेत बागवानी स्थान तक पहुंच जाएगा तब तक बागबानी के घेरा बंदी कर पुरा करें। गढ़ा की खोदाई मिट्टी मिलाकर खाद को डाल कर रखे दीमक मार दवा दें। मेढबंदी और टीसीबी के कार्य में मनरेगा मजदूर को काम दें। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, बीपीओ निलेंद्र कुमार, महीपाल उरांव, आनंद कुमार सिंह, अंजू कुमारी, मनु कुमारी, सजीत कुमार, आदि उपस्थित थे।

महामहिम राष्ट्रपति के हाथों उपायुक्त व टीम ने प्राप्त किया सम्मान व प्रमाण-पत्र

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आज मंगलवार को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में 09 राज्यों के सचिवों और 68 जिला कलेक्टरों को उनकी टीम के साथ भूमि सम्मान-2023 प्रदान किया गया। इसमें लोहरदगा जिला की ओर से उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त समीरा एस और जिला पंचायती राज पदाधिकारी पवन कुमार ने यह सम्मान ग्रहण किया। सम्मान के रूप में प्लैटिनम ग्रेडिंग सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। जिला को यह सम्मान डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) में सौ फीसदी पूर्णता हासिल करने के लिए दिया गया है। लोहरदगा जिला समेत झारखण्ड राज्य के कुल नौ जिलों को यह सम्मान मिला है। यह कार्यक्रम आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित किया गया। विज्ञान भवन में आयोजितआज के कार्यक्रम में ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते,पंचायती राज के राज्यमंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल,भूमि संसाधन मंत्रालय के सचिव अजय तिर्की समेत सभी सम्मानित होनेवाले राज्यों के सचिव व डिप्टी कलेक्टर व टीम उपस्थित थे।

लोहरदगा जिला को अवॉर्ड मिलना जिले वासियों के लिए गर्व की बात : अफसर कुरैशी

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी अफसर कुरैशी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर लोहरदगा जिला को महामहिम राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू के हाथों राष्ट्रपति पुरस्कार मिलने पर जिले वासियों सहित उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं जिले की उनकी पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि लोहरदगा जिले को अवार्ड उपायुक्त तथा उनके पूरे टीम के दूरदर्शिता का परिणाम है उनके नेतृत्व में जिला लगातार विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में उपायुक्त तथा उनके पूरे टीम के नेतृत्व में जिला दिन दुगनी रात चौगुनी तरक्की करें यही हमारी कामना है।

बीडीओ ने मनरेगा व पीएम आवास योजना को लेकर पंचायत कर्मियों के साथ की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

भंडरा-लोहरदगा : जिले के भंडरा प्रखंड में मनरेगा व पीएम आवास योजना में तेजी लाने के उद्देश्य से मंगलवार को बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में पंचायत कर्मियों की बैठक हुई। जिसमें सभी पंचायत के पंचायत सचिव,रोजगार सेवक, जन सेवक शामिल हुए। मौके पर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि विकास योजना के क्रियान्वयन व गुणवत्तापूर्ण कार्य में पंचायत कर्मियों की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि भंडरा प्रखंड में मनरेगा योजना को प्रभावी बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को मनरेगा योजना में काम मुहैया कराएं। मनरेगा में काम मिलने से श्रमिक पलायन नहीं करेंगे। इनसे इन्हें आर्थिक रूप से मजबूती मिलेगी। साथ ही हड़ताल से वापस लौट चुकें जनसेवक को एक सप्ताह के अंदर सभी अपूर्ण पीएम आवास योजना को पूरा करने का निर्देश दिया है। तथा अपूर्ण पीएम आवास वाले पंचायत कर्मियों को समय से कार्य पूरा नहीं होने पर कार्रवाई करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि भंडरा प्रखंड में पीएम आवास योजना की स्थिति में सुधार की आवश्यकता है। इसके अलावे उन्होंने कनीय अभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि भंडरा प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं को कार्यानुसार एमबी बनाकर भुगतान कराना सुनिश्चित करें। मौके पर रउफ अंसारी, प्रभात भगत, नवप्रभात भगत, जितबहान उरांव, नित्यलेंद्र कुमार, अभिषेक किशोर सहित पंचायत कर्मी मौजूद थे।

पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण भविष्य की संजीवनी : आकाश इंदवार

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : प्रखण्ड के कोनमेरला पंचायत में वन विभाग की ओर से वन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य रूप से वन उप परिसर पदाधिकारी आकाश इंदवार एवं मनोज कुमार साहू सामाजिक वानिकी प्रक्षेत्र सिमडेगा एवं कोनमेरला पंचायत मुखिया अनीमा तथा वार्ड सदस्य मरियम तोपनो उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों एवं वन अधिकारियों द्वारा पौधारोपण किया गया एवं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप परिसर पदाधिकारी आकाश इंदवार ने कहा कि विभाग की ओर से प्रत्येक वर्ष के जून एवं जुलाई महीने में वन महोत्सव का आयोजन होता है जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाना है। पेड़ पौधों की कमी से जलवायु परिवर्तन एवं विभिन्न प्रकार की बीमारियों को उत्पन्न होते देखा जा रहा है जिसका सीधा असर मानव जाति एवं अन्य जीव पर पड़ रहा है। कोरोना काल जैसी महामारी में में हमने प्राणवायु ऑक्सीजन की कमी से कितने लोगों को मृत्यु के हवाले होते देखा है ऐसे में पर्यावरण संरक्षण बहुत जरूरी है इसलिए अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाकर पर्यावरण के साथ साथ आने वाली पीढ़ी को भी बचाया जा सकता है वहीं मुखिया ने भी पर्यावरण संरक्षण पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ पौधे हैं तो कल है एक पेड़ सौ पुत्र के समान है इसलिए अगर भविष्य को बचाना है तो पेड़ को बचाना होगा। मौके पर कई ग्रामीणों ने पौधारोपण कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

बीडीओ ठेठईटांगर ने कहा जेएसएलपीएस में चल रहे कार्य को जल्द करे पूर्ण

सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड सभागार ठेठईटांगर में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में जेएसएलपीएस चल रहे कार्यों एवं परियोजना को सभी प्रखंड के मुखिया, प्रमुख तथा जिला परिषद के समछः समन्वय स्थापित कर कार्य को पूर्ण करने को कहा। इसके अन्तर्गत छूटे हुए महिलाओ को सात में जोड़ना, LOKOS App में सभी समूह की महिलाओ को इंट्री करना, NRETP परियोजना में जैविक खेती एवं मधुपालन करने पर जोर दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के बीपीएम संदीप कुमार, बीपीओ संतोष कुमार एफटीसी प्रमोद कुमार, सीता भगत, मरियाणा गुड़िया, मोहित कुमार एवं अन्य कर्मी गण उपस्थित थे।

अपराध नियंत्रण को लेकर चलाया गया वाहन जांच अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : सेन्हा थाना के समीप गुमला लोहरदगा मुख्य पथ पर पुलिस अधीक्षक आर राजकुमार के निर्देश पर अपराध नियंत्रण को लेकर वाहन जांच अभियान चलाया गया। मौके पर सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा की वाहन में बस ट्रक छोटी बड़ी चार पहिया वाहन सहित मोटर साइकिल सवार का बैग,डिक्की और वाहन से सम्बंधित कागज का जांच किया गया। वही थाना प्रभारी ने मोटरसाइकिल चालको को अपने पास वाहन की कागजात रखने और हेलमेंट पहन कर वाहन चलाने का शख्त निर्देश दिया। साथ सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने पर जागरुक किया गया। उन्हनो ने कहा कि एस पी के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण को रोकने के लिऐ छोटी बड़ी वाहन और मोटर साइकि सवार का बैग, थैली, डिक्की आदि की जांच किया गया। वाहन की जांच के बाद सभी के बीच जागरुकता अभियान चलाते हुए कहा गया। की हेलमेंट पहन कर चलें और घर सुरक्षित लौटे आप देश के युवा हो देश के अच्छे नागरिक बने और समाज तथा घर को खुश रखें। दुर्घटना से बचे साथ ही कहा गया बिना कागजात व हेलमेट का वाहन चलाते पकड़े जाने पर अगले आदेश के बाद कानूनी करवाई किया जायेगा। मौके पर थाना प्रभारी अभिनव कुमार, ए एस आई विरेन्द्र बाखला पुलिस बल के साथ मौजूद थे।

जिला परिवहन पदाधिकारी ने चलाया डी.ए.वी. सिमडेगा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : जिला परिवहन पदाधिकारी ओम प्रकाश यादव के, निर्देशानुसार जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक अजीत कुमार रवि एवम नितेश कुमार के द्वारा डीएवी सिमडेगा में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया।जागरूकता अभियान के दौरान नितेश कुमार के द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना कितना खतरनाक हो सकता है, के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें और सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु परिवार एवं विद्यार्थियों को प्रेरित करें। जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने के लिए अपील किया। सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा मेनेजर अजित कुमार के द्वारा विद्यार्थियों को आए दिन हो रहे सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए सड़क दुर्घटनाओं से कैसे बचा जाए और दुसरों को बचाया जाये इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं को किस प्रकार कम किया जाए इस पर भी विद्यार्थियों से विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने बताया दुर्घटना में ज्यादातर मृत्यु एवं दुर्घटना बाइक से हो रही है, इससे पता चलता है कि बाइक के गतिसीमा से अधिक रफ्तार से वाहन चलाने और लापरवाही से वाहन चलाने के अतिरिक्त बिना हेलमेट/सीट बेल्ट आदि सुरक्षा उपकरण के इस्तेमाल के बिना गाड़ी ड्राइव करने से एवं अल्कोहल सेवन करने से तथा ट्रिपल राइड करने से दुर्घटना होती है, इसलिए बाइक एवं कार आदि वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट एवं सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करना अत्यंत ही आवश्यक है।साथ ही सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने उपस्थित विद्यार्थियों से अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग ना करें और ना ही किसी को करने दें, शराब पीकर वाहन न चलाएं एवं पीकर चलाने भी ना दें। उन्होंने बताया थोड़ी सी चूक सड़क दुर्घटना का कारण होती है। सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करने तथा करवाने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा ऐसी गलती न करें और कड़ा रुख अपना कर अपने परिवार को भी सुरक्षा का पाठ पढ़ाये। साथ ही उन्हें भविष्य में सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा इन सबको देखते हुए सभी तरह के नियमों का पालन नियमित रूप से किया जाएं तो भविष्य उज्जवल हो सकती है साथ ही Good samaritan के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया की सड़क हादसों में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचने वाले नेक नागरिक को सरकार द्वारा पुरस्कार एवम नेक नागरिक का प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से आईईटी सहायक नितेश कुमार, सड़क सुरक्षा प्रबंधक अजीत कुमार रवि एवं प्रिंसिपल समेत अन्य शिक्षक शामिल थे।

तालाब में डूबने से युवक की हुई मौत

केरसई(प्रभात मंत्र संवाददाता): केरसई थाना क्षेत्र के नोनगाड़ा में सिहांसन डुंगडुंग उम्र 28 वर्ष नामक युवक की नहाने के क्रम में तालाब में डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर सहायक थाना प्रभारी राजीव रंजन घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जा में लेते हुए मामला दर्ज करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया। सहायक थाना प्रभारी राजीव रंजन ने बताया की मृत युवक सिमडेगा खिजरी का था जो अपने रिलेशन के घर नोनगढ़ा में ही रह कर काम करता था।

एकल अभियान ग्राम संगठन का अध्यक्ष बने नवल किशोर अग्रवाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : एकल अभियान ग्राम संगठन की एक बैठक अग्रसेन भवन में अध्यक्ष नवल किशोर अग्रवाल की अध्यक्षता में भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई, बैठक पर मुख्य रूप से केंद्रीय ग्राम संगठन प्रमुख संजय साहू उपस्थित हुए। एकल अभियान लोहरदगा का कार्यकाल पूरा होने के उपरांत नए कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से सभी विभागों की घोषणा की गई,केंद्रीय ग्राम संगठन प्रमुख संजय साहू ने दीपक सर्राफ जी को संरक्षक के रूप में मनोनीत किया,एवं उन्हें कार्यसमिति की घोषणा करने को कहा,दीपक सर्राफ ने सर्वसम्मति से कार्यकारिणी की घोषणा की। संरक्षक के रूप में डॉ राजीव रंजन अग्रवाल एवं अवधेश मित्तल को रखा गया, पूर्व्से नवल किशोर अग्रवाल जी को अध्यक्ष मनोनीत किया गया, उपाध्यक्ष धनंजय प्रसाद अग्रवाल, सचिव निलेश कुमार गुप्ता, सहसचिव ओम प्रकाश गुप्ता व जय गोविंद प्रसाद,कोषाध्यक्ष किशोर कुमार बंका, प्राथमिक शिक्षा विभाग में-अध्यक्ष सत्येंद्र ठाकुर, उपाध्यक्ष नंदन गोयल, सचिव गोरखनाथ पांडे, चमरराम प्रजापति, आरोग्य योजना विभाग में-अध्यक्ष डॉ कुमुद अग्रवाल, सचिव सज्जल कुमार, ग्रामोत्थान योजना विभाग में-अध्यक्ष आनंद केसरी, सचिव अशोक घोष, श्रीहरिकथा प्रचार योजना विभाग में-अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, सचिव प्रमोद अग्रवाल एवं भीम साहू, युवा समिति विभाग में-अध्यक्ष नितिन सिंह, सचिव विवेक राज, सहसचिव अंकित कुमार एवं रथ योजना प्रभारी जय गोविंद प्रसाद जी को अतिरिक्त भार दिया गया, संजय साहू जी ने कहा एक लाख अस्सी हजार गांवों तक एकल अभियान ग्राम संगठन को स्थापित कर लोगों को शिक्षित बनाने का कार्य कर रही है और कहा की एक-एक ईट से महल बनता है,एक-एक पैसा जोड़कर धनवान और एक-एक अक्षर जोड़कर विद्वान बनते हैं,एकल अभियान बच्चों को गढ़ने का काम करता है जिससे बच्चों को अच्छे संस्कार मिल सके एवं वे अपने उचित-अनुचित समझ सके और अपना भविष्य बना सके, अध्यक्ष नवल किशोर अग्रवाल ने कहा कि एकल अभियान विदेशों पर भी अपना सेवा कार्य कर रही है,और हमें पुण्- अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है उसे मैं निष्ठा पूर्वक निभाते हुए संगठन को और ऊंचाइयों तक ले जाने का यथा संभव प्रयास करूंगा, धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष धनंजय प्रसाद अग्रवाल ने किया।

छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह की सफलता को लेकर लोहरदगा पहुंचे आलोक कुमार दुबे

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : पासवा प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे पहुंचे लोहरदगा 22 जुलाई को बी.एस.कॉलेज में छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह की सफलता को लेकर आज से तैयारियां जोरों पर प्रारंभ कर दी गई है।10 वीं एवं 12 वीं में सीबीएसई, आईसीएसई एवं जैक बोर्ड की परीक्षा में 70 प्रतिशत व उससे अधिक नम्बर लाने वाले बच्चों को पासवा द्वारा मेडल एवं सर्टिफिकेट से सम्मानित किया जाएगा, जबकि लोहरदगा जिला के टॉपर्स को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रिंसिपल एवं डायरेक्टर को भी सम्मानित किया जाएगा। इसके पूर्व छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह की सफलता को लेकर पासवा प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे आज सुबह 10 बजे लोहरदगा पहुंच गए और 22 जुलाई तक लोहरदगा में ही प्रवास करेंगे। प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे अपने सहयोगी पदाधिकारी राष्ट्रपति अवार्डी सुश्री फलक फातिमा, सोनाली कुमारी, दीपशिखा कुमारी के साथ लोहरदगा के कई स्कूलों का भ्रमण कर प्राचार्यों एवं बच्चों को प्रतिभा सम्मान समारोह में आने का निमंत्रण दिया।आलोक दूबे ने कहा 2 हजार से अधिक बच्चों को सम्मानित कर पासवा लोहरदगा में इतिहास रचेगा। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया लगातार बच्चों एवं अभिभावकों द्वारा जारी है। सम्मान समारोह को लेकर बच्चे काफी उत्साहित हैं। लोहरदगा जिला अध्यक्ष माजिद आलम अपने सहयोगी अमीन अंसारी, ज्ञानदीप सिंह, मनीषा तिर्की, भूषण कुमार, शमशाद आलम, जितेन्द्र सुमन, अमनदीप सिंह, मो इरशाद कार्यक्रम की सफलता को लेकर कूडू, कैरो, भंडरा क्षेत्रों में स्कूलों का दौरा किया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यरत हैं।

भाजपा नेता ने ग्रामीणों की बिजली समस्या को लेकर कार्यपालक् अभियंता सिमडेगा को सौंपा ज्ञापन

जलडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): भाजपा नेता सह पूर्व प्रत्याशी कोलेबिरा बिधनसभा छेत्र सुजान मुंडा कोलेबिरा, ठेठईटाँगर छेत्र भ्रमण के क्रम में बिजली से संबंधित ग्रामीणों से मिली ज्वलंत समस्याओं को लेकर कार्यपालक अभियन्ता विद्युत प्रमंडल सिमडेगा बिस्वेश्वर मरांडी से बिजली विभाग कार्यालय सिमडेगा में मिले और छेत्र में बिजली से संबंधित ग्रामीणों को हो रहे कई समस्याओं का समाधान हेतु लिखित आवेदन सौंपा, जिसमे मुख्य रूप से कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत शाहपुर पंचायत कोंजोगा गांव में तीन महीना से खराब 100 द्म1 का ट्रांसफार्मर बदलने और ठेठाई टांगर प्रखंड अंतर्गत तुकुपनी पंचायत के पंद्रीपनी धवाई पानी में तीन साल से खराब 25द्म1 का ट्रांसफार्मर के स्थान पर 63 का नया ट्रांसफर मर देने,स्न कलेंपु 14 पीस, रैबिट तार 720 मीटर 12 पोल उपलब्ध कराने हेतु शामिल है। कार्यपालक अभियंता निस्वेश्वर मरांडी ने 20 जुलाई को कोनजोगा ग्राम के लिए 100 केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का अस्वशान दिया और साथ ही साथ ठेठाई टांगर , तुकुपानी पंडरी पानी धवाई पानी के लिए भी 63 द्म1 का नया ट्रांसफार्मर, स्न कलेम्पु 14 पीस और रैबिट तार 12 पोल 720 मीटर तार एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने का अस्वाशान दिया। मौके पर कोलेबिरा सांसद प्रतिनिधि चिंतामणि कुमार,पंकज कुमार आदि साथ में उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

चलते चलते एक नजर

ओलंपियन मीराबाई चानू ने पीएम से मणिपुर में शांति बहाल करने का किया आग्रह

नई दिल्ली : स्टार भारतीय भारोत्तोलक और टोक्यो ओलंपिक रजत पदक विजेता सैखोम मीराबाई चानू ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मणिपुर में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने का आग्रह किया है।ट्विटर पर जारी एक वीडियो संदेश में 27 वर्षीय ओलंपियन ने कहा कि मणिपुर में जातीय संघर्ष के कारण कई खिलाड़ी प्रशिक्षण शिविरों में भाग नहीं ले सके और बच्चों की पढ़ाई भी काफी हद तक प्रभावित हो रही है।उन्होंने कहा, बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी जान गंवाई। कई लोगों के घर जला दिये गये,मेरे पास मणिपुर में भी घर हैं। अब मैं राज्य में नहीं हूं. मैं अब अमेरिका में हूं और विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के लिए खुद को तैयार कर रही हूं। शीर्ष एथलीट, जिन्हें पहले टोक्यो ओलंपिक में उनके प्रदर्शन के बाद मणिपुर सरकार द्वारा सहायक पुलिस अधीक्षक, खेल के रूप में नियुक्त किया गया था, ने कहा कि हालांकि वह अब मणिपुर में नहीं हैं, लेकिन राज्य के रोजमर्रा के मामलों को करीब से देख रही हैं।

भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को मिली अंतरिम जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों के संबंध में भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व असिस्टेंट सेक्रेटरी विनोद तोमर को अंतरिम जमानत दे दी है। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने ये आदेश दिया। बृजभूषण शरण सिंह ने आज ही कोर्ट में नियमित जमानत के लिए याचिका दायर की है, जिस पर कोर्ट 20 जुलाई को सुनवाई करेगा। इससे पहले 7 जुलाई को कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए बृजभूषण शरण सिंह और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व असिस्टेंट सेक्रेटरी विनोद तोमर को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया था। कोर्ट के समन के बाद आज दोनों आरोपित पेश हुए थे। दिल्ली पुलिस ने 15 जून को बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह बालिग महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में चार्जशीट दाखिल की है। राऊज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में भारतीय दंड संहिता की धारा 354, 354डी, 354ए और 506 (1) के तहत आरोप लगाए गए हैं। दिल्ली पुलिस ने चार्जशीट में भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व असिस्टेंट सेक्रेटरी विनोद तोमर को भी आरोपित किया है। महिला पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। उसके बाद दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। महिला पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह पर कार्रवाई की मांग करते हुए जंतर-मंतर पर धरना दिया था। हालांकि, बाद में इस धरने ने राजनीतिक रंग ले लिया था।

अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए गांवों को मजबूत करना महत्वपूर्ण है : हफीजुल हसन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया और एक्सआईएसएस, रांची ने इंडियन रूरल कोलोक्वि का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह राष्ट्रीय स्तर का आयोजन ग्रामीण विकास के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करने के लिए आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन 18 जुलाई 2023 को झारखंड के रांची में स्थित एक्साइसेस संस्थान के कैंपस में अंतर्राष्ट्रीय मंडेला दिवस के उपलक्ष्य पर किया गया है। इंडियन रूरल कोलोक्वि में राज्य सरकार के प्रतिनिधि, शासन के पदाधिकारी, शिक्षाविद, सीएसओ (सिविल सोसाइटी ऑर्गेनाइजेशन) प्रतिनिधि, कॉर्पोरेट जगत के प्रतिनिधि और छात्रों ने ग्रामीण नवजागरण के विषय पर केंद्रित व्यावहारिक चर्चाओं में भाग लिया है।

यह आयोजन ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने, नीति के लिए अधिक महत्व देने, निवेशों को प्रोत्साहित करने और गांवों में समानता और जीवनशक्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। इस वर्ष की चर्चा का मुख्य विषय आदर्श ग्रामीण विकास के लिए संवाद है, ग्रामीण पुनर्जागरण के महत्वपूर्ण मुद्दों के तहत, इस साल की सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समुदायों, स्थानीय विकासकर्ताओं और विचार-नेताओं की आवाजों को मजबूत करना था, जो अपने गांवों में की गई ।

मंत्री हाफिजुल हसन द्वारा दिए गए प्रमुख भाषण के साथ प्रारंभ हुआ, ग्रामीण विकास पर वार्तालाप के दौरान, हसन ने प्रमुख रूप से युवाओं के लिए राज्य में अवसर सृजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया, उन्हें रोजगार की तलाश में प्रवास करने की बजाय अपने राज्य में उपलब्ध संभावनाओं को तलाशने का आह्वान किया।

एयरपोर्ट पर एनआरआई महिला के पास से जिंदा कारतूस बरामद

रांची : मंगलवार को रांची एयरपोर्ट पर एक एनआरआई मूल की महिला यात्री के पास से जिंदा कारतूस मिलने से हड़कंप मच गई । जांच के दौरान जब सीआईएसएफ को जानकारी हुई तो उन्होंने तुरंत इसकी सूचना एयरपोर्ट थाना को दिया। पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को अपने साथ ले गई और उनसे पूछताछ की इस के बाद पुलिस ने महिला पर एफआईआर दर्ज करते हुए उसका पासपोर्ट जब्त कर लिया, लेकिन उसे पीआर बॉड पर यह कहते हुए छोड़ दिया गया है कि वह जल्द ही कोर्ट के समक्ष आत्मसमर्पण कर दें। थाना प्रभारी आनंद ने बताया कि महिला ने कही जमीन पर गिरा एक कारतूस को उठाकर अपने पास रख ली थी,उस कारतूस को भी जब्त कर लिया गया है।

कारगिल युद्ध में जीत के 24 साल पूरे होने का जश्न मनाएंगीं तीनों सेनाओं की महिलाएं

एजेंसी

नई दिल्ली। कारगिल युद्ध में पाकिस्तान पर जीत के 24 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए मंगलवार को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से कारगिल युद्ध स्मारक, द्रास तक नारी सशक्तिकरण महिला मोटरसाइकिल रैली शुरू हुई। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने तीनों सेनाओं की महिला मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। थल सेनाध्यक्ष ने ऐसी चुनौतीपूर्ण यात्रा करने के लिए पूरी टीम को सराहा, जो राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करती है। मोटरसाइकिल रैली की 25 सदस्यीय टीम में दो वीर नारी शामिल हैं, जिनमें से एक सेवारत अधिकारी है। इसके अलावा भारतीय सेना में 10 सेवारत महिला अधिकारी, भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना से एक-एक महिला अधिकारी, भारतीय सेना की तीन महिला सैनिक और आठ सशस्त्र अधिकारी हैं। महिलाओं की यह टीम कारगिल युद्ध में सशस्त्र बलों की निर्णायक जीत का जश्न मनाएगी और राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि देगी। यह रैली लगभग 1000 किलोमीटर की दूरी तय करके 25 जुलाई को द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पहुंचेगी। इस दौरान मोटरसाइकिल रैली हरियाणा, पंजाब के मैदानी इलाकों और जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के ऊंचे पहाड़ी दर्रों से गुजरेगी। अपनी यात्रा के दौरान टीम एनसीसी कैडेटों, विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों के छात्रों और वीर नारियों के साथ बातचीत करेगी। इस रैली के लिए भारतीय सेना ने टीवीएस मोटर कंपनी के साथ साझेदारी की है और प्रतिभागी टीवीएस रोनिन मोटरसाइकिल पर सवार होंगे। इस अवसर पर आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष अर्चना पांडे भी उपस्थित थीं। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर ध्वजारोहण के लिए टीवीएस मोटर कंपनी के प्रमुख व्यवसाय-प्रीमियम और अन्य प्रायोजकों सहित कई सैन्य और नागरिक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। रैली के सदस्यों को कार्यक्रम स्थल पर एकत्र हुए लोगों ने प्रेरित और उत्साहित किया।

निर्मला सीतारमण ने चीनी समकक्ष से की मुलाकात, अहम मुद्दों पर की चर्चा

एजेंसी

गांधीनगर : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चीन के अपने समकक्ष लियू कुन से मंगलवार को मुलाकात की और भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत किए जा सकने वाले कार्यों पर चर्चा की. दोनो नेताओं ने बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) को मजबूत करने तथा वैश्विक ऋण संबंधी समस्याओं से निपटने के तरीकों पर भी चर्चा की. जी20 के वित्त मंत्रियों व केंद्रीय बैंक गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की तीसरी बैठक से इतर यहां दोनों मंत्रियों ने यहां मुलाकात की और अपनी अर्थव्यवस्थाओं, मुद्रास्फीति, व्यापार की स्थिति पर चर्चा की तथा आर्थिक वृद्धि व विकास के लिए एक बेहतर कारोबारी वातावरण बनाने पर जोर दिया.वित्त मंत्रालय ने

ट्वीट किया कि मंत्री लियू कुन ने जी20 में भारत के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि अभी तक इसमें काफी कुछ हासिल किया गया है. मंत्रालय ने ट्वीट किया, जी20 में भारत की अध्यक्षता के तहत किए जाने वाले महत्वपूर्ण कार्यों पर बात की, जिसमें एमडीबी को मजबूत करना, वैश्विक ऋण संबंधी समस्याओं से निपटना और जीपीएफआई (वित्तीय समावेशन के लिए वैश्विक साझेदारी) शामिल हैं. मंत्री लियू कुन ने भारत की जी20 अध्यक्षता में एमडीबी को मजबूत करने के लिए जी20 स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह की भूमिका की भी सराहना की. मंत्रालय के अनुसार,केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान सतत वित्त कार्य-समूह के सह-अध्यक्ष के रूप में चीन के प्रयासों की भी सराहना की. एफएमसीबीजी की दो दिवसीय बैठक का आज आखिरी दिन है.

अर्जेंटीना से द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने पर बनी सहमति

एजेंसी

नई दिल्ली : चार दिनों की भारत यात्रा पर आये अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री जॉर्ज एनरिक तायाना के साथ मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने और रक्षा सहयोग को और ज्यादा मजबूत करने पर व्यावहारिक विचार-विमर्श किया। इससे पहले तायाना ने आज सुबह राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद नायकों को श्रद्धांजलि दी।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार भारत की चार दिवसीय यात्रा पर आए अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री जॉर्ज तायाना ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और शहीद नायकों को श्रद्धांजलि दी। तायाना चार दिनों की भारत यात्रा पर सोमवार को नई दिल्ली पहुंचे थे। उन्होंने आज दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से बातचीत की।अर्जेंटीनियाई रक्षा मंत्री के इस दौरे में भारत के साथ चौथी पीढ़ी के लड़ाकू विमान तेजस मार्क-1 ए और एलसीएच प्रचंड के लिए 8675 करोड़ रुपये का सौदा होने की भी संभावना है। इसीलिए यात्रा के दौरान उनका बेंगलुरु जाने का भी कार्यक्रम है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अर्जेंटीना के राष्ट्रपति फर्नांडीज ने 24 जून, 2022 को जर्मनी के म्यूनिख में जी-7 शिखर सम्मेलन के मौके पर अपनी पहली द्विपक्षीय बैठक की थी।

इसके बाद अर्जेंटीना ने 2022 में अपनी वायु सेना के लिए स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस में रुचि व्यक्त की थी। अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री और वायुसेना प्रमुख ने एयरो इंडिया-2023 में तेजस में उड़ान भरकर इस विमान को खरीदने की इच्छा जताई थी। सौदे की बात आगे बढ़ाते हुए इस जून की शुरुआत में अर्जेंटीना में भारतीय राजदूत दिनेश भाटिया ने अर्जेंटीना वायु सेना के प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल जेवियर इसाक से चर्चा की थी।

रक्षा मंत्री जॉर्ज तायाना के भारत पहुंचने पर सोमवार को अर्जेंटीना में भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया कि एचएएल की तकनीकी टीम से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में राजदूत दिनेश भाटिया के साथ अर्जेंटीना वायु सेना के प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल जेवियर इसाक होंगे, ताकि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) में निर्मित तेजस लड़ाकू विमानों और विभिन्न हेलिकॉप्टरों के बारे में चर्चा की जा सके।

हज यात्रा संपन्न, तीर्थयात्रियों का पहला जत्था पहुंचा श्रीनगर

श्रीनगर : हज यात्रा संपन्न होने के बाद तीर्थयात्रियों का पहला जत्था मंगलवार को श्रीनगर हवाई अड्डे पर पहुंचा।अधिकारियों ने बताया कि पहली उड़ानें सुबह हवाईअड्डे पर पहुंचनी शुरू हुईं जहां अधिकारियों ने तीर्थयात्रियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आज 630 तीर्थयात्री हज करके आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब से श्रीनगर के लिए हज उड़ानें 18 जुलाई से 2 अगस्त के बीच जारी रहेंगी। जम्मू-कश्मीर हज समिति के कार्यकारी अधिकारी शुजात अहमद कुरैशी ने कहा कि अधिकारियों ने हज उड़ानों के आगमन से संबंधित विभिन्न मुद्दों के संबंध में पहले ही व्यवस्था कर ली है।उल्लेखनीय है कि इस वर्ष 6,698 पुरुषों और 5,369 महिलाओं सहित लगभग 12,067 तीर्थयात्री पवित्र हज तीर्थयात्रा के लिए रवाना हुए थे। इसके अलावा इस साल बिना महरम के 111 महिलाओं ने भी हज किया।

नेपाल को भारत से मिलेंगे निर्माण क्षेत्रों में उपयोग के लिए विस्फोटक

एजेंसी

काठमांडू : नेपाल को जल्द ही निर्माण क्षेत्रों में उपयोग के लिए भारत से विस्फोटक मिलने वाला है। विस्फोटक लाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) देने के बाद भारत से विस्फोटक मिलेंगे।

नेपाली सेना के प्रवक्ता कृष्णा प्रसाद भंडारी ने कहा कि भारत से विस्फोटक लाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। उन्होंने हिन्दुस्थान समाचार को बताया, भारत से विस्फोटक लाने की प्रक्रिया लगभग अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। भारत द्वारा एनओसी नहीं दिए जाने पर नेपाल आने वाले विस्फोटकों के दुरुपयोग की आशंका जताते हुए आयात रोक दिया गया है।

फिलहाल चीन से विस्फोटकों का आयात किया जा रहा है, क्योंकि इससे नेपाल के निर्माण क्षेत्र पर असर पड़ेगा। सरकार द्वारा



विस्फोटकों के आयात की अनुमति के लिए आवेदन करने वाली निजी कंपनियों को मंजूरी दिए जाने के बाद चीन से विस्फोटकों का आयात किया जाने लगा। सैन्य प्रवक्ता भंडारी ने बताया कि नेपाली सेना से राय मांगी गई थी और सेना ने आयात की अनुमति के लिए अपनी राय दे दी है।फिलहाल चीन से सैकड़ों टन विस्फोटक आयात किया जा रहा है। उन विस्फोटकों का इस्तेमाल नेपाल में निर्माण कार्यों में जुटी चीनी कंपनियों और उनके द्वारा शुरू की गई निर्माण परियोजनाओं में किया जा रहा है। इनमें चीनी निवेश होंगक्सी सीमेंट भी शामिल है। हालांकि पहले नेपाल भारत से विस्फोटक आयात करता रहा है लेकिन इस समय यह चीन से आयात किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ को भूमि सम्मान से नवाजा गया

एजेंसी

रायपुर : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ को भूमि सम्मान से नवाजा गया। उसके साथ ही प्रदेश के दो जिलों सरगुजा और बेमेतरा को भी भूमि प्रबंधन और प्रशासन के लिए भूमि सम्मान प्लेटिनम सर्टिफिकेट से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि प्रदेश को भूमि प्रबंधन के लिए सम्मान मिलना पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है। उन्होंने प्रदेश के राजस्व विभाग और सरगुजा तथा बेमेतरा जिला प्रशासन को इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल इंडिया लैण्ड रिकार्ड मॉडर्नाईजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) अंतर्गत प्रदेश में बेहतर काम हुए है, जिससे आम लोगों को भूमि संबंधी जानकारियां मिलना आसान हुआ है।उल्लेखनीय है कि डिजिटल इंडिया लैण्ड रिकार्ड मॉडर्नाईजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) अंतर्गत प्रदेश में भूमि प्रबंधन से जुड़े 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुके हैं। इसी तरह भूमि प्रबंधन से जुड़े चार घटकों, लैण्ड रिकार्ड का डिजिटाइजेशन, पंजीयन कार्यालय से समन्वय, मॉडल रिकार्ड रूम की स्थापना में प्रदेश के सरगुजा और बेमेतरा जिले में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुके हैं। ये जिले भूमि प्रबंधन में देश के शीर्ष जिलों में शामिल हैं।नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में राज्य स्तर में नीलम नामदेव एक्का सचिव राजस्व विभाग, किरण कौशल महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक, रमेश शर्मा संचालक भू-अभिलेख ने राष्ट्रपति मुर्मू के हाथों लैंड गवर्नेंस और प्रशासन में छत्तीसगढ़ को मिला भूमि सम्मान ग्रहण किया। इसी प्रकार बेमेतरा कलेक्टर पीएस एल्मा और सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार ने राष्ट्रपति के हाथों भूमि सम्मान ग्रहण किया।

संत पॉल्स महाविद्यालय में इंटर की कक्षा 21 जुलाई से

रांची। चर्च रोड बहुबाजार स्थित संत पॉल्स महाविद्यालय रांची में सत्र 2023-2025 इंटरमीडिएट आर्टस, साइंस और वाणिज्य की कक्षाएँ 21 जुलाई से प्रारंभ होगी, इस दिन सभी छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय पोशाक में सुबह 8:30 बजे महाविद्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य है । पहले दिन महाविद्यालय परिवार की ओर से छात्र-छात्राओं का स्वागत किया जाएगा। साथ ही उन्हें महाविद्यालय के दिनचर्या, नियम-कानून, पढ़ायें जाने वाले पुस्तकों की सूची बताई जाएगी। साथ ही सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों से परिचय का आदान-प्रदान किया जाएगा। जिसमें महाविद्यालय में परिवार का वतावरण बनाया जा सके । महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर चलने वाले व्यावसायिक विषय बीबीए एवं बीसीए में नामांकन जारी है, साथ ही बीए, बीएससी एवं बीकॉम में नामांकन चासंलर पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा । उक्त जानकारी प्राचार्य डॉ अनुज कुमार तिग्गा संत पॉल्स कॉलेज रांची ने दी।

कारपोरेट खेती छोड़ो, भाजपा भगाओ, देश बचाओ : राजा राम

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। एटक कार्यालय रांची के सभागार में संयुक्त किसान मोर्चा के विस्तारित बैठक अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष गणेश महतो, अखिल भारतीय किसान महासभा के पूरण महतो, झारखंड राज्य किसान सभा के प्रफुल्ल लिंडा, किसान संग्राम समिति के शहीद अंसारी की अध्यक्षता में हुई ।

बैठक में मुख्य रूप से अखिल भारतीय किसान महासभा के महासचिव पूर्व विधायक राजाराम सिंह पूर्व विधायक राजकुमार यादव ,अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक महेंद्र पाठक ,किसान संग्राम समिति के सचिव राजेंद्र गोप, अखिल भारतीय किसान महासभा के हीरा गोप, बीएन सिंह, झारखंड राज्य किसान सभा के सचिव सुजीत सिन्हा , अध्यक्ष सुफल

महतो उपस्थित थे। संयुक्त किसान मोर्चा के केंद्रीय प्रभारी पूर्व विधायक के राजा राम सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश में 2024 में होने वाले आम चुनाव में भाजपा भगाओ देश बचाओ कारपोरेट भगाओ खेती बचाओ के तहत संयुक्त किसान मोर्चा ने बड़ी लड़ाई की योजना बनाई है । 9 अगस्त को अगस्त क्रांति दिवस एवं विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सभी जिलों में कारपोरेट खेती छोड़ो ,भाजपा भगाओ देश बचाओ के नारे के साथ धरना प्रदर्शन जुलूस आमसभा नुक्कड़ सभा पूरे देश में आयोजित की जाएगी।

24 अगस्त को दिल्ली की ताल कोटरा स्टेडियम में संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित की गई है । अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि राज्य में अदानी जैसे कारपोरेट घराने की कब्जा किसानों की जमीन पर हो रहा है। सचिव राजेंद्र गोप ने कहा कि देश में लोकतंत्र एवं संविधान खतरे में है जिस तरह से केंद्र की मोदी सरकार सांप्रदायिक उन्माद फैला रही है। उसी के नाम पर वोट एकत्रित करने की कोशिश कर रही है।

उसे 2024 में देश की जनता बेदखल करेगी ।बैठक में अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव महेंद्र पाठक ,उपाध्यक्ष गणेश महतो, अजय कुमार सिंह, धर्मवीर सिंह ,अविनाश घनेनाथ चौधरी ,सुफल महतो ,सुजीत सिन्हा, प्रफुल्ल लिंडा, बीएन सिंह हीरा गोप ,नेमन यादव ,वीरेंद्र कुमार, सुखनाथ लोहरा ,पूरण महतो, शहीद अंसारी ,सुशांत मुखर्जी ,कविता देवी, राजकुमार यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।